RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 281
फरीदाबाद, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




रोहित को आईसीसी टीम की कमान
पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 65655 | ▼ | 139.58 |
| निफ्टी | 19694 | ▼ | 37.80 |
| सोना | 60700 | ▼ | 13 /10 gm |
| चांदी | 72820 | ▼ | 320 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 27.00°C
न्यूनतम 13.00°C

# राजस्थान चुनाव से पांच दिन पहले दुष्कर्मी राम रहीम को फिर पैरोल

## 21 दिन की पैरोल मिली, 30 महीने में आठवीं बार बाहर आएगा

### पैरोल के दौरान यूपी के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने रोहतक की सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फिर से 21 दिन की पैरोल दे दी है। अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता मुजरिम राम रहीम को 30 महीने में 8वीं बार पैरोल मिली है। राम रहीम को दो साध्वियों के यौन शोषण से जुड़े केस में 10-10 साल और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति व डेरा सच्चा सौदा के मैनेजर रणजीत सिंह की हत्या से जुड़े मामलों में उम्रकैद की सजा हो चुकी है। साध्वियों के यौन शोषण से जुड़े केस में हुई सजा अलग-अलग चलेगी यानि राम रहीम को इस केस में कुल 20 साल की सजा काटनी होगी। राम रहीम इस बार भी अपनी पैरोल के दौरान यूपी के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में रहेगा। इससे पहले इसी साल राम रहीम को तीन बार पैरोल मिल चुकी है। पैरोल खत्म होने के बाद उसकी ओर से फरलो की अर्जी लगाई गई, जिसे मंजूर कर लिया गया। राम रहीम को इस बार राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को होने वाली वोटिंग से पांच दिन पहले पैरोल मिली है। राम रहीम राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के गुरुसर मोडिया का रहने वाला है। वहां गांव में उसका बड़ा आश्रम बना हुआ है। राजस्थान के हरियाणा बॉर्डर से लगते श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू और दूसरे कई जिलों में राम रहीम के अनुयायियों की अच्छी-खासी संख्या है। इन इलाकों में राम रहीम के डेरे सच्चा सौदा से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं। इससे पहले भी पंजाब के विधानसभा चुनाव और हरियाणा में आदमपुर-ऐलनाबाद के विस उपचुनाव और नगरीय निकाय चुनाव से पहले राम रहीम को पैरोल देने के आरोप हरियाणा की मनोहर सरकार पर लगते रहे हैं।





### जुलाई में 30 दिन की पैरोल मिली थी


राम रहीम को इसी साल जुलाई में 30 दिन की पैरोल मिली थी। उस दौरान भी वह रोहतक की सुनारिया जेल से निकलकर यूपी के बरनावा आश्रम में रहा था। पैरोल के दौरान उसे सिरसा डेरे में जाने की इजाजत नहीं दी गई थी। उस समय राम रहीम के लिए सिरसा डेरे से खासतौर पर घोड़े और गाय बरनावा आश्रम पहुंचाए गए थे। आश्रम की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई थी। उसके बाद राम रहीम ने 15 अगस्त को अपने जन्मदिन के लिए पैरोल ली। इससे पहले उसे इसी साल जनवरी में भी 40 दिन की पैरोल मिली थी। अपनी सजा के कुल 30 महीनों में राम रहीम की यह 8वीं पैरोल है।

### प्रधानमंत्री ने लक्जमबर्ग का पीएम बनने पर ल्यूक फ्राइडन को दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण पर ल्यूक फ्राइडन को सोमवार को बधाई दी। ल्यूक फ्राइडन ने 17 नवंबर को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी और पूर्व प्रधानमंत्री जेवियर बेटल की लिबरल पार्टी के बीच गठबंधन होने के बाद फ्राइडन को नेता चुना गया था। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने पर ल्यूक फ्राइडन को हार्दिक बधाई। लोकतांत्रिक मूल्यों और कानून के शासन में निहित भारत-लक्जमबर्ग संबंधों को मजबूत बनाएंगे।

## क्विक न्यूज

### सेना ने युद्ध में घायल सैनिकों को विशेष प्रकार के 10 स्कूटर सौंपे



**जम्मू।** सेना ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में विभिन्न लड़ाइयों में घायल हुए सैनिकों को विशेष प्रकार के 10 स्कूटर सौंपे। इस वाहन से अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए उनकी दूसरे पर निर्भरता समाप्त करने में मदद मिलेगी। सेना ने इसकी जानकारी दी। दिव्यांग सैनिकों ने इस पहल के माध्यम से अपने जीवन में सुधार लाने के लिए सेना और वॉर वुंडेड फाउंडेशन (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के प्रति अपनी प्रसन्नता जाहिर की। सेना के 16 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, वॉर वुंडेड फाउंडेशन (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान के कारण ही समाज को उन पर गर्व है। घायल जवानों ने कहा कि मुश्किल घड़ी में सेना और देश उनके साथ खड़ा रहा है।

### राघव चड्ढा ने मानहानि केस में समन को उच्च न्यायालय में दी चुनौती



**नई दिल्ली।** आप नेता राघव चड्ढा ने दिल्ली भाजपा के नेता छैल बिहारी गोस्वामी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत में निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती देते हुए सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही मामला न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष आया, चड्ढा के वकील ने कहा कि वे मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करना चाहते हैं और उन्होंने कुछ समय मांगा। इस पर अदालत ने इस मामले को 11 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पहले मानहानि की शिकायत में आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सत्येन्द्र जैन और राघव चड्ढा को समन जारी किया था और सत्र अदालत ने नौ नवंबर को इसे बरकरार रखते हुए कहा था कि समन आदेश तथ्यों के साथ-साथ कानून के हिसाब से भी पूरी तरह से सही था। चड्ढा ने सत्र अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# जजों की नियुक्ति में केंद्र की पसंद-नापसंद नीति ठीक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी देने में केंद्र का रवैया मनमाफिक

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी देने में केंद्र के रवैये को मनमाफिक तरीके से चुनाव वाला बताया और कहा कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता। जजों की नियुक्ति में पसंद और नापसंद का तरीका बेहद ही बेमानी है। न्यायालय ने कहा कि कॉलेजियम ने जिन 11 न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश की है, उनमें से पांच का स्थानांतरण कर दिया गया है लेकिन छह के मामले अभी लंबित हैं। इनमें चार गुजरात उच्च न्यायालय से और एक-एक इलाहाबाद तथा दिल्ली उच्च न्यायालय से हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लिए हाल में जिन नामों की सिफारिश की गई है, उनमें से आठ को मंजूरी नहीं दी गई है और इनमें से कुछ न्यायाधीश नियुक्त किए गए न्यायाधीशों से वरिष्ठ हैं। शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम में सदस्य न्यायमूर्ति कौल ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी से कहा, मेरी जानकारी के अनुसार आपने पांच न्यायाधीशों के तबादले के लिए आदेश जारी किए हैं। छह न्यायाधीशों के लिए आपने आदेश जारी नहीं किया है। इनमें से चार गुजरात से हैं। पिछली बार भी मैंने कहा था कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता। न्यायाधीश ने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, पिछली बार भी मैंने इस बात पर जोर दिया था कि चुनिंदा तरीके से स्थानांतरण मत कीजिए। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम द्वारा भेजे गए नामों के संबंध में मनमाफिक तरीके से चुनाव की नीति अपना रही है।

### पीठ ने की दो याचिकाओं पर सुनवाई

पीठ दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें से एक में नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिश वाले नामों को स्वीकृति देने में केंद्र की ओर से देरी का आरोप लगाया गया था। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनिंदा तरीके से नियुक्ति करने से समस्या पैदा होती है, क्योंकि लोगों की वरिष्ठता प्रभावित होती है। कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर अक्सर उच्चतम न्यायालय और केंद्र सरकार के बीच गतिरोध की स्थिति रही है।



# दिल्ली एलजी का चीफ सेक्रेटरी को हटाने से इनकार

## केजरीवाल ने 897 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

एजेंसी। नई दिल्ली





**द्वारका** एक्सप्रेस-वे में हुए कथित घोटाले में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार को हटाने की सिफारिश की थी। इस पर एलजी विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को विचार करने से इनकार कर दिया। केजरीवाल ने 15 नवंबर को एलजी विनय कुमार सक्सेना को चिट्ठी लिखकर कुमार पर 897 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। 19 नवंबर को एलजी सक्सेना ने कहा, इस रिपोर्ट को पुरानी धारणाओं और अनुमानों पर आधारित बताते हुए इस पर विचार करने से मना कर दिया।

दरअसल, दिल्ली में बने द्वारका एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं की शिकायत पर दिल्ली की विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी ने जांच करवाई थी। आतिशी ने बताया कि नरेश कुमार ने अपने बेटे से जुड़ी कंपनियों को 897 करोड़ का फायदा पहुंचाया है।

एलजी विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि मुझे सीएम की ओर से विजिलेंस मिनिस्टर की रिपोर्ट बंद लिफाफे में मिली थी, लेकिन ये तो पहले से ही पब्लिक डोमेन में मौजूद है और इसकी डिजिटल कॉपियां सभी के पास हैं। मीडिया इस पर कई खबरें कर चुका है।

सक्सेना ने कहा- शुरुआती तौर पर ऐसा लगता है कि इस जांच का मुख्य मकसद सच्चाई जानना नहीं था, बल्कि इसका मीडिया ट्रायल करना, लोगों के बीच धारणा बनाना और अदालतों को गुमराह करना है। साथ ही इस मामले पर राजनीति करना भी है।

सीएम ने विगत बुधवार को एलजी सक्सेना को लेटर लिखकर नरेश कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की थी। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें नरेश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है। 11 नवंबर को मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी ने 3 दिनों में जांच करवाकर 14 नवंबर को रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी।

उन्होंने लेटर के साथ जांच रिपोर्ट एलजी को भी भेजी थी। केजरीवाल ने अपनी विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी को निर्देश दिया था कि वो जांच रिपोर्ट सीबीआई और ईडी को भी भेज दें।

### 897 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार किया गया

**आतिशी** ने जांच में पाया कि द्वारका एक्सप्रेस-वे के लिए बामनोली गांव की जमीन का अधिग्रहण होना था। बीते पांच साल में इस जमीन का तय मुआवजा नौ गुना तक बढ़ गया। इस जमीन के मुआवजे से जिस व्यक्ति को फायदा हो रहा था, उसके दामाद की कंपनी में चीफ सेक्रेटरी का बेटा करण चौहान काम करता है। साथ ही चीफ सेक्रेटरी ने बेटे से जुड़ी कई कंपनियों को सरकारी ठेके दिए और अब इनकी भी जांच होगी। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस मामले में 897 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार किया गया है। आतिशी ने मंगलवार 14 नवंबर को सीएम केजरीवाल को इस मामले में 650 पेज की जांच रिपोर्ट सौंपी।

# मणिपुर में गोलीबारी में दो की मौत कांगपोकपी में बंद की घोषणा

एजेंसी। इम्फाल



**मणिपुर** के कांगपोकपी जिले में सोमवार को हिंसा की एक ताजा घटना में दो विरोधी समूहों के बीच गोलीबारी के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी हाराथेल और कोब्शा गांवों के बीच एक स्थान पर हुई, हालांकि पुलिस अभी तक इस बार में स्पष्ट नहीं है गोलीबारी की घटना की वजह क्या थी। एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना उकसावे के हमला किया गया और जिले में बंद घोषित कर दिया गया। मई की शुरुआत में पूर्वोत्तर राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच गोलीबारी की कई घटनाएं हुईं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी जारी है। कुकी-जो समुदाय के लोगों पर अकारण हमले की निंदा करते हुए, कांगपोकपी की कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने कांगपोकपी जिले में आपातकालीन बंद की घोषणा की। सीओटीयू ने एक बैठक में यह भी मांग की कि सरकार आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की व्यवस्था करे। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद भड़की हिंसा में अब तक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब-कैश बरामद

एजेंसी। नई दिल्ली



ये आंकड़ा 2018 विधानसभा चुनाव में हुई बरामदगी का सात गुना

**चुनाव** आयोग ने सोमवार 20 नवंबर को कहा कि चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब, ड्रग्स, कैश और महंगी धातु बरामद की गई। ये सब चीजें वोटरों को रिझाने के लिए बांटी गई थीं। इन चीजों की बरामदगी 9 अक्टूबर से हो रही थी। इसी दिन इलेक्शन कमीशन ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। आयोग ने यह भी बताया कि आंकड़ा (1760 करोड़) इन राज्यों में 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का सात गुना है। पिछली बार 239.15 करोड़ की चीजें जब्त की गई थीं। अभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव चल रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है। राजस्थान में 25 तो तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

चुनाव आयोग ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम से न तो कैश और न ही कोई कीमती धातु जब्त हुई, लेकिन 29.82 करोड़ की ड्रग्स बरामद हुई। आयोग ने पांच राज्यों में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए 228 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर्स तैनात किए थे। साथ ही 194 विधानसभा सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील बताया था। आयोग के मुताबिक, इससे पहले जिन 6 राज्यों (गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक) में चुनाव हुए थे, वहां से 1400 करोड़ की चीजें बरामद की गई थीं। यह इन राज्यों में पिछले चुनाव के दौरान हुई बरामदगी से 11 गुना था।

इलेक्शन कमीशन ने कहा कि जब पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो रहा था, तब मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सभी उम्मीदवारों और पार्टियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रलोभन मुक्त चुनाव पर जोर दिया था।

# सूक्ष्म प्लास्टिक कणों की पार्किंसन और डिमेंशिया में हो सकती है भूमिका

एजेंसी। नई दिल्ली



**मस्तिष्क** में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले एक विशेष प्रोटीन के नैनोप्लास्टिक से संपर्क में आने पर ऐसे बदलाव होते हैं जो पार्किंसन रोग और डिमेंशिया का कारण हो सकते हैं। एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। साइंस एडवांसेस नाम के जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन ने मानव जीवविज्ञान पर पर्यावरण कारकों के समय के साथ पड़ने वाले प्रभाव समेत अनुसंधान का एक नया रास्ता खोल दिया है। अमेरिका के ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में प्रोफेसर एंड्रयू वेस्ट के मुताबिक, पार्किंसन रोग को विश्व में सबसे तेजी से बढ़ता मस्तिष्क संबंधी विकार कहा जा रहा है। विभिन्न प्रकार के डेटा से यह पता चलता है कि इस रोग में पर्यावरण संबंधी कारकों की अहम भूमिका हो सकती है। हालांकि इनकी व्यापक रूप से पहचान नहीं हो सकी है।

हाल के अध्ययन में पाया गया है कि प्लास्टिक का ठीक तरह से निस्तारण नहीं होने पर यह बहुत ही छोटे टुकड़ों में टूट जाता है और पानी तथा खानपान की वस्तुओं में जमा हो जाता है। यह वजह है कि ज्यादातर वयस्क लोगों के रक्त में यह पाया जाता है। वेस्ट कहते हैं, हमारा अध्ययन बताता है कि पर्यावरण में प्लास्टिक के सूक्ष्म और बेहद सूक्ष्म कण पार्किंसन रोग और उसके बढ़ने में नई चुनौती पेश करते हैं।

# पंचकूला में पेड़ से टकराई बच्चों से भरी स्कूल बस

एजेंसी। पंचकूला

**पंचकूला** में मोरनी से टिक्कर ताल रोड पर एक निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर रोड साइड में पेड़ से टकरा गई। बस में सवार बच्चे टिक्कर ताल घूमने के लिए आए थे। हादसे में पांच-छह बच्चों को चोटें आयी हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। मोरनी चौकी इंचार्ज ने घायल हुए बच्चों को एम्बुलेंस की सहायता से मोरनी पीएचसी भेजा। जानकारी अनुसार चंडीगढ़ के मुल्लापुर के गुरु नानक पब्लिक स्कूल बस में 35 से 40 बच्चे सवार थे, जहां बस पेड़ से टकराई है, वहां दूसरी तरफ गहरी खाई थी। स्कूल बस के ब्रेक फेल हो गए थे, जिसके बाद ये हादसा हुआ।

मोरनी पुलिस चौकी इंचार्ज कमलदीप ने बताया कि हादसे का कारण बस की ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

इससे बस अनियंत्रित हो गयी। गनीमत रही की इस हादसे में किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ। हादसे को लेकर बच्चों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बस गुरु नानक पब्लिक स्कूल मुल्लापुर की है।

# नौ दिन से अंधेरी गुफा में फंसे 41 मजदूर, ऑगर मशीन से ड्रिलिंग भी रुकी

## रेस्क्यू स्टाफ को टनल धंसने का डर

एजेंसी। उत्तरकाशी



**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल में नौ दिन से 41 मजदूर फंसे हैं। टनल में ऑगर मशीन से ड्रिलिंग रोक दी गई है। मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों ने 16 नवंबर के भूकंप के बाद से दहशत में हैं। वे टनल के अंदर काम करने से घबरा रहे हैं। एनएचआईडीसीएल डायरेक्टर अंशु मनीष ने बताया कि टनल के अंदर कभी भी, कुछ भी हो सकता है। इसलिए किसी अनहोनी के मद्देनजर ऑगर मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों के लिए अलग से टनल बनाई जा रही है। डंडालगांव की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए काम जारी है। सिलक्यारा की तरफ से छह इंच की नई पाइपलाइन टनल के अंदर भेजने में सफलता मिली है। अंदर फंसे मजदूरों के लिए डाइट चार्ट बनाकर सोमवार शाम से सेब, दलिया, खिचड़ी जैसे हल्के खाद्य पदार्थ भेजे जाएंगे।

इसके अलावा एंडोस्कोपी जैसा एक कैमरा भी मंगाया जा रहा है, जिससे अंदर फंसे लोगों को देखा जा सके। टनल के अंदर भेजने के लिए रोबोट भी मंगवाए गए थे, लेकिन अभी उन्हें अंदर भेजने में कामयाबी नहीं मिली है। सिलक्यारा टनल में हादसा 12 नवंबर की सुबह चार बजे हुआ था। टनल के एंट्री प्वाइंट से 200 मीटर अंदर 60 मीटर तक मिट्टी धंसी। इसमें 41 मजदूर अंदर फंस गए। रेस्क्यू के दौरान 16 नवंबर को टनल से और पत्थर गिरे, जिसकी वजह से मलबा कुल 70 मीटर तक फैला गया। टनल के अंदर फंसे मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। सोमवार सुबह इंटरनेशनल टनलिंग अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रोफेसर ऑर्नल्ड डिक्स ने टनल के बाहर से वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए दो प्वाइंट फाइनल किए। उन्होंने टनल की मिट्टी और पत्थरों की जांच कर अंदर फंसे लोगों और बाहर से रेस्क्यू स्टाफ की सुरक्षा को भी अहम बताया था। प्रोफेसर डिक्स दुनियाभर में टनल सेफ्टी एक्सपर्ट और डिजास्टर इन्वेस्टिगेटर के तौर पर प्रसिद्ध हैं।

### श्रमिकों के परिजन का खर्च सरकार उठाएगी

उत्तराखंड सरकार ने कहा है कि कई राज्यों के श्रमिकों की जानकारी लेने पहुंचे परिजन का खर्चा सरकार उठाएगी। परिजन से समन्वय बनाने के लिए तीन और अफसर उत्तरकाशी भेजे गए हैं। आईएएस डॉ. नीरज खैरवाल, एसडीएम शैलेन्द्र नेगी पहले से यहां तैनात हैं। ये दूसरे राज्यों के अफसरों से बचाव कार्य की जानकारी साझा कर रहे हैं। इससे पहले, रेस्क्यू के लिए आई चार मशीनें और तीन प्लान फेल हो चुके हैं। नई रणनीति के तहत आठ एजेंसियां, एनएचआईडीसीएल, ओएनजीसी, टीएचडीसीआईएल, आरवीएनएल, बीआरओ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आईटीबीपी एक साथ पांच तरफ से टनल में ड्रिलिंग करेंगी।

## खेलो हरियाणा के लिए 180 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 के स्पोर्ट्स कांपलेक्स में सोमवार को भी खेलो हरियाणा के लिए खिलाड़ियों की ट्रॉयल जारी रही। सोमवार को लगभग 180 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। इस अवसर पर हॉकी, कुश्ती, एथलेटिक्स, बाक्सिंग, कबड्डी, तलवार बाजी, निशानेबाजी, जिमनास्टिक, फुटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, ताइक्वाडो आदि खेलों की ट्रायल ली गई। ट्रायल लेने के लिए सुबह से ही खिलाड़ियों का 12 सेक्टर में पहुंचना शुरू हो गया था। खिलाड़ी ट्रायल के लिए बहुत ही उत्साहित थे। ट्रायल ले रहे कोच धर्मेंद्र, दीपक आदि ने बताया कि जिस भी खिलाड़ी ने ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उनको आगे खेलो हरियाणा के लिए पंचकूला, गुड़गांव, हिसार व दूसरे शहरों में खेलने के लिए भेजा जाएगा। वहां से विजयी खिलाड़ियों को आगे खेलो भारत प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। विजयी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से क्षेत्र में खेलों के प्रति लगाव बढ़ा है। इसकी वजह से हर खेल में खिलाड़ी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इसी का फल है कि आज हरियाणा पूरे देश में ही नहीं एशियाई कंपटीशन, कॉमनवेल्थ गेम्स, ओलंपिक खेलों में भारी मात्रा में मेडल प्राप्त कर रहा है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर धूमधाम से संपन्न हुआ छठ महापर्व







**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**चार दिवसीय** छठ पूजा के समापन पर सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। छठ घाट पर तड़के से भोर तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला रहा। छठ मइया की पूजा के समापन के बाद महिलाओं ने एक, दूसरे की मांग में सिंदूर भरी। ढोलों की थाप पर झूमते हुए श्रद्धालु छठ घाट पहुंचे। छठ मइया की पूजा के साथ व्रतियों ने ठेकुआ और खजूर से व्रत खोला। बाद में यही प्रसाद वितरित किया गया। ग्रेटर फरीदाबाद में जगह-जगह छठ मइया के नाम की गूंज सुनाई दी। लोग तड़के और भोर से ही छठ घाट की ओर रवाना शुरू हो गए थे। श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य देव को नमन किया। छठ घाट पर धूप, दीप और अगरबत्ती जलाई और फल, फूल अर्पित कर पूजा अर्चना की। पूजा, अर्चना के बाद लोगों ने पड़ोसियों और सगे संबंधियों के घर प्रसाद भिजवाया। पूर्वांचल सेवा संगठन की ओर से ग्रेटर फरीदाबाद

### श्रद्धालुओं ने पर्व पर की सभी की मंगल कामना

सेक्टर-88 में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया गया। व्रतियों ने सूर्य देवता की पूजा की और परिवार संग गाय के दूध से अर्घ्य दिया। बाद में भक्तों को संगठन की ओर से ठेकुआ तथा फल वितरित किया गए। वहीं फरीदाबाद के सेक्टर-10 छठ घाट, सेक्टर 29, 31 व बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी के पास गुड़गांव नहर व पलवल के अगवानपुर छठ घाट पर हजारों पूर्वाचंल, बिहार, पूर्वी उतर प्रदेश आदि क्षेत्र के लोग जुटे। उन्होंने इस अवसर पर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा व अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद घाटों पर प्रसाद का वितरण किया गया। छठ की पूजा के लिए इस अवसर पर घरों में गुड़ की खीर, मीठी रोटी आदि का विशेष प्रसाद बना कर बांटा गया। इस अवसर पर केला, अमरूद, सेब, अनानास, गन्ना आदि फलों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर पप्पू त्रिपाठी, बीके पांडे, रामेश्वर पांडे, विजय पटेल, प्रमोद कुमार, डॉ. पशुपतिनाथ मिश्र, रामवृक्ष मुंशी, दिलीप कुमार आदि का कहना था कि छठ पूजा के पर्व की एक विशेष अहमियत होती है। यह पर्व पूर्वांचल के लोग पुत्र की की प्राप्ति व उसकी लंबी उम्र के लिए मनाते हैं। इसके अलावा पूरे समाज व देश में शांति, खुशहाली व समृद्धि के लिए मनाते हैं। इस अवसर पर पूर्वाचंल के लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर छठ पर्व की बधाई दी व एक दूसरे को मिठाई भी बांटी। इसके अलावा एच ब्लॉक 30ए सेक्टर-10 में छोटे से छठ घाट पर भारतीय प्रवासी परिषद एवं भारतीय प्रवासी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय तिवारी एवं पत्नी सपना तिवारी, रेनू त्रिपाठी, मंजू चौबे, रजनी गुप्ता, ज्योति, नेहा, अंजना सिंह, लेकिन, सीमा सिंह, रितु, गायत्री, रुचि चतुर्वेदी, अर्चना आदि श्रद्धापूर्वक छठ पर्व मनाया।

# कौशल के बलबूते हमारे युवा दुनिया में स्थापित कर रहे कीर्तिमान : मनोहर लाल

### मुख्यमंत्री ने पलवल के दुधौला में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय परिसर का किया लोकार्पण



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने सोमवार को दुधौला गांव में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में 357 करोड़ रुपये की मनोहर सौगात विश्वविद्यालय को देते हुए निरंतर हर संभव सहयोग करते हुए विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की बात कही। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने शुभ संदेश में कहा कि पूरी दुनिया में भारत का युवा कौशल विकास के बलबूते अपना प्रभाव स्थापित कर रहा है और हरियाणा कौशल विकास के क्षेत्र में अपनी अतुलनीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय पलवल जिला में शुरू किया गया है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि इस विश्वविद्यालय की बेहतर प्लेसमेंट भी हो रही है और युवा यहां से कौशल विकास से आत्मनिर्भर होकर स्वरोजगार भी अपना रहे हैं।

**हरियाणा का कौशल विश्वविद्यालय बना रोल मॉडल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बना हुआ है। उन्होंने खुशी जताई कि आज उन्होंने विश्वविद्यालय में तक्षशिला प्रशासनिक भवन से 10 ब्लॉक का लोकार्पण किया है। जिनमें छह शैक्षणिक ब्लॉक में 69 क्लास रूम हैं और अधिकतर स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर लैब, प्रशासनिक भवन, एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। सीएनसी लैब, सोलर लैब, एडवांस्ड इलेक्ट्रिक लैब, इलेक्ट्रोनिक लैब, वेल्डिंग लैब भी उद्घाटन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास भी परिसर में बन कर तैयार हैं, जिनमें 500-500 बेड की व्यवस्था की गई है।

**शिक्षा के सभी आयाम के साथ कौशल बना बड़ा फैक्टर :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पहले शिक्षा एक माध्यम होता था, हमने शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए शिक्षा को कौशल से जोड़ते हुए रोजगार के मार्ग युवा शक्ति के लिए प्रशस्त किए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई ज्ञानवर्धन का एक पहलू है, लेकिन वास्तविक व व्यवहारिक ज्ञान कला व कौशल आधारित शिक्षा से ही आता है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के सभी आयाम के साथ कौशल विकास बड़ा फैक्टर बनता जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कौशल विश्वविद्यालय में तीन दर्जन से अधिक कोर्स चल रहे हैं, जो युवाओं के कौशल विकास में अहम हैं। विद्यार्थी अपनी इच्छा अनुरूप प्रवेश लेकर अपने कौशल के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय परिसर में देश का पहला इनोवेटिव स्किल स्कूल बनाया गया है, जिसमें एआई, आईटी, ऑटोमेशन, डेटा साइंस, हैल्थ केयर और योग जैसे विषयों का अध्ययन कराया जा रहा है।

# 24 गांवों के ट्यूबवेल ऑपरेटरों का प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-28** स्थित केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आवास पर 24 गांवों के 72 ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने सोमवार को नियुक्ति पत्र और वेतन दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कृष्णपाल गुर्जर की अनुपस्थिति में उनके ओएसडी कौशल बाटला ने उनका ज्ञापन लिया।

वहीं बाद में ट्यूबवेल ऑपरेटर फरीदाबाद के डीसी विक्रम सिंह के कार्यालय पहुंचे और उन्हें भी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। डीसी ने आश्वासन दिया कि वह इसकी रिपोर्ट मंगवाएंगे और नगर निगम से रिपोर्ट आने के बाद ही वह इस मामले में सही जवाब दे पाएंगे। ज्ञापन देने के लिए पहुंचे सतीश यादव, राम प्रकाश, विनोद और कर्मवीर ने बताया कि 2021 में फरीदाबाद के 24 गांव को नगर निगम में शामिल कर लिया गया था। लेकिन जो लोग पहले 24 गांवों के पंचायती ट्यूबवेल पर ऑपरेटर का काम कर रहे थे, उन्हें नगर निगम ने अपना ऑपरेटर मानने से इंकार दिया था। जबकि नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों और चौकीदारों को नगर निगम के कर्मचारियों के रूप में स्वीकार कर लिया था। तभी से 24 गांवों के 72 ट्यूबवेल ऑपरेटर नगर निगम से अपना नियुक्ति पत्र और वेतन पाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम के अधिकारी उन्हें बार-बार टाल रहे हैं। इस बात को लेकर उन्हें अब 35 महीने हो गए हैं। वह लोग इन 35 महीनों से बिना तनख्वाह के ही काम कर रहे हैं। तनख्वाह न मिलने के चलते उन्हें अपना घर चलना मुश्किल हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाने वाले मेडिकल स्टोर नपेंगे

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सभी मेडिकल स्टोर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पुलिस, स्वास्थ्य और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नशाखोरी के खिलाफ बेहतर क्रियान्वयन और मेडिकल स्टोर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे न लगवाने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के बारे में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भी सरकार द्वारा निर्देश दिये गये हैं। जिन मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, उन मेडिकल स्टोर संचालको पर कार्रवाई की जाए। स्कूलों में नशा मुक्ति को लेकर छात्रों को जागरूक करने के लिए डिबेट, पेंटिंग और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और गावों में सरपंच के साथ मिलाकर गावों में भी नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए। इसके साथ ही जिला में चल रहे जिमों में शक्तिवर्धक दवाओं, स्टेरॉयड की बिक्री व उपयोग न किया जाए। उन्होंने जिला औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को भी इस बारे में मडिकल स्टोर की चेकिंग के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर के यहां अनियमतताएं पाई जाती हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए और आदेश के बावजूद कोई मेडिकल स्टोर संचालक मेडिकल स्टोर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाता तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, एसीपी विष्णु प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### पेंशन अदालत का आयोजन 22 और 23 नवंबर को

**फरीदाबाद।** जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छौकर ने बताया कि प्रधान महालेखाकार हरियाणा चंडीगढ़ के आदेश पर हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त पेंशन भोगियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के निपटान के लिए 22 नवंबर व 23 नवंबर को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पेंशन अदालत जिला खजाना कार्यालय, फरीदाबाद नजदीक नीलम चौक, एनआईटी फरीदाबाद में आयोजित की जाएगी। इस पेंशन अदालत में पेंशनरों की पेंशन से संबंधित समस्याओं का निपटान किया जाएगा। जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छोकर ने पेंशन भोगियों से अपील करते हुए कहा कि वे 22 व 23 नवंबर को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक अपनी पेंशन संबंधी समस्याओं को रख सकते हैं।

### विधायक नरेंद्र गुप्ता दयालपुर व बुखारपुर में करेंगे जनसंवाद

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 21 नवंबर को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में पृथला विधानसभा के गांव बुखारपुर व दयालपुर में जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जन संवाद कार्यक्रम में विधायक नरेंद्र गुप्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री के विशेष दूत बनकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनेंगे। गांव बुखारपुर के वृद्ध आश्रम में सुबह नौ बजे तथा गांव दयालपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सुबह 11 बजे उक्त जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी करें अधिकारी



**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि देश सहित पूरे प्रदेश में 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला उपायुक्त यात्रा के ओवरऑल होंगे तथा अतिरिक्त उपायुक्त यात्रा के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। सभी फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्रा में युवाओं व स्कूली विधार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा विजेताओं को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाए। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रदेश के जिला उपायुक्तों व नोडल तथा फील्ड अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए यह बात कही। बैठक में उपायुक्त विक्रम सिंह ने मुख्य सचिव संजीव कौशल को जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 22 नवंबर से किया जाएगा तथा यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गयी है। यात्रा में विभिन्न विभागों जैसे आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैंप भी लगाए जाएंगे। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जिससे युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा सके। यात्रा के माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। जो जिला में गांव-गांव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवाएंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक उपस्थित अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें। शहरी क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग निगम आयुक्त करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे।

# एसआरएस पर्ल फ्लोर आरडब्ल्यूए चुनाव में ओपी मिश्रा गुट की बंपर जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एसआरएस** पर्ल फ्लोर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में प्रधान ओपी मिश्रा ग्रुप ने पूर्व प्रधान सुभाष नरवाल ग्रुप पर क्लीन स्वीप कर बंपर जीत हासिल की। सुभाष नरवाल ग्रुप में से सिर्फ एक एग्जीक्यूटिव मेंबर ही किसी तरह जीत दर्ज कर पाया। जबकि बाकी सभी पदों पर ओपी मिश्रा ग्रुप ने जीत हासिल की। पर्ल फ्लोर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के लिए कराए गए चुनाव में कुल 425 वोटर में से 372 वोटर्स ने अपने मत का प्रयोग किया। जिस हिसाब से ओपी मिश्रा ग्रुप ने जीत हासिल की, उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि परलियन सुभाष नरवाल ग्रुप को क्लीन स्वीप करने का पहले ही मूड बनाए बैठे थे।

प्रधान पद के उम्मीदवार ओपी मिश्रा ने 189 मत हासिल कर नरवाल ग्रुप के प्रधान पद के उम्मीदवार गोपाल मिश्रा को 10 मतों के अंतर से हरा दिया। जबकि सीनियर उपप्रधान पद के उम्मीदवार नेत्रपाल सिंह ने राजेश शर्मा को 53 मतों के अंतर से हरा दिया। उपप्रधान पद के उम्मीदवार शैलेंद्र मिश्रा ने शैलेंद्र सिंह को 56 मतों के अंतर से हराया। वहीं महासचिव पद के उम्मीदवार प्रवीण शर्मा ने विवेक कुमार राय को 78 मतों के भारी भरकम मतों के अंतर से हराया।

वाइस जरनल सेक्रेट्री पद के उम्मीदवार चरण सिंह ने संजय कुमार को 57 मतों के अंतर से हराया तो संयुक्त-सचिव पद के उम्मीदवार अमित मिश्रा ने गोपेश शर्मा को 51 मतों के अंतर से हराया। डिप्टी सेक्रेट्री पद पर महासंग्राम रहा। वहां भी गणेश मिश्रा ने पीके मालवीय को दो मतों के मामूली अंतर से हरा दिया।

# स्वामी दयानंद सरस्वती ने जीवन पर्यंत सुधारात्मक कार्य किए : आर्यवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**स्वामी** दयानंद सरस्वती ने देश और समाज के लिए जीवन पर्यंत सुधारात्मक कार्य किए, ताकि लोग देश में फैली विकृतियों से ऊपर उठकर समाज उत्थान में अपना योगदान दे सकें। यह बात स्वामी आर्यवेश ने आर्य समाज सेक्टर-19 के 66वें वार्षिकोत्सव पर केंद्रीय आर्य सभा के प्रधान महेशचंद, अशोक आर्य, ओपी. वधवा द्वारा अनाज मंडी ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित पारिवारिक सत्संग समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि देश आज स्वामी दयानंद जी की 200वीं जन्मशताब्दी मना रहा है और यह देश, प्रदेश में ही नहीं विदेशों में भी इस शताब्दी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। स्वामी आर्यवेश ने आर्य समाज के लोगों का आह्वान किया कि अब आवश्यकता है आर्य समाज के भवनों से निकलकर लोगों के बीच जाकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करें, ताकि कुछ लोगों द्वारा समाज में फैलाए जा रहे भ्रमित प्रचार को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने हमेशा समाज कल्याण के लिए कार्य किया है और यही नहीं जब-जब देश को कुर्बानियों की आवश्यकता पड़ी है, आर्य समाजियों ने आगे बढ़कर देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने के लिए भी आगे रहे हैं। कार्यक्रम में आर्य समाज सेक्टर-19 के प्रधान डॉ. गजराज सिंह आर्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं इंदौर से आए डॉक्टर नरेंद्र अग्निहोत्री ने अपने प्रवचन में सत्य पर चलने के लिए आह्वान किया। हरिद्धार से आईं निकिता आर्या और मोहनी आर्या ने यज्ञ पर सुंदर भजन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**जहां देखो वहीं पर आजकल कितना तमाशा है**
**कहीं सच्चा तमाशा है कहीं झूठा तमाशा है**
**कोई माने नहीं माने मगर सच तो रहेगा सच**
**कि अब तो खेल कम है खेल में ज़्यादा तमाशा है**

# प्रधानमंत्री ने झाड़ू उठाया और देश को स्वच्छता का संदेश दिया : राजेश नागर

### विधायक ने गांव शाहाबाद में मेरा गांव मेरा अभिमान अभियान की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर ने गांव शाहाबाद में मेरा गांव मेरा अभिमान अभियान की शुरुआत की। उन्होंने यहां पर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। जहां पहुंचने पर उनका स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाड़ू उठाई और लोगों को स्वच्छता का महत्व दोबारा याद दिलाया। आज देश में स्वच्छ भारत अभियान के नाते लोग स्वच्छता की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन स्वच्छता हम सबको अपनानी होगी।

नागर ने कहा कि साफ सफाई का काम केवल सरकारी विभागों और जनप्रतिनिधियों के सहारे नहीं छोड़ा जा सकता है। यह काम हम सबको मिलकर करना होगा। विधायक नागर ने कहा कि कूड़ा फैलाने के लिए कोई बाहर से व्यक्ति नहीं आता है। यह समस्त कूड़ा हम लोग खुद ही फैलाते हैं।

इसलिए यदि हम अपना कूड़ा भी फैलाने से रुक जाएं तो बहुत हद तक देश-विदेश में स्वच्छता आ जाएगी। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मैंने देखा है कि जब हम लोग बाहर के मुल्कों में जाते हैं तो वहां पर कोई रैपर, पॉलिथीन खुले में नहीं फेंकते हैं, बल्कि स्वच्छता के सभी नियमों का पालन करते हैं और कूड़े को डस्टबिन में ही डालते हैं। लेकिन भारत में हम अपने दैनिक प्रयोग का कूड़ा चलते-फिरते सड़कों पर डालते हैं। जिससे देश प्रदेश में स्वच्छता की वह छवि नहीं बन पा रही है जो होनी चाहिए।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि गांव शाहाबाद में एक नई और अच्छी परंपरा की पहल की है, जिसके लिए मैं उन सबको बधाई देता हूं। इन सबको मैं शुभकामनाएं देता हूं कि आपका मेरा गांव मेरा अभिमान कार्यक्रम से अन्य गांव शहर और व्यक्ति भी प्रेरणा लेंगे। इस अवसर पर सरपंच बलबीर, पूर्व सरपंच अजब सिंह नागर, रंजीत नागर, सरजीत नागर, हरस्वरूप नागर, लक्ष्मण नागर, रतन सरपंच कबूलपुर, कृष्ण कौशिक, डॉ. कर्मवीर, दीपक नागर, सतपाल नागर, अनिल नागर आदि प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023



# तीन करोड़ से बनेगा कोली समाज का भवन, झलकारी देवी की लगेगी प्रतिमा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पलवल में रानी लक्ष्मी बाई की सेनापति रही झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता की ओर से झलकारी बाई को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने समाज को ऐसी महान वीरांगना की कथा से प्रेरित करने के लिए घोषणा करते हुए कहा कि पलवल के आगरा चौक पर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम झलकारी बाई के नाम पर रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने पलवल के मोहन नगर के वार्ड नंबर-4 में कोली समाज का एक भव्य भवन का भी निर्माण किये जाने की घोषणा की। इस भवन में झलकारी बाई की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जिससे भावी पीढ़ी को इनकी गाथाओं से अवगत

**मुख्यमंत्री ने की घोषणा, स्कूल का नाम झलकारी बाई के नाम पर रखा जाएगा**

करवाया जा सकेगा। इस पर लगभग तीन करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन है, जब वीरांगना झलकारी बाई की जयंती मनाई जा रही है, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सन् 1857 में स्वाधीनता संग्राम में हम सभी ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम तो सुना है, लेकिन वीरांगना झलकारी बाई के नाम को इतिहास में नहीं उतना अधिक नहीं जानते। वीरांगना झलकारी बाई झांसी की



रानी की हमशक्ल थी और वे महिला सेना की सेनापति थी, जिन्होंने अपने शौर्य से झांसी की रानी की जान बचाने और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। झलकारी बाई का जन्म 22 नवंबर 1830 में हुआ था।

उन्होंने कहा कि मैथिली शरण गुप्त ने अपनी कविता में झलकारी बाई जी का वर्णन किया है कि- आकर रण में ललकारी थी, वह तो झांसी की झलकारी थी। गोरों से लड़का सिखा गई, रानी बन जौहर दिखा गयी, इतिहास में झलक रही वह भारत की ही नारी थी, आकर रण में ललकारी थी, वह तो झांसी की झलकारी थी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की महिलाएं, बेटियां झलकारी बाई से प्रेरणा ले यही हमारा लक्ष्य है। आज के युग में हमारी बेटियां अंतरिक्ष, खेल, डिफेंस सहित विभिन्न क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं।

मनोहर लाल ने कहा कि भारत में अनेक अनसंग हीरोज हुए हैं, जिनसे इतिहास भरा पड़ा है। लेकिन उनका नाम पिछली कई सरकारों ने आगे नहीं बढ़ाया। परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ऐसे अनसंग हीरोज के नाम को जीवित रखने का बीड़ा उठाया। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने वीरांगना झलकारी बाई के नाम से डाक टिकट भी जारी किया था। उनकी प्रेरणा से ही हरियाणा में भी हमने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई। जिसके तहत संत-महापुरुषों की जयंतियां व शताब्दियों सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की।

उन्होंने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश सरकार शहीदों, संत-महापुरुषों के नाम से बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों व संस्थानों के नाम रख रही है। लेकिन पिछली सरकारें एक परिवार के नाम पर ही सबके नाम रखती थी, एक परिवार ही चमक रहा था। लेकिन हमारी सोच है कि जिन्होंने देश की जनता को दिशा दिखाने का काम किया है, उनके नाम को आगे बढ़ाएंगे।

**3-सी को खत्म कर हरियाणा को बना रहे 7 स्टार राज्य** : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश में 3-सी यानी करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स को खत्म कर 7 स्टार राज्य बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। हमने 7 एस- यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन, स्वाभिमान, सुशासन और सेवा पर फोकस करके अंत्योदय के उत्थान के लिए कार्य किया है।

इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद श्री कृष्णलाल पंवार, लोकसभा सांसद एवं हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक दीपक मंगला, जगदीश नय्यर, प्रवीण डागर, राजेश नागर, नयनपाल रावत, नरेंद्र गुप्ता, सीमा त्रिखा, वीरांगना झलकारी बाई फाउंडेशन के प्रधान राधेश्याम सहित विभिन्न जिलों से आए भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का आरोप

**शव पर मिले चोट के निशान**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर-16** दौलताबाद गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए संदीप नाम के व्यक्ति पर हत्या करने के संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि संदीप ने विजय के घर फोन कर कहा कि हमने तुम्हारे पति की हत्या कर दी है।

दौलताबाद गांव के संजय कुमार ने बताया कि उसका भाई विजय बीती रात शाम लगभग आठ बजे दूध लेने के लिए निकला था। उसकी पत्नी रीनू भैया दूज मनाने के लिए अपने गांव गई हुई थी। शाम को जब वह वापस लौटी तो विजय घर पर नहीं था। इसके बाद उसने उनकी मां प्रेमवती से पूछा तो मां ने बताया कि विजय अभी दूध लेने के लिए गया है। विजय की पत्नी रीनू ने विजय को फोन मिलाया तो उसने कुछ देर में आने की बात भी कही थी। लेकिन कुछ देर बाद एक संदीप नाम के व्यक्ति का विजय के फोन से ही उसकी पत्नी के फोन पर आया कि हमने तुम्हारे पति को मार दिया है। वह ओल्ड फरीदाबाद नगर निगम के पास है, इसे यहां से उठा कर ले जाओ।

इसके बाद वह लोग आनन फानन में ओल्ड फरीदाबाद नगर निगम के पास पहुंचे तो विजय अचेत अवस्था में मोटरसाइकिल पर ही लेटा हुआ था। विजय को अलग-अलग दो निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

मृतक विजय के भाई संजय कुमार ने बताया कि विजय के गले और हाथ पर चोट के निशान थे। उन्हें यकीन है कि विजय की हत्या की गई है। विजय के छोटे-छोटे दो बेटे एक बेटी है। वे चाहते हैं कि पुलिस इस मामले में बारीकी से जांच कर हत्यारों का पता लगाए।

## प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने प्रमाणपत्र प्राप्त किए

**पलवल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रतीपुर, पलवल ने 33 बीपीएल महिलाओं कों स्वावलंबी बनाने के लिए 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट उद्यमी बैच का समापन एवं मूल्यांकन हुआ। जिसमें अजय कुमार अग्रवाल ईडीपी असेसर एवं कोमल डोमेन असेसर ने मूल्यांकन किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश अंडले एलडीएम पलवल ने घर घर केसीसी अभियान एवं जन सुरक्षा अभियान के बारे में जानकारी दी। रवि शर्मा निदेशक ने सभी महिलाओं को भविष्य में रोजगार चालू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वह बैंकों द्वारा लोन लेकर के अपने रोजगार को बढ़ा सकते हैं।

संस्थान द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी। वीरेंद्र सिंह कोर्स कोआर्डिनेटर ने बताया कि संस्थान पलवल जिले में वर्ष 2011 से कार्य कार्यरत है, जिसमें पलवल जिले के बेरोजगार युवक युवतियां भाग लेकर अपना खुद का रोजगार स्थापित कर सकती हैं। संस्थान द्वारा फ्रिज एसी रिपेयरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, सीसीटीवी कैमरा, मोटरसाइकिल सर्विसिंग, ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट, वूमेन ट्रेलर, जूट प्रोडक्ट उद्यमी, टेडी बियर मोमबत्ती, अगरबत्ती, धूपबत्ती, अचार पापड़ इत्यादि कोर्स निशुल्क कराए जाते हैं।

## डीपीएस ग्रेफा ने मनाया शैलबाला समूह का 22वां स्थापना दिवस



**फरीदाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद ने शैल बाला समूह का 22वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मश्री और एसएनए पुरस्कार विजेता विदुषी गीता चंद्रन, मुख्य समन्वयक- स्पिक मैके दिल्ली एनसीआर उषा रविचंद्रन, डॉ. बिंदु शर्मा प्रिंसिपल डीपीएस, ग्रेटर फरीदाबाद, शैल बाला जैन संस्थापक संरक्षक डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद, प्रो. वीसी रोहित जैनेंद्र जैन एवं मधुरा भुरुशुंडी और उनके साथ आए कलाकार वरुण राजशेखरन, के वेंकटेश्वरन, आर केशवसन और वीएस अन्नादुरई द्वारा उत्कृष्ट शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के बाद मुख्य अतिथि के साथ छात्रों द्वारा एक आकर्षक और प्रेरक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल की संस्थापक संरक्षक शैलबाला जैन व प्रो. वीसी. रोहित जैनेंद्र जैन ने कहा कि शैलबाला समूह हमेशा से न केवल शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य बल्कि हर क्षेत्र में समाज के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग व सकारात्मक रवैए से 22वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर गीता चंद्रन की भरतनाट्यम की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने नृत्य के माध्यम से कहानियां सुनाईं और उपस्थित सभी लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी।

# जीवा में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के लगभग सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर छात्रों ने बड़े ही सुंदर ढंग से अपने अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम जीवा स्कूल के बैंड ग्रुप ने सभी मैनेजमेंट के सदस्यों का स्वागत किया। विद्यालय के मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को कैप पहनाया गया। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने सभी छात्रों को खेल भावना से खेलने और सभी नियमों का पालन करने के लिए शपथ ग्रहण करवाई एवं खिलाड़ियों को शुभकानाएं दीं। छात्रों ने स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीके बताए। उन्होंने हुलाहूप व जुंबा भी किया। इसके साथ साथ छात्रों ने विभिन्न नृत्य क्रियाओं को व्यायाम के माध्यम से प्रस्तुत किया। सभी सदनों के चुने गए छात्रों ने मार्चपास्ट किया। अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने ग्रांउड में दौड़ लगाकर टॉर्च वियरर के रूप में कार्यक्रम के शुभारंभ का संदेश दिया एवं बास्केटबॉल कोर्ट में रिबन की कटिंग कर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

आयोजन में मुख्य अतिथि एवं जज के रूप में मीनाक्षी सिंह एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर एचआर, नीरजा चौहान एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट, काजल चौहान हेड ऑफ इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बैलून रीलिज किए गए। जजों ने सभी सदनों के प्रतिभागियों से भी बात की व कुछ प्रश्न भी पूछे एवं उन्हें शुभकानाएं दीं। सभी सदन के छात्रों ने मार्चपास्ट किया एवं सामाजिक संदेश भी दिए।

महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि एवं जागरूकता उत्पन्न करना व स्वस्थ रहने के विषय में सिखाना है। जीवा स्कूल में चार सदन हैं। इन चार सदनों में पिछले एक सप्ताह से ही अलग अलग चरणों में विभिन्न खेलों के मैच प्रतियोगिताएं रखी गईं। जिनमें मुख्य रूप से बास्केटबॉल, टेबलटैनिस, बैडमिंटन, चैसएआर्चरी, विभिन्न प्रकार के रेस इत्यादि शामिल थे। सभी सदनों के छात्रों ने इस दौरान अलग अलग खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं अपने अपने सदन की ओर से खेलते हुए सेमिफाइनल राउंड तक पहुंच गए।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अत: अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा ही कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने भी सक्रिय रूप से बच्चों के साथ सभी कार्यकर्मों में भाग लिया व उनका उत्साह बढ़ाया।

# राजस्थान में 25 सीटों पर जीत को लेकर जजपा ने झोंकी ताकत

**फरीदाबाद।** राजस्थान चुनाव में 25 सीटों पर जीत को लेकर जन नायक जनता पार्टी ने ताकत झोंक दी है। सोमवार को फरीदाबाद लोकसभा से कई कार्यकर्ता चुनाव प्रचार को लेकर विभिन्न विधानसभा में रैली और नुक्कड़ सभा में प्रचार करते दिखे। खुद डिप्टी सीएम हरियाणा दुष्यंत चौटाला इसकी कमान संभाल रहे थे। भरतपुर राजस्थान के जघिना गांव में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, पलवल जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, खेमचंद, राजेश रावत एडवोकेट, सुखराम डागर, तेजपाल डागर, जेपी सिंह, भारत सिंह प्रत्याशी मोहन सिंह के समर्थन में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ मोर्चे पर डटे रहे। कार्यकर्ता घर घर जाकर गली मोहल्ले में पार्टी की नीतियों और विकास के एजेंडों के साथ मतदाताओं को रिझाने का काम करते दिखाई दिए। भरतपुर राजस्थान के जघिना गांव में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के मंच पर उमेश भाटी अपनी टीम के साथ नजर आए। यहां उन्होंने जननायक जनता पार्टी द्वारा हरियाणा में हुए विकास की लिस्ट गिनाकर राजस्थान में सभी सीटों पर जीत का दावा किया और कहा कि अगर उनकी यहां



आशा के अनुरूप सीटें आती है तो सरकार में हिस्सेदारी तो होगी ही, वहीं राजस्थान के लोगों को भविष्य के लिए एक नई पार्टी मिलेगी, जो उनका विकास कर सकती है। राजस्थान की जनता ब्राइट फ्यूचर के लिए जननायक जनता पार्टी की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। उमेश भाटी ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने चुनावी वादे जो हरियाणा के जनता जनार्दन से किए थे, वो पूरे किए हैं। अब राजस्थान की प्यारी जनता अपने बेहतरीन भविष्य के लिए जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवारों जिताकार विधानसभा में भेजेगी। इसलिए जहां भी जननायक जनता पार्टी की रैली या नुक्कड़ सभा हो रही है, वहां लोगों की काफी भीड़ आ रही है।

## मतदान की भागीदारी पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढाने के लिए निबंण लेखन प्रतियोगिता और वोटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय मेरा वोट मेरा अधिकार रहा। महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने छात्राओं को मतदान की जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही निर्भर करती है तथा प्रत्येक व्यक्ति की मतदान में भागीदारी से लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है।

# रेलवे स्टेशन पर मशीन खराब होने से यात्री खारा पानी पीने को मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**रेलवे** स्टेशन पर लाखों रुपये की लागत से यात्रियों के लिए मीठे आरओ पानी की सप्लाई करने वाली मशीन लगभग एक साल से खराब पड़ी है। इसकी वजह से स्टेशन पर आने वाले यात्री खारा पानी पीने को मजबूर हैं। हजारों यात्रियों को गर्मी-सर्दी में मीठे आरओ के पानी से वचिंत रहना पड़ रहा हैं। जिससे पलवल स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों में रेलवे के खिलाफ नाराजगी हैं।

पलवल रेलवे स्टेशन रेलवे यात्रियों को बेहतर मीठे आरओ पानी की सप्लाई देने के लिए लगभग 10 लाख रुपये की लागत से पांच साल पहले बड़ी आरओ मशीन लगाई गई थी। यह मशीन तेजी से पानी को मीठा और स्वच्छ करती थी। जिससे पलवल स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री सस्ते दामों पर मीठा पानी प्राप्त करते थे, परंतु पिछले एक साल से यह मशीन खराब पड़ी है। इसकी वजह से स्टेशन से हर रोज जाने वाले करीब 30 हजार यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि जमीनी पानी बदलने के कारण पलवल स्टेशन का पानी पीने लायक नहीं



हैं। पानी में कठोरता होने की वजह से कई बार इसको पीने से लोग बीमार तक हो जाते हैं। इसी को देखते हुए रेलवे ने लाखों रुपये की लागत से बड़ी मशीन लगाई थी। जिससे हर घंटे हजारों लीटर आरओ का मीठा पानी सस्ते दामों पर उपलब्ध होता था। इस पानी की सबसे खास बात यह थी कि पांच लीटर पानी केवल 20 रूपए मे उपलब्ध हो जाता था।

> **पलवल** रेलवे स्टेशन पर मीठा पानी सस्ते दामों पर देने वाली मशीन लगभग एक साल से खराब पड़ी है। जिससे यात्रियों को मंहगे दामों पर मीठा पानी खरीदना पड़ रहा है।
> **-नीरज कुमार, दैनिक रेल यात्री**
>
> **पलवल** स्टेशन पर खारे पानी को मीठा करने वाली मशीन खराब होने से यात्रा के दौरान खारा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्टेशन पर मीठा आरओ पानी देने वाली मशीन को जल्द से जल्द सही करवाया जाए।
> **-उदयचंद, दैनिक यात्री**

वहीं दो लीटर आठ रूपए में व एक लीटर केवल पांच रूपए में जो कि बाजार रेट की अपेक्षा काफी सस्ता होता था। इसको खरीदने में यात्रियों पर अधिक भार नहीं पड़ता था। परंतु यह मशीन एक साल से खराब होने से पलवल स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री मजबूरी में खारा पानी पीने को मजबूर हैं। यात्रियों को कहना है कि कई बार शिकायत के बाबजूद इस मशीन को सही तक नहीं करवाया गया, इससे यात्रियों में भारी रोष है।

## संक्षिप्त समाचार

### पन्हेड़ा कलां में लगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर



**फरीदाबाद।** नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, केवल प्रेम अस्पताल व स्वयंसेवक युवाओं के सहयोग से पन्हेड़ा कलां में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में अस्पताल से डॉ. अजीत पटवा केवल प्रेम अस्पताल के अध्यक्ष, राजकुमार चौधरी रक्तचाप विशेषज्ञ, डॉ. अखिलेश दिवाकर मलिक अस्पताल संयोजक व भावना जैन सहायक के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ बसपा नेता संदीप शर्मा ने फीता काट किया। उन्होंने इस पुनीत कार्य के अस्पताल व स्वयंसेवक युवाओं की सरहना की। संदीप शर्मा ने कहा कि निशुल्क जांच शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए एक बेहतर विकल्प होता है, जहां वह अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकें, क्योंकि समय व धन के अभाव में लोग अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करवा पाते और ऐसे शिविर उनके लिए काफी कारगर साबित होते हैं। शिविर में मुख्य सेवक के रूप में उपस्थित रघु शास्त्री ने बताया कि शिविर के माध्यम से बुजुर्ग महीला-पुरुषों व जरूरतमंदों की आंखों की जांच की गई। शिविर में जरूरत के मुताबिक दवाई व चश्मे निशुल्क वितरित किए गए। शिविर का लाभ उठाते हुए 527 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई तथा गांव के युवाओं ने शिविर में स्वयंसेवकों की भूमिका निभाते हुए बुजुर्ग महिला पुरुषों का शिविर में विशेष सहयोग किया। शिविर में 42 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए भी चयनित किया गया। समाजसेवी गोपाल शास्त्री ने गांव के लोगों के साथ मिलकर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप शर्मा व डॉक्टरों की टीम का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर योगेश गौड़, राम कुमार मेंबर, मास्टर ओमप्रकाश, सुनील शास्त्री, ओमपाल शास्त्री, नेत्रपाल आर्य, नितिन वत्स, हर्षित और डेविड शर्मा स्वयंसेवक के रूप में उपस्थित रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं ने जिला स्तरीय कन्वेंशन का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** आशा वर्कर्स यूनियन जिला फरीदाबाद की जिला स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन आशा वर्कर कार्यालय में किया गया। जिसमें पीएचसी की चुनी हुई पदाधिकारियों ने भाग लिया। कन्वेंशन की अध्यक्षता हेमलता ने की व संचालन जिला सचिव सुधा ने किया। सीटू जिला सचिव कोमरेड निरंतर पाराशर, आशा वर्कर्स यूनियन से राज्य सचिव सुधा ने कहा कि आशा वर्कर्स की 73 दिनों की हड़ताल के चलते राज्य के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत हुई थी। इस बातचीत के हुए समझौते का नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से समझौते के नोटिफिकेशन को तुरंत जारी करने की मांग की। इसके अलावा यूनियन नेताओं ने कहा कि बंद किए गए पोर्टल को जल्दी अपडेट करके खोला जाए अपडेट न होने के कारण अगस्त सितंबर, अक्टूबर 2023 का मानदेय व अन्य राशि उन्हें अभी तक नहीं मिल पाई है। जिसे जल्दी अपडेट करने की जरूरत है। केंद्र सरकार से पक्का करने, हैल्थ कर्मचारी का दर्जा देने व पेंशन ग्रेजुएटी आदि लेने की मांग को लेकर आशा वर्कर्स द्वारा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर तक किसान व खेत मजदूर संगठनों द्वारा पंचकूला में महापड़ाव डाला जाएगा। इस पड़ाव में फरीदाबाद जिला से सैकड़ों आशा वर्कर्स भी शामिल होंगी। 28 नवंबर को पंचकूला में स्वास्थ्य विभाग के एमडी कार्यालय पर नोटिफिकेशन जारी करने के लिए पड़ाव डाला जाएगा। इस मौके पर रेखा, अनीता नीलम, सुशीला, पूजा, चंद्रप्रभा, संगीता इत्यादि जिला कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्र लक्ष्य केंद्रित करके उसका अनुसंधान करें : डॉ. कृष्णकांत



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में लगभग 10 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रिकर्व राउंड के पुरूष वर्ग में जाट महाविद्यालय रोहतक के कृष रोज 641 अंकों के साथ प्रथम स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक के नितेश 639 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के सागर 632 अंकों के साथ तृतीय स्थान व जाट महाविद्यालय रोहतक के अमन 621 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं रिकर्व राउंड प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की रिया तेवतिया 641 अंकों के साथ प्रथम स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक की कृतिका 609 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि 575 अंकों के साथ तृतीय स्थान व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की अन्नू सैनी 571 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों को अर्जुन की तरह मछली की आंख के जैसे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना है, तभी पूर्व में की गई कड़ी मेहनत रंग लाएगी। 21 नवंबर को इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन कंपाउंड राउंड का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेलकूद संयोजक डॉ. केएल कौशिक, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, सहायक प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, पवन दलाल, महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी व टीम कोच हरकेश उपस्थित रहे।

### दीपा शर्मा होंगी ब्लॉक-डी-2, सेक्टर-10 की उपप्रधान



**फरीदाबाद।** ब्लॉक-डी-2, सेक्टर-10 की बैठक मकान नं. 107ए, सेक्टर-10 में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन ब्लॉक के अध्यक्ष जगजीत सिंह नैन ने किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक के संरक्षक व पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बैसला ने की। बैठक में ब्लॉक के कार्यकारिणी के विस्तार के बारे विचार विमर्श हुआ। एकमत से ब्लॉक के उपप्रधान के पद पर दीपा शर्मा का चयन किया गया। ब्लॉक कार्यकारिणी ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी। ब्लॉक के महासचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने दीपा शर्मा का सर्मथन किया। अपना नाम चयन होने पर दीपा शर्मा ने कहा कि जो उन्हें जिम्मेदारी दी गई है, उसे बडी ही इमानदारी से पूरा करेंगी। इससे पहले भी दीपा शर्मा समाज के हित के लिए कार्य करती रहती हैं और वह कई एनजीओ में कार्य कर रही हैं। उनका अनुभव भी ब्लॉक के विकास के लिए काम आएगा। इस मौके पर किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि ब्लॉक की कार्यकारिणी ब्लॉक के विकास के लिए भरपूर कार्य कर रही है और कार्यकारिणी के काम की ब्लॉक के लोगों के अलावा अन्य सेक्टरवासी भी सराहना कर रहे हैं। ब्लॉक की कार्यकारिणी की पहल है कि ब्लॉक की कार्यकारिणी आधी भागीदारी महिलाओं की होनी चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी व उद्योगपति विरेंद्र शर्मा, रशमी महाजन, हेजल शर्मा आदि मौजूद थे।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 21 नवंबर , 2023


## इंडियन इकोनॉमी ने छुआ चार ट्रिलियन का आंकड़ा, पीएफटीआई ने जताई खुशी

**गुरुग्राम।** देश की अर्थव्यवस्था ने चार ट्रिलियन के आंकड़े को छू लिया है। इस पर प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन दीपक मैनी ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के अत्यंत निकट पहुंच गया है। इसे देश की अर्थव्यस्था के पांच ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने में बड़ी मदद मिलेगी। जर्मनी जीडीपी के मामले में अभी चौथे स्थान पर है उम्मीद है कि जल्द ही भारत इसे पछाड़ कर यह मुकाम हासिल कर लेगा।


दीपक मैनी।

दीपक मैनी ने कहा कि इंडस्ट्री और ट्रेड को अधिक से अधिक सुविधाएं देकर प्रोत्साहित करने की दिशा में तेजी से कदम उठाया जाएं तो देश की अर्थव्यवस्था का विकास तीव्र गति से होगा। मैन्यूफैक्चिरिंग से संबंधित माइक्रो, स्माल एंड मीडियम (एमएसएमई) को अभी कई प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इसकी राह आसान बना कर पांच ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। दीपक मैनी का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में हर साल वायु प्रदूषण के नाम पर इंडस्ट्री को बड़ी आर्थिक चोट पड़ती है। जबकि सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या से इंडस्ट्री का कुछ भी सीधे लेना-देना नहीं है। वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए उसके ठोस कारणों के निदान की जरूरत है।

## राष्ट्र सेविका समिति ने रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### शोभायात्रा में महानगर तरुणी प्रमुख डा. श्वेता बनीं रानी लक्ष्माबाई

### 200 से अधिक स्वयंसेविकाओं ने लिया भाग

**राष्ट्र** सेविका समिति की आदर्श रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राष्ट्र सेविका समिति की गुरुग्राम इकाई द्वारा निकाली गयी। यह यात्रा एसडी स्कूल खांडसा रोड से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई लक्ष्मी बाई पार्क, कम्युनिटी सेंटर पर आकर संपन्न हुई। यात्रा का शुभारंभ भाजपा की जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने वेदों के मंत्रोच्चारण के साथ रानी लक्ष्मीबाई के तिलक के साथ किया।

सबसे आगे घोड़े पर सवार महानगर तरुणी प्रमुख डॉ. श्वेता ने रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभाई। यात्रा में भाग ले रही स्वयंसेविकाओं ने घोष वादन के साथ तलवार, डांडिया, ध्वज पताका, दंड लिए मणिकर्णिका के वेश में निकलीं तो आम जनता भाव विभोर हो गई। इस दौरान 200 से अधिक गुरुग्राम की तरुणियों एवं महिलाओं ने फूल भी है, चिंगारी भी हैं, हम भारत की नारी हैं, के उद्घोष के साथ सहभागिता की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय तरुणी प्रमुख विजया ने यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताते हुए ऐतिहासिक महापुरुषों के जीवन से संदेश लेने, उनसे नेतृत्व क्षमता ग्रहण करने और भावी पीढ़ी व समाज को जागृत करने के लिए जोर दिया। राष्ट्र भक्ति के गीतों के साथ निकली शोभायात्रा पर लोगों ने फूल बरसाए।


गुरुग्राम में राष्ट्र सेविका समिति की ओर से रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर शोभा यात्रा में रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका में महानगर तरुणी प्रमुख डा. श्वेता रानी।

इस मौके पर उपस्थित प्रान्त सह-कार्यवाहिका प्रतिमा ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। बेटियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया मंच संचालन प्रांत सह-तरुणी प्रमुख डॉ. सुरभि ने बड़े ही प्रभावशाली ढंग से कर के सभी में जोश भर दिया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष ज्योति डंबला विभाग कार्यवाहिका राखी, सह-विभाग कार्यवाहिका दीपा, महानगर कार्यवाहिका सुनीता जायसवाल, शारीरिक प्रमुख वैशाली एवं रिद्धिमा ने भी उपस्थित रहीं।

# हमारे घर-आंगन की शोभा होनी चाहिए गोमाता

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### गोसेवा धाम गाड़ोली खुर्द गांव में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

### गोरक्षा यज्ञ के साथ लोगों ने गोमाता से लिया आशीर्वाद

**सोमवार** को गाड़ोली खुर्द स्थित माधव गौसेवा धाम में गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने गोमाता का पूजन करके आशीर्वाद लिया। शांति और सद्भावना के लिए यहां हवन-यज्ञ भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

डा. डीपी गोयल ने कहा कि गोमाता सनातन संस्कृति में पूजनीय है। गोमाता हमारे घर-आंगन की शोभा होनी चाहिए। गोमाता में देवी-देवताओं का वास होता है। गोमाता का मूत्र से लेकर गोबर तक हमारी सेहत को सुधारने के काम में आता है। उन्होंने कहा कि यह सनातन संस्कृति की ही खूबसूरती, सकारात्मकता है कि गोमाता दुनिया के लिए एक पशु हो सकती है, लेकिन हमारे लिए माता के समान है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने गोशालाओं को आर्थिक सहयोग देकर गऊओं के पालन में काफी सहायता की है।


गुरुग्राम के गांव गाड़ोली खुर्द स्थित माधव गोसेवा धाम में आयोजित गोपाष्टमी पर्व के दौरान हवन-यज्ञ में भाग लेते अतिथि, आयोजक।

नवीन गोयल ने कहा कि कामधेनु गाय को सभी गायों की माता का दर्जा प्राप्त है। कामधेनु गाय दैविक और चमत्कारी शक्तियों से परिपूर्ण बताई गई है। नवीन गोयल ने धार्मिक शास्त्रों के अनुसार कहा कि कामधेनु गाय में 33 करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं, इसलिए कामधेनु गाय के दर्शन मात्र से ही सभी कष्टों का निवारण हो जाता है। हिंदू पुराणों में कामधेनु गाय का जिक्र मिलता है। जब देवताओं ने समुद्र मंथन किया था, तो उसमें से निकलने वाली 14 मूल्यवान चीजों में एक कामधेनु गाय भी थी। माधव गौसेवा धाम के संचालक सतीश तायल ने कहा कि गोशाला बनाने का मकसद गऊओं को उचित सम्मान देना है। सड़कों पर घूमती गायों को हम सभी को उचित स्थानों पर पहुंचाना चाहिए। इस दौरान सेक्टर-45 वैश्य परिवार के अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता, रामकुमार गर्ग, सत्यनारायण कादयान, सेक्टर-10ए वैश्य परिवार के कोषाध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल, पूर्व प्रधान वैश्य परिवार सेक्टर-10ए एमएस गर्ग, पंजाबी महासभा सेक्टर-10ए से केएल चुघ, भारत विकास परिषद दक्षिण हरियाणा के महासचिव रिषी अग्रवाल, पार्थ तायल, सोनू तायल, अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन से प्रिंस मंगला, सुमित सिंगला, समेत अनेक लोगों ने गोमाता का पूजन करके आशीर्वाद लिया।

## गुरुग्राम में डेरा प्रेमियों ने क्लॉथ बैंक के तहत 200 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

### समाज को डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों से सेवा की सीख लेनी चाहिएः यशपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**डेरा** सच्चा सौदा के संस्थापक शाह मस्ताना जी महाराज के अवतार माह की खुशी में डेरा सच्चा सौदा की मुहिम क्लॉथ बैंक के तहत डेरा की साध संगत (शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर विंग) ने ठंड से बचने के लिए 200 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। कंबल वितरण का कार्य फर्रूखनगर व बोहड़ाकलां ब्लॉक की गांव जराऊ सुंदरपुर में हुई नाम चर्चा में किया गया। नाम चर्चा में फर्रूखनगर ब्लॉक से प्रेमी सेवक राजेश इंसा, बोहड़ाकलां से प्रेमी सेवक जगदीश इंसा ने बताया कि कार्यक्रम में जिला पार्षद यशपाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। अपने संबोधन में जिला पार्षद यशपाल ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा सेवा की सच्ची मिसाल है।


गांव जराऊ सुंदरपुर में डेरा सच्चा सौदा की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते जिला पार्षद यशपाल व कार्यक्रम में मौजूद जरूरतमंद परिवार एवं साध-संगत।

उन्होंने डेरा के सेवादारों को नजदीक से देखा और जाना है। बिना किसी स्वार्थ के वे दीन-दुखियों की सेवा करते हैं। गरीबों को कपड़े, राशन, दवाइयां आदि उपलब्ध कराते हैं। बेसहारा, बीमार लोगों की निरंतर सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा के मामले में डेरा सच्चा सौदा समाज को बहुत बड़ी शिक्षा देती है। धन्य हैं गुरूजी, जिन्होंने सेवादारों में सेवा का यह जज्बा पैदा किया है। आज के समय में कोई निस्वार्थ करता है तो यह बड़ी बात है। यशपाल ने कहा कि समाज को डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों से सेवा की सीख जरूर लेनी चाहिए। इनकी सेवा करने का कोई समय नहीं होता।

## यलो एआई ने एडब्लूएस पर पूरे विश्व में जनरेटिव एआई-पॉवर्ड चैटबॉट और वॉयसबॉट सॉल्यूशंस का विस्तार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेजन.कॉम** कंपनी अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) ने आज घोषणा की कि कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में ग्लोबल लीडर, यलो एआई ने अपने जनरेटिव एआई-पॉवर्ड वॉयसबॉट और चैटबॉट सॉल्यूशंस के लिए एडब्लूएस को अपना क्लाउड प्रदाता बनाया है। ये डायनामिक एआई एजेंट ग्राहकों से लक्ष्य पर केंद्रित बात करके उनका अनुभव बेहतर बनाएंगे और उनकी जरूरतों को समझकर उन्हें व्यक्तिगत समाधान प्रदान करेंगे।

कंपनी के कस्टमर सर्विस डायनामिक एआई एजेंट 135 से ज्यादा भाषाओं में 35 से अधिक टेक्स्ट एवं वॉयस-आधारित चैनलों द्वारा उच्च गुणवत्ता की 24/7 सपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का उपयोग करते हैं। यलो.एआई ने पूरे विश्व में अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए अपना समाधान एडब्लूएस मार्केटप्लेस में उपलब्ध कराया है, जो स्वतंत्र सॉफ्टवेयर विक्रेताओं की ओर से हजारों सॉफ्टवेयर लिस्टिंग का एक डिजिटल कैटालॉग है, जिसके द्वारा एडब्लूएस पर चलने वाले सॉफ्टवेयर ढूंढना, उनका परीक्षण करना, उन्हें खरीदना और फिर स्थापित करना आसान हो जाता है।

मई में एडब्लूएस में माइग्रेट होने के बाद यलो.एआई की ऑपरेशनल लागत में 20 प्रतिशत की कमी आयी, परफॉर्मेंस में 15 प्रतिशत सुधार हुआ, और बुनियादी ढांचे की लागत में 10 प्रतिशत की कमी हुई, जिससे कंपनी इनोवेशन और एआई शोध एवं विकास में पुन: निवेश करने में समर्थ बनी। यलो.एआई ने हाल ही में यलोजी का लॉन्च किया, जो मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल निर्मित, प्रशिक्षित और क्रियान्वित करने के लिए पूर्णत: मैनेज्ड सेवा, अमेजन सेजमेकर का उपयोग करके केंद्रीकृत ग्लोबल एवं प्रोपरायटरी एलएलएम द्वारा संचालित एक जनरिक एआई-पॉवर्ड प्लेटफॉर्म है। एलएलएम की मदद से यलो.एआई वेबसाइट, दस्तावेज एवं अन्य संबंधित डेटा की रिपॉज़िटरी से जानकारी प्राप्त कर ग्राहकों के स्वालों के जवाब निर्मित होते हैं। हैलुसिनेशंस (एआई प्रतिक्रियाएं जो सटीक या वास्तविक नहीं हैं) को कम करके वास्तविक समानुभूति प्रदर्शित करते हुए इसकी हैलुसिनेशन दर लगभग शून्य के है, यलो.एआई के डायनामिक एआई एजेंट ग्राहकों के 90 प्रतिशत तक सवालों के जवाब स्वयं दे सकते हैं। उन्होंने ईकॉमर्स ग्राहक इंटरैक्शन में भी सुधार किया है, जिससे ग्राहकों की सर्विस पूरी होने की दर में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है, और ग्राहक संतुष्टि स्कोर 40 प्रतिशत बढ़ा है।

**यलो एआई एक पूर्णत:** मैनेज्ड फाउंडेशन मॉडल (एफएम) सेवा, अमेजन बेडरॉक का उपयोग करता है, जो व्यवसायों को उद्योग में अग्रणी एफएम उपलब्ध कराता है, जिससे यलो एआई को जनरेटिव एआई एप्लिकेशंस को तेजी से प्रोटोटाइप, पुनरावृत्त और स्केल करने में मदद मिलती है। यलो एआई का उद्देश्य जनरेटिव एआई की मदद से लक्ष्य पर केंद्रित बातचीत और कस्टमर सपोर्ट बढ़ाना है। डायनामिक एआई एजेंट लीड मैनेज करने, सवालों के जवाब देने, व्यक्तिगत छूट, विशेष ऑफर और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए ग्राहकों के साथ संलग्न हो सकते हैं।

## चुनौतियों का सामना कर रहा ब्लूकॉलर वर्कफोर्स, सीमित अवसरों के कारण आजीविका पर संकट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### पहली बार नौकरी की तलाशने वाले लोगों की संख्या 80 प्रतिशत बढ़ी

**भारत** के अग्रणी ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने जॉब मार्केट को लेकर महत्वपूर्ण डाटा साझा किया है। आंकड़ों में सामने आया है कि रोजगार चाहने वालों और रोजगार के उपलब्ध अवसरों के बीच बहुत अंतर है। नौकरी चाहने वालों की तुलना में ओपनिंग्स कम हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, रोजगार चाहने वालों की संख्या 67 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि रोजगार के अवसर 61 प्रतिशत बढ़े हैं। इस अंतर के कारण लोगों के लिए नौकरी पाना मुश्किल हो रहा है। नए लोगों के लिए मुश्किल ज्यादा है। पहली बार नौकरी की तलाश में निकले लोगों की संख्या 80 प्रतिशत बढ़ी है, लेकिन जॉब ओपनिंग्स केवल 66 प्रतिशत बढ़ी हैं।

कम अनुभव (1 से 2 साल) वालों के लिए भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। इस श्रेणी में रोजगार चाहने वाले 63 प्रतिशत बढ़े हैं, जबकि रोजगार के अवसर 54 प्रतिशत बढ़े हैं। 2 साल से ज्यादा अनुभव वाली श्रेणी में रोजगार पाने वालों की संख्या 30 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि जॉब ओपनिंग्स 29 प्रतिशत बढ़ी हैं। नौकरी के अवसर और नौकरी चाहने वालों की संख्या के बीच यह अंतर गंभीर समस्या खड़ी कर रहा है। ब्लू-कॉलर वर्कफोर्स को इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। उनके लिए आजीविका के अवसर तलाशना मुश्किल हो रहा है।

वर्कइंडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा, 'भारत में ब्लू-कॉलर वर्कफोर्स को अर्थपूर्ण आजीविका के अवसर प्रदान करना हमारा मिशन है और हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। हम जॉब मार्केट की मौजूदा स्थिति को समझ रहे हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में हम रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को सशक्त करने में सहायक हो सकते हैं, जिससे स्थिति को बेहतर करने में मदद मिलेगी।'

ब्लू-कॉलर कर्मियों को इस चुनौतीपूर्ण माहौल का सामना करने के लिए रणनीतिक कदम उठाना होगा। उन्हें अपनी कुशलता निखारनी होगी, अन्य लोगों के साथ अपना नेटवर्क बढ़ाना होगा और अपने रेज्यूमे को बेहतर करना होगा। इससे उन्हें खुद को ज्यादा अच्छे से सामने रखने और इस प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

वर्कइंडिया देश में जॉब मार्केट की तस्वीर को सही तरीके से सामने रखने और सही जानकारी के माध्यम से रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के 772 शहरों में संचालित हो रहा यह प्लेटफॉर्म 15 लाख से ज्यादा एसएमबी और बड़े कॉरपोरेट्स को हायरिंग में मदद कर रहा है। टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित इस प्लेटफॉर्म ने भर्ती की ऐसी व्यवस्था बनाई है, जिसमें कोई बिचौलिया नहीं है। इससे फर्जी नौकरियों का खतरा भी कम हुआ है। यह रोजगार चाहने वालों के लिए ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिस पर वह नौकरी की तलाश के लिए भरोसा कर सकते हैं।

## हैवल्स ने गुरुग्राम में अपना अभिनव फ्लैगशिप स्टोर लांच किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारत** की अग्रणी फास्ट मूविंग इलेक्ट्रिकल गुड्स कंपनी हैवल्स इंडिया लिमिटेड ने आज गुरुग्राम की मशहूर लोकेशन गोल्फ कोर्स रोड पर अपने फ्लैगशिप स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। साल 2022 में दिल्ली के लाजपत नगर में कंपनी ने हैवल्स ऐक्सपीरियेंस सेंटर की शुरुआत की थी जिससे बहुत कामयाबी मिली है, उसी तर्ज पर कंपनी ने अब अपने इस स्टोर का आरंभ किया है। यह नया स्टोर तीन विशाल फ्लोर्स पर फैला है जिसका कुल क्षेत्रफल 5000 वर्ग फीट है। ग्राहक जिस तरीके से इलेक्ट्रिकल उपकरणों और समाधानों को देखते परखते व खरीदते हैं उस तरीके में यह स्टोर क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है।

हैवल्स के इस प्रयास के केन्द्र में है नवप्रवर्तन और ग्राहक संतुष्टि के लिए अटल प्रतिबद्धता। यह स्टोर एक ही छत के नीचे उत्पादों की सबसे विस्तृत रेंज पेश करता है और सभी इलेक्ट्रिकल जरूरतों के लिए वन-स्टॉप-डेस्टिनेशन बन गया है। अत्याधुनिक घरेलू उपकरणों (जैसे लॉयड एयर कंडीशनर, वॉशिंग मशीन व टेलीविजन) से लेकर उन्नत इंडस्ट्रियल उपकरणों (जैसे क्रेन ड्यूटी पम्प, हैवी-ड्यूटी फैन, स्विच गियर, कंट्रोल गियर) तक और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसे पंखे, लाइटिंग, स्विच, हेयर ड्रायर व एयर कूलर तक-हैवल्स फ्लैगशिप स्टोर में सब कुछ मौजूद है।

इस स्टोर की एक खासियत है प्रभावशाली 24×24 फीट एलईडी स्क्रीन। यह विशाल स्क्रीन गुडगांव की मशहूर गोल्फ कोर्स रोड पर एक किलोमीटर दूर से ही ध्यान आकर्षित कर लेती है। यह भीमकाय स्क्रीन न केवल उपभोक्ता की दृष्टि पर छा जाती है बल्कि हैवल्स उत्पादों का बेहतरीन नजारा भी प्रस्तुत करती है। इस स्टोर में आने वाले ग्राहक अपेक्षा रख सकते हैं विस्तृत उत्पाद रेंज की, विशेषज्ञ मार्गदर्शन की और एक बेमिसाल विजुअल अनुभव की जो उनकी शॉपिंग को पूरी तरह बदल देता है। हैवेल्स इंडिया के सीएमडी, श्री अनिल राय गुप्ता ने इस लांच पर कहा, ''गुरुग्राम में हैवल्स फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया।

## छठ पर्व पर उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब


सोहना में बना छठ घाट पर दंपति सेल्फी लेते हुए।


किशोरी छठ घाट पर अपनी रिश्तेदार महिलाओं के साथ सेल्फी लेते हुए।


गुरुग्राम के गांव नरसिंहगपुर में छठ पूजा के दौरान उगले सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु। गुरुग्राम जिले की पुलिस जोन पूर्व में 9 स्थानों पर, पश्चिमी जोन में 26 स्थानों पर, दक्षिण जोन में 08 स्थानों पर तथा मानेसर जोन में 11 स्थानों सहित कुल 54 स्थानों पर छठ पर्व की पूजा का आयोजन किया गया। *फोटो : संजय कुमार मेहरा*

**एन. रोहिल्ला।** सोहना

**शहर** के देवीलाल खेल स्टेडियम में बना छठ घाट पर व्रती महिलाओं और पुरुषों ने सोमवार की सुबह उगते हुए सूरज को अर्घ्य दिया।

इस अवसर पर घाट पर आस्था की भारी भीड़ जुटी। सोमवार की सुबह 4 बजे से ही देवीलाल खेल स्टेडियम में बना छठ घाट पर व्रती महिला व पुरुषों ने पूजा पाठ के लिए आना शुरू कर दिया था। करीब एक घंटा में सैकड़ों की संख्या में छठ में आस्था रखने वालों की भारी भीड़ घाट पर जुट गई। उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने वालों ने तालाब में उतरकर अर्घ्य दिया। यह सिलसिला सुबह साढ़े 4 बजे शुरू हुआ और सुबह की सूरज की किरण निकलने तक चला। व्रतियों ने तलाब में उतरते हुए छठ की पूजा की। पूजा करने के दौरान परिजनों ने पूरा सहयोग करते हुए सभी धार्मिक रीति रिवाजों को निभाते हुए व्रत पूरा कराया। छठ का व्रत जीवन में नये उमंग, उत्साह और आशाओं का होता है। छठ कमेटी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि छठ व्रत के दौरान उगते हुए सूरज को अरग देने का मतलब है कि अंधकार से उजाले की ओर जाना। जिस प्रकार सुबह की भोर सूरज की किरणें निकलने से होती है। वैसे ही जीवन में नया सवेरा नई आशाएं और खुशियां आने की आस्था रखी जाती है।

**सेल्फी लेने की होड़ :** छठ घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर अपने परिजनों के साथ सेल्फी खींची। घाट पर छठ पूजन के शानदार दृष्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करने के लिए लोग आतुर थे। किसी ने सेल्फी लेकर तो किसी ने अर्घ्य देने वालों के फोटोग्राफ अपने मोबाइल में कैद कर लिये। सेल्फी लेने में महिलाएं पुरुषों से आगे रही।


सोमवार की सुबह सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में बना छठ घाट में महिला उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हुए।

## स्लैक के नए अध्ययन में सामने आया कि भारत में कार्यस्थलों पर लोग एआई की वृद्धि में सहयोग कर रहे हैं, जिसे प्रॉब्लम सॉल्वर्स और एक्सप्रेशनिस्ट्स द्वारा अपनाए जाने की संभावना सबसे ज्यादा है

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**अग्रणी** वर्कप्लेस प्रोडक्टिविटी प्लेटफॉर्म, स्लैक ने आज अपनी नई ग्लोबल रिसर्च के परिणाम जारी किए, जिसमें भारत में कार्यस्थल पर काम करने वाले लोगों और टेक्नॉलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) को अपनाने पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह यूगॉव सर्वे नौ बाजारों में 15,000 डेस्क कर्मचारियों पर किया गया, जिनमें 2000 कर्मचारी भारत से थे। इसमें भारतीय डेस्क कर्मचारियों की पसंद और व्यवहार के बारे में अद्वितीय जानकारी सामने आई। कार्यस्थल पर अलग-अलग तरह के कर्मचारियों के साथ भारत एआई एडॉप्शन के मामले में सबसे आगे खड़ा है, जिसे सबसे ज्यादा प्रॉब्लम सॉल्वर्स और एक्सप्रेशनिस्ट अपना रहे हैं।




प्रॉब्लम सॉल्वर और एक्सप्रेशनिस्ट भारत में एआई एडॉप्शन का नेतृत्व कर रहे हैं इस अध्ययन में सामने आया कि भारत में सबसे ज्यादा आम कार्यबल प्रॉब्लम सॉल्वर्स का है, जिसमें 23 प्रतिशत कार्यबल शामिल है। प्रॉब्लम सॉल्वर्स टेक और ऑटोमेशन में निपुणता रखते हैं, और एआई एवं कार्य की प्रक्रियाओं को स्ट्रीमलाइन करने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। उनमें से 92 प्रतिशत अरली टेक एडॉप्टर्स हैं, और 77 प्रतिशत एआई की ओर उत्सुक हैं। अपने काम में एआई का उपयोग करने के लिए प्रॉब्लम सॉल्वर का उत्साह स्पष्ट दिखाई देता है। उनमें से 43 प्रतिशत प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। अध्ययन में सामने आया कि ये लोग 54 प्रतिशत हैं, जो भारत में एआई के सबसे ज्यादा उपयोग में अपना योगदान देते हुए एक्सटर्नल टेक प्रशिक्षण चाहते हैं, इसके बाद 34 प्रतिशत के साथ सिंगापुर का स्थान है। एक्सप्रेशनिस्ट के पास एक मजबूत विज्युअल कम्युनिकेशन स्टाइल होता है, जो भारत के कार्यबल में 21 प्रतिशत हैं। वो एमोजी, जीआईएफ और मेमेज़ द्वारा कार्यस्थल के संवाद को कम औपचारिक और ज्यादा दिलचस्प बनाते हैं। विश्व में 72 प्रतिशत एक्सप्रेशनिस्ट संचार बढ़ाने के लिए इन विज्युअल टूल्स का उपयोग करते हैं, जबकि ऐसे डेस्क कर्मियों की संख्या 29 प्रतिशत है। उनका मानना है कि कार्यस्थल का संचार मनोरंजक और दिलचस्प होना चाहिए, और वर्चुअल कनेक्शन स्थापित करने और अपेक्षा के अनुरूप संदेश पहुंचाने के लिए इन विज्युअल एलिमेंट्स का उपयोग होना चाहिए। एक्सप्रेशनिस्ट का वर्चस्व दक्षिण कोरिया (15 प्रतिशत) और सिंगापुर (12 प्रतिशत) में भी है।

**डिटेक्टिव्स और रोड वॉरियर्स, जो भारत में कम हैं :** दूसरी तरफ, भारत में डिटेक्टिव कम हैं। ये तफ्तीश करने वाले लोग अपनी जिज्ञासा और जानकारी साझा करने की प्रवृत्ति के लिए जाने जाते हैं।

# स्कूलों में गुरुकुल परंपरा का किया जाना चाहिए निर्वहन : आनंदमूर्ति गुरुमां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आनंदमूर्ति** गुरुमां ने चार दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरु अमरदास जी की गुरुवाणी के शब्द-सतगुरु की सेवा सफल है, जे को करे चित लाय, सतगुरु की सेवा सफल है...से आनंदमूर्ति गुरुमां ने सत्संग आरम्भ किया।

अपने प्रवचनों में आनंदमूर्ति गुरुमां ने कहा कि एक समय था हमारी संस्कृति में गुरु कुल परम्परा थी। गुरु-शिष्य का अटूट रिश्ता होता था। अब हमारे यहां गुरु कुल परम्परा नहीं रही। जरूरी है कि इस परम्परा का स्कूलों में निर्वहन किया जाना चाहिए। स्कूलों में नैतिक शिक्षा दी जानी चाहिए। स्कूलों में भारत के महापुरुषों के जीवन के बारे में बताओ। रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना रानी दुर्गावती ने अद्भुत जीवन जिया है, वह बच्चों को बताया जाए। गुरु मां ने आश्रम में आने को भी भगवान के भरोसे छोड़ दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह सोच सही नहीं है कि अगर भगवान ने चाहा तो आश्रम में जरूर आएंगे। तुम शादी के लिए लड़का-लड़की ढूंढते समय ऐसा नहीं सोचते। दूसरे अच्छे कार्यों के लिए भी बहुत मेहनत करते हो। अध्यात्म के लिए इतनी मेहनत नहीं करते। अध्यात्म के लिए समय निकालें। गुरुओं के आश्रम आएं। ऑनलाइन सत्संग सुनने वालों को सत्संग में आने का संदेश देते हुए

**गुरु के आश्रम में जाने, ना जाने के लिए बहाने, किस्मत की बात ना करें**

गुरु मां ने कहा कि ज्ञान की ऊष्मा, ऊर्जा का आनंद लेना है तो सत्संग में आना पड़ेगा।

ऑनलाइन से काम नहीं चलेगा। जो ऑनलाइन सत्संग सुनते हैं, उनके साथ रिश्ता अच्छा नहीं बनता। सत्संग में आकर रिश्ता मजबूत बनाओ। दानियों द्वारा अपने नाम के पत्थर लगवाने पर गुरु मां ने कहा कि अपने नाम के लिए पैसे दिए, या ईश्वर के प्रेम में पैसे दिए। एक आदमी दस करोड़ की बेईमानी करे, 10 लाख रुपये दान दे, क्या इसे दान माना जाएगा। भगवान को पैसा नहीं तुम्हारा भाव प्यारा है। इससे पूर्व मंच संचालन करते हुए आनंदमूर्ति गुरु मां आश्रम के ट्रस्टी बोधराज सीकरी ने कहा कि गुरु मां की शैली अद्भुत है। प्रवचनों में सीख है। ज्ञान को विज्ञान में परिवर्तित करना गुरु मां ने बखूबी सिखाया है।



गुरुग्राम में आनंदमूर्ति गुरुमां से आशीर्वाद लेतीं अंतराष्ट्रीय मंच पर ख्याति प्राप्त गीता गोदारा एवं आशिका गोदारा।

उन्होंने आगे कहा कि गुरु मां ने चार दिन में चिंता का कारण, उसका निवारण, पर्यावरण, आध्यात्मिक ज्ञान, जीवन शैली, जीने की कला सिखाई। इस अवसर पर डा. परमेश्वर अरोड़ा आयुर्वेदाचार्य, डीएन कवातरा समाजसेवी, अत्तर सिंह संधू भाजपा किसान मोर्चा, हरीश गुप्ता हरेरा, भारत भूषण आर्य, धर्मेंद्र बजाज, गजेंद्र गोसाईं, नरेश चावला, डा. पूजा शर्मा एडवाइजर मेदांता अस्पताल, डा. सुशीला कटारिया वरिष्ठ चिकित्सक, मनीष गाड़ोली, सतीश आहूजा, राजबीर राणा, राजेश आहूजा, शालू, नवीन, श्याम सुंदर बीजेपी वरिष्ठ नेता, अंतरराष्ट्रीय मंच पर ख्याति प्राप्त दादी-पोती गीता-आशिका गोदारा, विश्व जागृति मिशन से चंदोक ने आनंदमूर्ति गुरु मां का अभिनंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार


### दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ



**गुरुग्राम।** हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से जिला प्रशासन के सहयोग व मार्गदर्शन में सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ हुआ। गुरुग्राम की प्रसिद्ध नृत्यांगना आचार्य जयश्री व सोशल एक्टिविस्ट श्रीमती हिमानी ने दीप प्रज्वलित कर युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। युवा महोत्सव में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 450 प्रतिभागी शामिल हुए। दो दिवसीय युवा उत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए आचार्य जयश्री ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। यह सभी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त व सर्वोच्च माध्यम है। इस दौरान उन्होंने ने प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा, चयनित होते हुए राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर जिला व देश का नाम रोशन करें। इसी प्रकार फोटोग्राफी से संबंधित विषय भी मौके पर दिए गए। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं उत्सव के नोडल अधिकारी जयप्रकाश कादियान, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) के प्रधानाचार्य जयप्रकाश यादव सहित काफी संख्या में प्रतिभागी व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### नेटवर्क नहीं होने से नई तहसील में कामकाज नहीं हुआ

**सोहना।** तहसील कार्यालय में नेटवर्क लाइन शुरू न होने के कारण नये भवन में कामकाज 20 से 30 दिन बाद शुरू होगा। सोमवार को बस स्टैंड परिसर में ही तहसील का कामकाज नियमित रूप से चलाया।



तहसील कार्यालय को मिला सिंचाई विभाग को नया भवन परिसर में कामकाज नेटवर्क प्रणाली चालू न होने के कारण करीब एक माह तक रोक लग गई है। नये भवन परिसर में तहसीदार और नायब तहसीलदार के कार्यालय को तैयारी करने की कवायद शुरु होग गई है। तहसील कार्यालय को सिंचाई विभाग के भवन में स्थापित करने के आदेश तो जारी हो गए हैं। जिसको लेकर रेवणु विभाग की तरफसे कुछ नया तहसील कार्यालय बनाने की तैयारी तेजी की जा रही है। जिसको लेकर नेटवर्क के कनेक्शन और तारें डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उक्त कार्य को पूरा होने में 20 से 30 दिन समय लगने की आशंका जताई जा रही है। जैसे ही शनिवार को तहसील कार्यालय नये भवन में स्थापित करने की सूचना अधिवक्ताओं से लेकर अजनवीश, स्टांप पेपर विक्रेता और टाइपिश करने वाले को मालूम हुआ। वैसे ही सभी ने सिंचाई विभाग के खाली परिसर में अपनी-अपनी सीटें जमा लीं। सिंचाई विभाग के स्थानीय जेई जुबेर खान ने बताया कि उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशानुवार रेवणु विभाग को उक्त भवन दो वर्ष के लिए किराए पर दिया है। तहसील कार्यालय को विश्राम गृह के 8 कमरों में स्थापित किया जाएगा। जिसमें 4 कमरे जमीन स्तर पर तथा 4 कमरे पहली मंजिल पर हैं।

### वेटलिफ्टिंग के लिए नूंह से 10 खिलाड़ी चयनित



**नूंह।** वेटलिफ्टिंग कोच आबिद हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलो हरियाणा महाकुंभ के अंतर्गत भाग लेने वाले खिलाडियों के लिए नूंह में वेटलीफ्टिंग ट्रायल का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह में किया गया। जिसमे नूंह से 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो राज्य स्तरीय हरियाणा खेल महाकुंभ में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल मुकेश शास्त्री की देख रेख में आयोजित किया गया।

### मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा किसी प्राइवेट अस्पताल में



**नूंह।** जिला मुख्यालय नूंह स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से अल्ट्रासाउंड, डेंटल मशीन, एक्सरे की सुविधा बंद थी। जिससे मरीजों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता था। आपको बता दे कि जब भी कोई गर्भवती महिला सीएचसी नूंह में अपना इलाज के जाती है तो उनको अल्ट्रासाउंड व एक्सरे की जरूरत पड़ती है, लेकिन काफी समय से यहां पर यह दोनो मशीन बंद पड़ी थीं। जब से एसएमओ डॉ कपिल देव की नियुक्ति हुई है, तब से इस समस्या का हल होने लगा है। ग्रामीण आफताब बाबूपुर, मुस्ति, अमजद आदि ने बताया कि सीएचसी नूंह में अल्ट्रासाउंड, डेंटल मशीन, एक्सरे की मशीन बहूत दिनों खराब थी, जिससे मरीजो को भारी दिक्कत हो रही थी उन्होंने कहा कि जब एसएमओ कपिल देव की नियुक्ति हुई इन तीनों समस्याओं का समाधान हो गया है। ग्रामीणों ने डॉक्टर कपिल देव का धन्यवाद करते हुए कहां कि जिले के सभी सीएचसी व पीएचसी व सब सेंटरों हॉस्पिटलों में ऐसे डॉक्टर की बेहद जरूरत है। कुल मिलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह में ज्यादातर सुविधाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है, अब मरीजों को काफी आसानी होगी।

### सीएचसी नूंह में मिलेगी अब अल्ट्रासाउंड, डेंटल मशीन, एक्सरे की सुविधा

**नूंह।** नूंह शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल टंकी के पास नलहर रोड पर 24 नवंबर को दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शास्त्री ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे शिविर में व्हीलचेयर, बैसाखी, बेलस्लेट, ट्राई साईकल, बेल बुक, एमआर की किर, सुनने की मशीन, अन्य दृष्टिविहिन बच्चों को मोबाइल उपकरण दिए जाएंगे। यह शिविर प्रात: 9 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक चलेगा। शिविर में दिव्यांग बच्चों का आधार कार्ड, आवेदन पत्र दिव्यांग प्रमाण-पत्र व अभिवा अभिभावकों को आय प्रमाण-पत्र और परिवार पहचान पत्र लाना आवश्यक है।

# फिनलैंड के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सुखराली तालाब का किया दौरा

**प्रतिनिधिमंडल ने तालाब के पानी शुद्धिकरण प्रक्रिया की ली जानकारी**



गुरुग्राम के सुखराली तालाब का दौरा करते फिनलैंड के संसदीय प्रतिनिधिमंडल सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फिनलैंड** के राजदूत किम्मो लाहदेवरिता तथा पर्यावरण समिति की अध्यक्षा जेनी पिटको की अध्यक्षता में सोमवार को फिनलैंड के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुग्राम के सुखराली तालाब का दौरा किया तथा सुखराली तालाब के पानी शुद्धिकरण प्रक्रिया की जानकारी ली।

फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेवरिता ने कहा कि जल शुद्धिकरण के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को फिनलैंड व भारत द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है। इसमें इंडो नार्डिक वाटर फोरम भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में यह पायलट प्रोजेक्ट कमर्शियल प्रोजेक्ट को भी लीड करेगा। इस तकनीक का इस्तेमाल लोगों के लाभ के लिए किया जाएगा। ऑक्स ट्यूब व ऑक्सीटेक रिक्लेमेशन तकनीक का यह प्रयास सफल रहा तो इसे हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी शुरू किया जाएगा। इस मौके पर मीकाडा के प्रशासक डा. सतबीर सिंह कादियान ने बताया कि सुखराली तालाब के पानी शुद्धिकरण के लिए फिनलैंड दूतावास के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में स्वच्छ पानी के गैप को पूरा करने के लिए निरंतर नए इनीशिएटिव पर जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा धरातल पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इनके तहत सरकार ने सुखराली गांव के तालाब को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चुना गया है।

उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट पर जल शुद्धिकरण की इस पूरी प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की जा रही है। मीकाडा के साथ फिनलैंड दूतावास का यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा तो आगे इसे नगर निगम गुरुग्राम को सौंपकर अन्य तालाबों पर भी पानी शुद्धिकरण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने गांव की महिलाओं के साथ भी बातचीत की तथा प्रोजेक्ट के बारे में पूछा। गांव की वरिष्ठ नागरिक चंद्रवती व चमेली देवी ने बताया कि गांव का यह तालाब पहले के मुकाबले काफी बेहतर बना है। धीरे-धीरे अब पानी साफ हो रहा है। तालाब का जीर्णोद्धार होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। विशेषकर वरिष्ठ नागरिक यहां पर योगा सहित अन्य गतिविधियां करते हैं। इस मौके पर मीकाडा के चीफ इंजीनियर सुरेश यादव, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार व संजीव सिंगला, निवर्तमान निगम पार्षद संजीव सिंगला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नूंह के कुआं पूजन विवाद में आरोपी छात्रों को मिली जमानत

**मेवात।** कुआं पूजन नूंह विवाद मामले में अमित वर्मा सीजेएम कोर्ट ने बड़ा मदरसा नूंह के दोनों छात्रों को जमानत दे दी। दोनों छात्रों को जमानत मिलने के बाद बड़ा मदरसा नूंह संचालक मुफ्ती जाहिद हुसैन को सौंपा गया है। मुफ्ती जाहिद हुसैन गार्जियन के तौर पर कोर्ट में पेश हुए थे। बच्चों के वकील ताहिर हुसैन देवला एवं रमजान चौधरी एडवोकेट ने करीब पौने घंटे तक सरकारी वकील के साथ जमानत को लेकर बहस की। कोर्ट ने दोनों पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद पिछले करीब तीन दिन से बाल सुधार गृह फरीदाबाद में रह रहे बच्चों को जमानत दे दी।

आपको बता दें कि कुआं पूजन के दौरान गुरुवार शाम करीब 8 बजे नूंह शहर में बड़ा मदरसा नूंह के पीछे अग्रवाल चौक पर महिलाओं पर पथराव करने का मामला सामने आया था। इस मामले में बड़ा मदरसा नूंह के तीन छात्रों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। जिसमें से सुदेश रानी सीडब्ल्यूसी सदस्य के सामने बच्चों को पेश किया गया था। जिसमें से 8 साल के बच्चे को जमानत मिल गई थी और 11 तथा 12 वर्ष के दो



मदरसा के छात्रों को बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया था। बच्चों पर की गई इस कार्रवाई का सोशल मीडिया पर इलाके के लोगों ने कहीं ना कहीं विरोध भी दर्ज किया था, लेकिन अब इस पूरे प्रकरण का एंड होता दिखाई दे रहा है। दुकानदारों ने इस घटना के विरोध में नूंह शहर के बाजार को भी बंद किया था। नेताओं और अधिकारियों की मध्यस्थता के चलते दुकानदार राजी हो गए थे और कई घंटे बाद बाजार खोल दिया गया था। कुआं पूजन नूंह पथराव मामले में आरोपी बनाए गए अब तीनों बालक को जमानत मिल चुकी है। रमजान चौधरी एडवोकेट ने बताया की पुलिस की तरफ से डीएसपी वीरेंद्र सिंह भी इस जमानत की कार्रवाई के दौरान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी वकील ने करीब पौने घंटे तक बहस की, आखिरकार कोर्ट ने दोनों बच्चों को जमानत दे दी।

## त्याग और बलिदानों से भरा रहा इंदिरा गांधी का जीवन: जितेंद्र कुमार





**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्षत जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि देशहित में अपने प्राणों की आहुति देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का पूरा जीवन देश के लिए त्याग व बलिदानों से भरा रहा है। उनको देश कभी नहीं भूलेगा। वे देश की एक महान व सर्वप्रिय नेता थी।

रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्षत जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी देश की एक महान नेता थी और उन्होंने देश को मजबूत व दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया। उनके नेतृत्व का लोहा पुरे देश ने माना। उन्ही की नीतियों के परिणामस्वरूप भारत को पाक के साथ हुए युद्ध में बड़ी जीत मिली थी। दक्षिण एशिया में व्यात अशांति का दौर समाप्त किया था। उन्होने कहा म्यान मार्ग(बंगला देश) का निर्माण कराके उन्होंने सबको अपने मजबूत नेतृत्व का अहसास कराया था। उनके इस मजबूत नेतृत्व व कार्यशैली से ही भारत को विश्व के मानचित्र पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान मिली। इंदिरा गांधी को अपने किए गए राष्ट्र हितेषी कार्यों के लिए उत्पन्न हुए खतरों का आभास था। लेकिन उन्होंने अपनी जान की कभी परवाह नहीं की। देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए वो मजबूती के साथ खड़ी रही। उनकी नजर में तो केवल देश की आन बाण और शान की रक्षा ही सर्वोपरि फर्ज था। इसलिए तो उस वक्त के विपक्ष के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने इंदिरा गांधी को दुर्गा की संज्ञा दी।

# सोहना में अग्निशमन विभाग के कार्यालय की हालत जर्जर

एन रोहिल्ला। सोहना

**सोहना** का अग्निशन विभाग का खंड कार्यालय का भवन अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है। भवन की दीवारों में लंबी-लंबी दरारें दिन प्रति दिन बढ़ने के साथ जर्जर होती जा रही हैं। दीवार से ईट और छत में लगा सरिया प्लास्टर छूटकर गिरने से साफ नजर आने लगे है। जिससे अग्निशमन विभाग कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी करने को मजबूर है।

शहर के वार्ड-5 की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में स्थित अग्निशमन विभाग का खंड कार्यालय के भवनों का निर्माण करीब 15 साल पहले की कराया गया था। जहां पर एक बड़ा हाल समेत बरामदा और अधिकारी का ऑफिस बनाया था। लेकिन मात्र 15 साल में ही भवन की दीवारों में लंबी-लंबी दरारे आनी शुरु हो गई है। दीवारों ने पिल्लरों के साथ से अलग होने लगी



भवन की छत के साथ छज्जे से प्लास्टर गिरने के बाद साफ नजर आता सरिया।

है। यें लंबी-लंबी दरारें दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। जिन्हे कई बार मशाले से भरावाया गया है। लेनिक कम होने का नाम नहीं ले रही है।

**प्लास्टर छूटकर गिर रहा है जमीन पर:** भवन की दीवारों में लगीं ईंट और छत के लेंटर में लगी लोहे की सरिया प्लास्टर छूटकर गिरने से साफ नजर आ रहे है। भवन की छत पर अंदरों के उछल कूद करने से भी मशाला गिरने लगता है। छत से प्लास्टर गिरने से कर्मचारी विश्राम भी नहीं कर पाते हैं।

> “**यह** भवन नगर परिषद द्वारा बनाया गया था। लेकिन मात्र 15 वर्ष में ही भवन की दीवार और छत से प्लास्टर गिरने से ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही की पोल खुल गई है। अब उनका विभाग नगर परिषद विभाग से अलग हो गया है। अग्निशमन विभाग से ही नये भवन निर्माण की मांग की जाएगी।
> ( जयवीर भड़ाना-सहायक अधिकारी फायर स्टेशन )

## गुरुग्राम में 23 नवंबर से शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गुरुग्राम।** केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जनमानस को जानकारी देने और जागरूक करने के लिए गुरुग्राम में 23 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी। सरकारी योजनाओं का अंतिम व्यक्ति लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए जिला की सभी ग्राम पंचायतों के साथ नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम के प्रत्येक वार्ड को इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए केंद्र सरकार की ओर से गुरुग्राम जिला के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी महेंद्र कुमार तथा एडीसी हितेश कुमार मीणा ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली। महेंद्र कुमार ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य ध्येय विकसित भारत का निर्माण करना है, जिसमें हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मियों ने हड़ताल के 42वें दिन भी धरना रखा जारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की 35 ग्राम पंचातयों तैनात सफाई कर्मियों ने अपनी मांगे पूरी न होने पर सोमवार को फिर से बीडीपीओ कार्यालय में धरना पर बैठ गए। सफाई कर्मी पिछले 41 दिन से मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे है।

पिछले 41 दिन से अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठें ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मियों ने 42वें दिन भी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में धरना दिया। यह धरना ब्लॉक प्रधान बिमलेश की अध्यक्षता में दिया। बिमलेश ने बताया कि मंगलवार को जिला स्तर पर गुरुग्राम में धरना दिया जाएगा। कर्मचारियों की मांगों को जब तक प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी नहीं करती। तब तक कर्मचारी गांवों में सफाई नहीं करेंगे। हड़ताल और धरना का यह मामला पिछले 41 दिन से चला आ रहा है। यूनियन के प्रदेश पदाधिकारियों के आदेशानुसार धरना को एक दिसंबर तक जारी रखने के आदेश दिए गए हैं। बिमलेश ने बताया कि कर्मचारी इस बार अपनी मांगों को पूरा होने पर ही काम पर लौटेंगे। उन्होने कहा कि यदि यूनियन का प्रदेश स्तर से भूख हड़ताल और आमरण अशन का भी आदेश आता है। वे इस आदेश की पालना करने में कोई कमी नहीं छोडेंगे।



सोमवार को अपनी मांगों को लेकर बीडीपीओ कार्यालय परिसर में धरना पर बैठे ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मी।

### गांवों में कूड़े के लगे ढ़ेर

ग्राम पंचातयों में पिछले 41 दिन से साफसफाई न होने से नालियों में गंदा पानी रुका हुआ खड़ा है। गांवों के आम रास्ते से लेकर चौक-चौराहों पर गंदगी के ढेर लगे हुए है। ग्रामीण अपने-अपने घरों के कूड़े को चौक-चौराहे पर फेंक रहे हैं। जिससे गंदगी से उठती बदबू लोगों को सास लेना भी मुश्किल कर रही है।

# सब्जी बीज उत्पादक कंपनी कर्मियों ने वेतन न बढ़ाने पर दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सब्जी** के बीच उत्पादक एक्शन एग्रीसाइन कंपनी के कर्मचारियों ने वेतन में बढ़ोतरी न होने पर गेट पर धरना दिया। कर्मचारियों ने मांग पूरी न होने तक धरना का जारी रखने का ऐलान किया है। सोमवार को सब्जी बीज उत्पादक एक्शन एग्रीसाइन कंपनी के करीब 100 कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य द्वार पर धरना देकर बैठ गए। धरना देने वालों में 25 से 30 महिलाए कर्मचारी भी शामिल थीं।

धरना पर बैठक कर्मचारियों ने कंपनी प्रबधंक अमित भारद्वाज पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए पिछले दो साल से वेतन में बढ़ोतरी न करने का आरोप लगाया है। कंपनी कर्मचारी ओमप्रकाश ने बताया कि वह राजस्थान का मूल निवासी है। 5 साल से इस कंपनी में काम करता आ रहा है। पिछले 11 साल में इस कंपनी के तीन मालिक बदले है। 11 साल में तीन बार ही कंपनी का नाम बदला है। लेकिन 11 साल से काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या 20 से 25 है। लेकिन आज तक किसी का वेतन में कोई बढौत्तरी नहीं की गई है। संजय का कहना है कि कंपनी की तरफसे कर्मचारियों को 11 हजार रुपये का वेतन दिया जा रहा है। जिसमें 2 हजार कमरे का किराया। 6 हजार रुपये एक माह का खाना खर्चा और मात्र 3 हजार रुपये परिवार वालों को हर माह भेजा जाता है। जिससे उनका गुजारा नहीं होने वाला। कृष्णवीर ने कहा कि जब तक उनके वेतन में बढ़ोतरी नहीं की जाती है। तब तक वें लोग अपना धरना समाप्त करने वाले नहीं है। नये कर्मचारियों को भी कंपनी में जाने नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में कर्मचारियों ने कंपनी प्रबधंक को अपना मांग पत्र भी सौंपा हुआ है। धरना पर बैठे कर्मचारियों उनके समक्ष अपनी मांग को नहीं रखा है। सभी कर्मचारियों का पीएफ और ईएसआई की सुविधा दी जा रही है।



सोमवार को सोहना के गांव नूनेरा में स्थित एक्शन एग्रीशन कंपनी कर्मचारी अपनी मांग को लेकर मुख्य द्वार पर धरना देकर बैठे।


## पायनियर क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन**

मैं, साहिल पुत्र श्री भूप सिंह निवासी 1024,28 श्याम नगर, ककरोई रोड़, सोनीपत, हरियाणा बयान करता हूं, कि मैनें अपना नाम साहिल से बदलकर माही कर लिया है, भविष्य में मुझे माही के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**खोया-पाया**

मैं, लेखराज पुत्र श्री ब्रह्मजीत सिंह निवासी मकान नम्बर 420, वार्ड नम्बर 17, पलवल, तहसील व जिला पलवल बयान करता हूं, कि मेरी प्रोपर्टी की असल डीड नम्बर 3351, दिनांक 08.07.2004 कहीं गुम हो गई है। मिलने पर उपरोक्त पते पर संपर्क करें। मोबाइल नम्बर 7015451502

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा नाम सचिन वर्मा पुत्र श्री खुशहाल सिंह वर्मा, निवासी निकट दयानन्द स्कूल, पातली गेट, पलवल, जिला पलवल है। मेरी माता जी श्रीमति कुसुम देवी पत्नी श्री खुशहाल सिंह वर्मा के नाम मकान नम्बर डी-513 (प्रोपर्टी आई.डी. 3PKCRLG7), खसरा नम्बर 768, वार्ड नम्बर 30, निकट दयानन्द स्कूल, पलवल पर है। मेरी माता जी का स्वर्गवास दिनांक 01.09.2023 को हो गया है। तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार तरूण वर्मा, विनय, सचिन वर्मा कानूनी वारिसान हैं, इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। उपरोक्त मकान का मालिकाना हक हरियाणा सरकार द्वारा वारिसान के नाम हस्तांरित किया जाना है। अगर कोई अन्य व्यक्ति उपरोक्त मकान का मालिकान हक या उपरोक्त संदर्भ में कोई आपत्ति व्यक्त करता है तो 15 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद पलवल कार्यालय में नगर जवाबदावा पेश करें।

जबावदेही शपथकर्त्ता


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023



# हिमालयी क्षेत्र

## विकास परियोजनायें

**हिमालयी क्षेत्र में 'भारी' विकास परियोजनाओं** पर सवाल उठ रहे हैं। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए हैं कि हिमालय की परिस्थितिकी बहुत संवेदनशील है। लेकिन हिमाचल प्रदेश, सिक्किम व उत्तराखंड में पहले सामने आई चेतावनियों से हमने कोई सबक नहीं सीखा और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ जारी है। अब उत्तरकाशी में 40 निर्माण कर्मियों की जान एक धंसी सुरंग में फंस गई है, हालांकि मलबा हटाने के लिए भारी मशीनें लगाई गई हैं। यह निर्माण कार्य 'चार धाम' यात्रा सहज बनाने के लिए हो रहा था जहां लाखों तीर्थयात्री हर साल जाते हैं। लेकिन ऐसी परियोजनाओं का संवेदनशील परिस्थितिकी पर प्रभाव बहुत विवाद का विषय है। ग्लोशियरों के पिघलने से अचानक आने वाली बाढ़ों तथा भारी बरसात के कारण भूस्खलन के मामले बढ़ने से पर्यावरणविदों व अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों में चिन्ता फैल गई है। उत्तराखंड में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि कर्मियों के परिवार और सहयोगी तेज कार्रवाई के लिए आंदोलन कर रहे हैं। रविवार से कर्मी सुरंग के प्रवेश से 500 फीट दूर फंसे हैं और वे पाइपों से भेजे जाने वाले भोजन, पानी और आक्सीजन पर जीवित हैं। ड्रिलिंग उपकरणों और एक्सकैवेटरों के प्रयोग से किए जाने वाले बचाव प्रयास छोड़ने पड़े हैं क्योंकि भारी मशीनों के प्रयोग से और मलबा गिरने लगा जिससे बचाव कर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने अब ज्यादा संवेदनशील मशीनें काम में लगाई हैं जो मलबे से होकर ड्रिलिंग कर सकती हैं। योजना में स्टील पाइपों के माध्यम से एक रास्ता बनाना शामिल है ताकि कर्मी बिना गिरते मलबे की चिन्ता किए बाहर निकल सकें।





अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सेवायें भी फंसे कर्मियों को निकालने के लिए ली जा रही हैं। इनमें नार्वे का जियोटेक्निल इंस्टीट्यूट तथा थाईलैंड की कंपनी शामिल है जिसने 2018 में सुरंग में फंसे लोगों को निकाला था। हिमालयी राज्यों व खासकर उत्तराखंड ने बार-बार प्राकृतिक विभीषिकाओं का सामना किया है जिनमें भूकंप, भूस्खलन तथा ग्लेशियरों के कारण आने वाली बाढ़ें शामिल हैं। 1991 में उत्तरकाशी का भूकंप, 1998 में मालपा भूस्खलन, 1999 में चमोली भूकंप, 2021 में चमोली ग्लेशियर बाढ़ तथा 2013 में केदारनाथ की भयानक विनाशकारी बाढ़ इसके उदाहरण हैं। विनाश तथा मौतों के इस भयानक बार-बार आने वाले दुष्चक्र ने स्थानीय जनता को भ्रमित किया है। वे एक ओर 'विकास' के नाम पर आने वाली विशाल ढांचागत परियोजनाओं से आकर्षित हैं, पर दूसरी ओर इनके साथ आने वाली जलवायु-संबंधी विभीषिकाओं का खामियाजा भुगत रहे हैं। लगातार धंस रहा जोशीमठ एक गंभीर चेतावनी है। इसके बावजूद निर्माण व विनाश का दुष्चक्र मानव जीवन को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। उत्तरकाशी में बचाव कर्मी अपना काम कर रहे हैं, पर इस घटना ने एक बार फिर कोई बड़ी परियोजना शुरू करने से पहले सावधानी से विचार करने की आवश्यकता उजागर की है। यह बात देश के सभी परिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर लागू होती है जिनमें सुदूर क्षेत्रों में घने जंगल, पश्चिमी घाट और हिमालयी क्षेत्र शामिल हैं। हालांकि, वर्तमान प्राथमिकता सुरंग में फंसे कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालना है, पर विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलित विकास के महत्व को दूरगामी दृष्टिकोण से भी रेखांकित किया जाना चाहिए। हिमालय के निचले क्षेत्रों की संवेदनशील परिस्थितिकी पर समुचित ध्यान देने से ही स्थानीय जनता तथा पूरे क्षेत्र की बेहतरी सुनिश्चित की जा सकती है।

# एनपीए से निपटने के प्रयास

**मोदी सरकार ने लगातार बकायेदारों से भुगतान प्राप्त करने के साथ ही यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं कि नए एनपीए का सृजन न होने पाए।**



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने एक आरटीआई के जवाब में सूचना दी है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको-एससीबी ने पिछले पांच साल में 10,57,000 करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए को बट्टे खाते में डाला है। इसे बुरे या डूबने वाले कर्ज कहा जा सकता है। विपक्ष तथा देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अक्सर इसका प्रयोग मोदी की निन्दा करने के लिए करती है कि सरकार ने बड़े उद्योगपतियों व बिजनेसमैनों का इतना 'कर्ज माफ' कर दिया है। सवाल है कि क्या मोदी ने वास्तव में बड़े बिजनेसों का पक्ष लिया है? इसके लिए हमें दो मूल सवालों के जवाब खोजने होंगे। कोई कर्ज कब एनपीए हो जाता है? तथा बैंक इससे कैसे निपटते हैं? एक कर्ज खाता उस समय एनपीए हो जाता है जब इस पर ब्याज या मूलधन 90 दिनों से अधिक बकाया हो जाता है।

ऐसी स्थिति में कर्जदार को तीन अलग स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पहला, बैंक अधिकारियों ने पूरी सावधानी के साथ परियोजना या उद्यम की जीवन्तता का अध्ययन किया हो जिसके लिए कर्ज दिया गया। उन्होंने क्या कर्जदारों की विश्वसनीयता का परीक्षण कर उसके द्वारा धन के प्रयोग, उद्यम के कामकाज, उसके मुनाफे तथा मुद्रा कमाने, आदि पर नजर रखी। ऐसे में कर्ज खाते के एनपीए में बदलने की संभावना न्यूनतम होती है। ऐसा कर्जदार के नियंत्रण से बाहर वाली परिस्थितियों जैसे कोविड वैश्विक महामारी आदि के कारण हो सकता है। दूसरा, अधिकारियों ने बिना समुचित सावधानियां बरते या परियोजना-उद्यम की जीवन्तता की जांच किए बिना कर्ज दे दिया हो तथा पैसें के उपयोग पर नजर रखने वाली व्यवस्थाओं का समुचित उपयोग न किया हो। ऐसे में कर्ज के एनपीए में बदलने की ज्यादा संभावना होती है। तीसरा, बैंक के सर्वोच्च अधिकारियों ने बुरे उद्देश्य से समुचित सतर्कता न बरती हो। सरल भाषा में कहें तो उन्होंने रिश्वत लेने के बदले कर्ज दे दिया हो। इस परिदृश्य में यह लगभग निश्चित होता है कि कर्ज एनपीए में बदल जाएगा क्योंकि इसे अदा न करने का इरादा पहले से ही पक्का होता है।

फरवरी, 2018 में संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के संबोधन पर बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सत्तारूढ़ राजनीतिक अवस्थापना के निर्देश पर बैंकों द्वारा दिए कर्जों का भारी दुरुपयोग हुआ है, जबकि उसने कुछ खास उद्योगपतियों व बिजनेसमैनों का पक्ष लिया था। 2008-2014 के बीच 3500,000 करोड़ रुपये कर्ज दिए गए। इन कर्जों का बड़ा हिस्सा दूसरी व तीसरी श्रेणी में आते थे, अत: इनका एनपीए में बदलना लगभग निश्चित था। इसकी पुष्टि आरबीआई के डेटा से हुई। 2009-10 व 2015-16 के बीच नए एनपीए के आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है। 2009-10, 2011-12 और 2015-16 में नए एनपीए का सृजन उनके ओपनिंग बैलेंस की तुलना में अधिक था। 2010-11, 2012-13, 2013-14 व 2014-15 में ओपनिंग बैलेंस की तुलना में नया एनपीए कम से कम 90 प्रतिशत था। 2015-16 के बाद इस अनुपात में लगातार गिरावट आई और यह 2020-21 व 2021-22 में लगभग एक तिहाई था। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी के मामले में इसका प्रभाव ज्यादा स्पष्ट था, हालांकि 2021-22 में यहां भी अनुपात गिर कर 22 प्रतिशत रह गया था। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार के अंतर्गत बैंकों व खासकर पीएसबी ने कर्ज देने के मामले में बहुत सावधानी बरती जिसके परिणामस्वरूप एनपीए बहुत कम हुआ। 2008-2014 के बीच संप्रग सरकार तथा 2014 के बाद से मोदी सरकार के कार्यकाल में एक और अंतर सामने आया। संप्रग सरकार के दौरान बैंक एनपीए को विभिन्न तकनीकों, जैसे कर्जों की 'एवरग्रीनिंग' के आधार पर एनपीए को छिपाये रखते थे। इसका अर्थ है कि बैंक पुराना कर्ज अदा करने के लिए कर्जदार को और कर्ज दे देते थे। इस प्रकार कर्ज खाता सामान्य दिखता था। लेकिन मोदी सरकार के दौरान उनको अपनी बैलेंसशीट में एनपीए 'ईमानदारी' के साथ दिखाना पड़ता था। मोदी सरकार ने 2015 में आरबीआई से सभी एससीबी से असेट क्वालिटी रिव्यू-एक्यूआर करने को कहा ताकि एनपीए की पहचान की जा सके। इस प्रकार संप्रग सरकार के दौरान दिए कर्जों की असलियत उजागर हो गई। इसके परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2018 को सकल एनपीए 1036,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

सवाल है कि बैंक एनपीए से कैसे निपटते हैं? आरबीआई के दिशानिर्देशों व व्यावहारिक एकाउंटिंग का प्रयोग करते हुए वे इन कर्जों को बट्टे खाते में डाल देते हैं। यह अनिवार्य आवश्यकता है क्योंकि इससे बैंक का सच्चा वित्तीय स्वास्थ्य प्रकट होता है। इसे कर्जमाफी नहीं कहा जा सकता है, जबकि विपक्षी पार्टियां तथा कांग्रेस जनता को यही बता रही हैं। बैंक बकायेदारों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया से वसूली का प्रयास करते रहते हैं। बैंकों द्वारा कर्ज वसूली प्रयासों में तेजी लाने के लिए 2016 में सरकार ने इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी लागू किया जिसे सभी पहले के कानूनों पर वरीयता प्राप्त थी। 2017 में उसने बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट-बीआरए में संशोधन कर आरबीआई को उन बैंकों के खिलाफ कार्रवाई के अधिकार दे दिए जो स्वत: इस दिशा में सक्रिय नहीं थे। 12 फरवरी, 2018 को आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी कर स्पष्ट किया कि यह काम कैसे किया जाना चाहिए। सरकार ने जानबूझ कर कर्ज न अदा करने वालों के खिलाफ काफी कठोर कदम उठाए। उनको बैंकों या अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा अतिरिक्त सुविधायें देने पर प्रतिबंध लगा दिए गए तथा उनकी इकाई को अगले पांच साल के लिए नए वेंचर पेश करने पर भी रोक लगा दी। इसके साथ ही उनको तथा उनकी कंपनियों को पैसा एकत्र करने के लिए पूंजी बाजार में प्रवेश से भी प्रतिबंधित कर दिया गया। आईबीसी के अंतर्गत ऐसे प्रमोटर अपने उद्यम का नियंत्रण भी नहीं कर सकते थे। वित्त मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई सूचना के अनुसार पिछले नौ साल में एससीबी ने लगभग 10,16,617 करोड़ रुपये की एनपीए वसूली की है। इसमें से केन्द्र सरकार ने पीएसबी को बजटीय समर्थन के रूप में 2016-2021 क बीच लगभग 300,000 करोड़ रुपये की सहायता दे दी। इसके साथ ही 2021-22 के बजट में उसने एनएआरसीएल द्वारा जारी सिक्यूरिटी प्राप्तियों-एसआर के लिए 200,000 करोड़ रुपये की संप्रभु गारंटी भी दी है जहां अधिकांश शेयर पीएसबी के हों।

इस प्रकार 500,000 करोड़ रुपये के सरकारी योगदान को अलग रख कर भी बैंकों ने बकायेदारों से 516,617 करोड़ रुपये की वसूली की है। यदि आईबीसी की इन्साल्वेंसी प्रक्रियाओं में न्यायिक बाधायें न आतीं तो यह वसूली और अधिक हो सकती थी। वर्तमान समय में नेशनल कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी के ऐसे निर्णयों पर नेशनल कंपनी ला अपीलेट ट्राइब्यूनल-एनसीएलएटी, उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है। इसके कारण विलंब होता है क्योंकि बड़े बकाएदार आमतौर से अपील कर देते हैं। इसके अलावा अप्रैल, 2019 में अनेक बकायेदारों की याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय ने 12 फरवरी, 2018 के आरबीआई सर्कुलर को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जबकि यह बैंकिंग नियामक द्वारा चलाई जा रही इन्साल्वेंसी प्रक्रिया का मुख्य अंग था। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गई जहां वे एनपीए या उस पर ब्याज अदा करने के लिए मजबूर नहीं रह गए। इसके बावजूद आईबीसी ढांचे ने बकायेदारों के व्यवहार में मूलभूत परिवर्तन लाने में सफलता पाई है। बकायेदारों में फर्म पर नियंत्रण खोने का भय सबसे अधिक है। इसके कारण बड़ी संख्या में बकायेदारों ने भुगतान किया है। सरकार द्वारा पीएसबी में किए अनेक सुधारों ने उनको फौरन संकटग्रस्त परिसंपत्तियों की पहचान व बकाया वसूली के कठोर उपायों के लिए प्रेरित किया है। संक्षेप में कहें तो मोदी सरकार ने बकायेदार उद्योगपतियों व बिजनेसमैनों को राहत देने के बजाय उन पर कठोर शिकंजा कसा है। इससे उनको कर्ज का भुगतान करना मजबूरी बन गया है तथा किसी नए एनपीए का सृजन नहीं हो रहा है।

# प्रकृति के साथ पवित्र संबंध

**"प्राचीन भारतीय ग्रंथों ने प्रकृति की पूजा को बढ़ावा देकर ब्रह्मांड में उपस्थित सभी जीवों व वनस्पतियों के बीच परस्पर निर्भरता पर जोर दिया है।"**



स्वामी चरणाश्रत
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)

भारत विविध संस्कृतियों और समृद्ध परंपराओं का देश है। भारत में रहने वाले सभी धर्मों व संस्कृतियों के लोगों का प्रकृति के साथ संबंध अनेक धर्मग्रंथों तथा सांस्कृतिक व्यवहारों पर आधारित है। भारत में लगभग सभी धर्मों के प्राचीन ग्रंथों में दिए उपदेश समय की सीमाओं को पार करने वाले हैं। भारतीय धर्म व दर्शन ने हमेशा प्रकृति से मनुष्यों की एकजुटता व अविभाज्यता का संदेश दिया है।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में अनेक धार्मिक व दार्शनिक पाठ शामिल हैं। वे सभी पर्यावरण के प्रति गंभीर चिन्ता प्रकट करते हुए मनुष्य व प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों की पैरवी करते हैं। इस लेख में पर्यावरण चेतना तथा भारतीय प्राचीन ग्रंथों में वर्णित प्रकृति की प्रासांगिकता पर विचार किया गया है।

हिंदू धर्म के सबसे पुराने पवित्र ग्रंथ ऋग्वेद में प्रकृति का ईश्वरीय मूल स्वीकार किया गया है। इसके अनुसार, नदियां, पहाड़ और पेड़ पौधे पूजा करने योग्य देवताओं के समान हैं। ऋग्वेद की ऋचाओं में सभी जीवित वस्तुओं के परस्पर संबंध पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही इनमें प्राकृतिक व्यवस्था संरक्षित करने का महत्व रेखांकित है।

वेदान्त दर्शन का मूल आधार माने जाने वाले उपनिषदों की त्रयी में स्वयं व ब्रह्मांड के बीच संबंधों पर गहराई से विचार किया गया है। उन्होंने 'ब्रह्म' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि इसमें ब्रह्मांड की सभी चीजें निहित हैं। इस परस्पर निर्भरता वाले विश्व दृष्टिकोण से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी वाली भावना पैदा होती है तथा इसे ईश्वरीय सत्ता का विस्तार माना जाता है।

भारतीय महाकाव्य महाभारत के पवित्र अंश श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण अर्जुन को आध्यात्मिक ज्ञान देते हैं।



गीता में 'धर्म', अर्थात उचित कर्म पर जोर दिया गया है जिसमें पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन शामिल है। भगवान कृष्ण ने प्रकृति की पवित्रता को रेखांकित करते हुए कहा है कि व्यक्तियों को जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करते हुए परिस्थितिकी के संवेदनशील संतुलन का सम्मान करना चाहिए।

प्राचीन भारतीय जैन धर्म ने अहिंसा तथा सभी जीवित वस्तुओं के प्रति सद्भावना का संदेश मानवजाति को दिया है। प्राचीन जैन ग्रंथों में ऐसी जीवनशैली की पैरोकारी की गई है जिससे प्रकृति को कम से कम नुकसान हो। इसमें शाकाहार और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया गया है। जैन दर्शन में मनुष्यों, जीव जंतुओं तथा वनस्पतियों ककी परस्पर निर्भरता को केन्द्रीय स्थान देते हुए सभी जीवों के बीच भी परस्पर निर्भरता पर जोर दिया गया है। जैन धर्म की शिक्षायें समय की सीमाओं को पार करते हुए आज भी पर्यावरण संरक्षण, हिंसा व युद्ध की चुनौतियों को देखते हुए प्रासांगिक बनी हुई हैं।

भगवान बुद्ध-सिद्धार्थ गौतम की शिक्षाओं में पर्यावरणीय नैतिकता से जुड़ने को शामिल किया गया है। बौद्ध धर्म सम्यक विचार और जागरूकता पर जोर देते हुए व्यक्तियों को प्राकृतिक दुनिया से गहरे सबंध स्थापित करने का आह्वान करता है। बौद्ध धर्म में परस्पर निर्भरता या प्रतीत्वसमुत्पाद अस्तित्व वाले सभी तत्वों के बीच संवेदनशील संजाल की पहचान करते हुए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया है।

हिंदू धर्म में अनेक उपासना पद्धतियों व कर्मकांडों के बीच प्रकृति पूजा पर जोर दिया गया है। प्राचीन काल से चले आ रहे और हमारी संस्कृति का अंग बन चुके अनेक हिंदू त्योहार व कर्मकांड प्रकृति पूजा पर केन्द्रित हैं। उदाहरणार्थ, नवरात्रि प्रकृति में नारीत्व ऊर्जा की उपस्थिति का उत्सव मनाता है। इसके साथ 'पृथ्वी पूजा' जैसे कर्मकांड पर्यावरण की पवित्रता प्रकट करते हैं। ये व्यवहार प्रासांगिकता व दायित्व की भावना पैदा करते हुए धरती के संरक्षण को प्रोत्साहित करने का संदेश मनुष्यों को देते हैं।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में प्रकृति के प्रति सरोकार केवल सांस्कृतिक या धार्मिक विश्वास न होकर एक गहन दर्शन है जो मनुष्यों और पर्यावरण के बीच अंतर्निहित संबंध रेखांकित करता है। इन ग्रंथों में समाहित प्राचीन विवेक एक ऐसा निर्देश देता है जो प्रकृति के साथ टिकाऊ व सामंजस्यपूर्ण संबंध के लिए जरूरी है। यह संदेश समय की सीमाओं को पार करते हुए आज भी प्रासांगिक बना हुआ है। आज दुनिया पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित गहन अंतर्दृष्टि हमें उस पवित्र बंधन की याद दिलाती है जो सभी जीवों को इस धरती और पर्यावरण से जोड़ता तथा पर्यावरण संरक्षण पर जोर देता है।

# आप की बात

## मोदी की चिन्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने डीप फेक वीडियो को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग है। सोशल मीडिया से जुड़े हुए सभी लोगों को इस कारण सावधानी बरतनी होगी। जो लोग सेलेब्रिटीज़ के फेक वीडियो बना सकते हैं व उनको ट्रोल कर सकते हैं, वे आम लोगों को साइबर ठगी का माध्यम बड़ी आसानी से बना सकते हैं। कई ख्यातनाम व्यक्तियों को उनके फेक अश्लील वीडियो और भद्दे वीडियो प्रसारित कर निशाना बनाया गया है। इससे उनके व्यक्तित्व पर धब्बा लग सकता है। ऐसे लोग आम लोगों को भी वीडियो कॉल द्वारा बातचीत के बहाने उन्हीं का चेहरा लगाकर अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर देते हैं। विडंबना है कि कुछ लोग इसकी सत्यता जाने बिना इसे आगे फॉरवर्ड करते रहते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के माध्यम से कई तरह की साइबर ठगी और बैंक से अकाउंट खाली कर देने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए अब लोगों को कुछ भी फारवर्ड करने के पहले अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। सोशल मीडिया मंचों को भी एआई के दुरुपयोग से बचने के लिए उपयुक्त तकनीकी विशेषज्ञता प्राप्त कर उसका प्रयोग अविलंब शुरू करना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

## रेलवे के प्रयास

**अगले चार वर्षो** में रेलवे द्वारा सभी यात्रियों को कंफर्म टिकट देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो कि सराहनीय है। लेकिन सत्य यह है कि वर्तमान आवश्यकता के अनुपात 50 प्रतिशत उपलब्धता भी नहीं है। नई रेल पटरिया बिछाने तथा नई रेले चलाने के साथ-साथ ट्रेनों में डिब्बो की संख्या डबल करके अधिक पावरफुल इंजन के साथ चलाने की योजना बनाई जाए। ट्रेनों की गति बढ़ाई जाए और वर्तमान रेलवे ट्रैक पर भी इतनी ट्रेने चलाई जाए कि ट्रैक लगातार प्रयोग में आता रहे। यदि ट्रैक के लगातार प्रयोग किए जाने की योजना पर अमल किया जाए तो वर्तमान से लगभग दो गुना अधिक ट्रेनें चलाई जा सकती है। हालांकि, इसके लिए ढांचागत प्रबंधन तथा उसका नियमित परीक्षण मजबूती से करना होगा। सरकार वंदे मातरम ट्रेने चलाने के चक्कर में छोटे स्टेशन से यात्रा करने वालों के लिए लोकल ट्रेनें चलाने पर कतई ध्यान नहीं दे रही है। इससे थोड़ी दूरी की यात्रा करने वाले लोग बहुत कष्ट झेलने को मजबूर है। एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में लोकल ट्रेन में भी चलाई जाना चाहिए। अधिक ट्रेनों की उपलब्धता से लोग निजी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे जिससे पर्यावरण संरक्षण होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## कोरोना का असर

**कहने को** अब कोरोना काल का भयावह दौर समाप्त हो गया है, मगर उसका असर व उसका दुष्प्रभाव जारी है। पहले ही अनुमान लगाया गया था कि लंबे समय तक हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था व हमारे रोजमर्रा के जीवन पर इसका असर बना रहेगा। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि जिन्हे भी कोरोना हो चुका है उन्हें भारी परिश्रम नहीं करना चाहिए। शायद इसके कारण ही कम उम्र के लोगों में भी दिल का दौरा ज्यादा देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था, कल कारखानों एवं रोजगार में गिरावट के नए आंकड़ों के अनुसार पिछले दो साल में 40 हज़ार से अधिक छोटी मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां बंद हो गयीं हैं। कोरोना से पहले 8 लाख 16 हजार 21 कंपनियों ने टैक्स भुगतान किया था, मगर कोरोना के बाद 2021-22 में सिर्फ7 लाख 15 हज़ार 846 लिस्टेड कंपनियों ने ही टैक्स का भुगतान किया। सरकार को संसद के अगले सत्र में देश की जनता के स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था पर कोरोना के असर के बारे में जानकारी देते हुए बताना चाहिए कि इसका कितना असर अभी बचा हुआ है और इससे निपटने के क्या प्रयास हो रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## भीड़ से समस्या

**ट्रेन** में एक यात्री की भीड़ में दम घुटने के कारण मृत्यु ने सबको विचलित किया है। हालांकि, जीआरपी ने यात्री को उतार कर अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पूर्वांचल के यात्री छठ पूजा पर लाखों की संख्या में ट्रेन से अपने घर जाते हैं और वापस आते हैं और उनको भयानक भीड़ के कारण कष्ट उठाने पड़ते हैं। हालांकि, छठ के अवसर पर सरकार ने पिछली बार की तुलना में लगभग दूनी विशेष ट्रेनें चलाने का दावा किया है, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनकी इतनी संख्या भी आवश्यकता के अनुरूप नहीं थी। बिहार सरकार ने नीतीश कुमार के नेत्त्व में बड़े-बड़े दावे किए हैं कि अब बिहार से पलायन नहीं होता है, पर छठ के लिए यात्रियों की भीड़ ने उनके दावों पर पानी फेर दिया है। यह भी तथ्य है कि अधिकांश लोग निजी क्षेत्र या असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और वे अधिकाधिक काम कर ही अपने घर लौटना चाहते हैं। इससे भी भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इससे निपटने के लिए बिहार सरकार को भी सहयोग करना चाहिए।

– **वीरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# डेंगू से निपटने में प्रदेश सरकार रही नाकाम : जोगनाखेड़ा

## सिविल अस्पताल पहुंच कर आप जिलाध्यक्ष ने सुनीं मरीजों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आम** आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेडा सोमवार को सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों की समस्याओं को सुना। जगबीर ने अस्पताल में अव्यवस्थाओं और लचर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्थानीय विधायक, सांसद और प्रशासन को कोसा।

आप जिलाध्यक्ष ने स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज पर निशाना साधा और कहा कि सीएम मनोहर लाल और अनिल विज के बीच चल रही खींचतान में आम जनता पिस रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग सारा दिन अरविंद केजरीवाल और आप को कोसते हैं, परंतु हकीकत यह है कि डेंगू से निपटने में भाजपा सरकार बिल्कुल नाकाम रही हैं। जगबीर सिंह जोगनाखेड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में सरकार और प्रशासन ने जनता को रामभरोसे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के फॉगिंग और कीटनाशक दवाओ का छिड़काव तक नहीं हुआ। परिणामस्वरूप अब यहां डेंगू भयानक रूप ले रहा है। जोगनाखेड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार डेंगू के मामले बताने की जगह लीपापोती कर रही है। उन्होंने दावा किया कि डेंगू से सैंकड़ों मौत हुई हैं, जिन्हे छिपाया जा रहा है। आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीएम मुफ्त ईलाज योजना के लिए सरकार के पास बजट तक नहीं हैं। सिविल अस्पताल पर निजी कंपनी के दवाइयों को लेकर लाखों का कर्ज है। आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर अस्पताल में दवाइयां देने की जगह निजी मेडिकल स्टोर से दवाइयां लिखते हैं।



सिविल अस्पताल में मरीज से बातचीत करते जगबीर सिंह जोगनाखेडा।

### केजरीवाल के मोहल्ला क्लीनिकों के मुकाबले भी नहीं है सिविल अस्पताल

**आप** जिलाध्यक्ष जगबीर सिंह जोगनाखेडा ने दावा किया कि केजरीवाल पर आरोप लगाने वाले, षड्यंत्र रचने वाले वास्तव में केजरीवाल द्वारा जारी विजन, काम और योजनाओं से परेशान हैं। अच्छा काम करने वाले स्वास्थ्य मंत्री को जेल भेजा, अच्छी शिक्षा देने वाले शिक्षा मंत्री को जेल भेजा अब बदलाव और क्रांति के अग्रदूत की जेल भेजने का षड्यंत्र रच रहे हैं। जगबीर ने कहा कि करोडो रुपए खर्च कर तैयार किया गया यह अस्पताल, केजरीवाल के मोहल्ला क्लीनिकों के मुकाबले कहीं नहीं ठहरता।

### अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए रेडियोलॉजिस्ट नहीं

आप जिलाध्यक्ष ने स्थानीय सांसद और विधायक पर आरोप लगाया कि आप 3500 करोड़ और 3700 करोड़ की बातें करते हो। यहां व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि यहां एक्सरे, अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं, डॉक्टरों का टोटा है, एक-एक बेड पर कई कई मरीज हैं।

## ई-रिक्शा की यूनिक आईडी पुलिस द्वारा बनाई जाएगी

**सोनीपत।** शहर के हजारों ई-रिक्शा चालक अपनी समस्या को लेकर सेक्टर 26 स्थित सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन के नेतृत्व में ट्रैफिक सहायक आयुक्त रमेश कुमार जागलान से मिले। ई-रिक्शा चालकों ने ज्ञापन सौंप कर बिना रजिस्ट्रेशन वाली ई-रिक्शा चालकों के समाधान करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया था। सहायक पुलिस आयुक्त रमेश कुमार जागलान से बातचीत के बाद तय हुआ कि सभी ई-रिक्शा चालकों को एक फॉर्म दिया जाएगा, जिसमें रिक्शा मालिक और रिक्शा चालक का पहचान पत्र लगाया जाएगा। इसी आधार पर रिक्शा की यूनिक आईडी पुलिस द्वारा बनाई जाएगी, ताकि दुर्घटना के दौरान रिक्शा चालक की पहचान हो सके।

रिक्शा चालकों को सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भी यह प्रयास कर रहा है। राजीव जैन ने बताया कि सभी ई-रिक्शा चालकों एवं मालिकों को एक सप्ताह के अंदर फॉर्म भरकर ट्रैफिक थाने में जमा करवाने होंगे। उन्होंने आगे कहा कि पहले ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नहीं होता था इसलिए कोई बिल संभाल कर नहीं रखता था।

# हरियाणा में डेढ़ हजार से अधिक संपत्ति मालिकों को विकास शुल्क लौटाएंगी नगर पालिकाएं

## गलत गणना के कारण लिया गया था विकास शुल्क

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने उन संपत्ति मालिकों को विकास शुल्क लौटाने का फैसला लिया है जिनकी संपत्तियों पर विकास शुल्क लागू नहीं होता लेकिन उन्होंने इसे अदा कर दिया था। सरकार ने यह निर्णय मामला संज्ञान में आने पर लिया है। इस फैसले से 1588 संपत्तियों के मालिकों को यह शुल्क वापिस मिलेगा।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि विभाग ने लगभग 1588 संपत्तियों की पहचान की है जहां संपत्ति मालिकों ने एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी, लाइसेंस कॉलोनियों, सीएलयू प्राप्त संपत्तियों, लाल-डोरा आवासीय संपत्तियों एवं कृषि संपत्तियों में विकास शुल्क अदा कर दिया था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संबंधित नगर पालिकाओं को ऐसी संपत्तियों का विवरण उपलब्ध करवा दिया गया है।



### मामला संज्ञान में आने पर सरकार ने लिया निर्णय

प्रवक्ता ने कहा कि इन संपत्ति धारकों को एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी गई है कि वे इस संदर्भ में निर्धारित प्रावधानों के तहत एनडीसी पोर्टल पर आवेदन करके अदा की गई विकास शुल्क की राशि को वापस प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार के संपत्ति धारकों को कुल 5 करोड़ 19 लाख रुपए की राशि वापस की जा रही है। उन्होंने संपत्ति मालिकों से आग्रह किया कि वे शहरी निकाय पोर्टल पर जाकर अपना सम्बन्धित विवरण उपलब्ध करवाएं ताकि इस बारे में विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही की जा सके।

प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 51 संपत्ति धारकों ने अपने आवेदन एनडीसी पोर्टल पर किए हैं। जल्द इन आवेदनों को प्रक्रिया से गुजारा जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मचारियों को भी इसे लेकर प्रशिक्षण दिया जा चुका है ताकि वे जल्द से जल्द संपत्ति धारकों को विकास शुल्क लौटाने की प्रक्रिया को पूरा कर सकें।

## चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत नौ दिसंबर को

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गुनीत अरोड़ा ने बताया कि चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को शनिवार के दिन आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे अपराधिक मामले, धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले (गैर शमनयोग्य मामलों को छोड़कर) वेतन और भते तथा पुन: परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले, और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं, इस अदालत मे लिए जाएंगे। आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं।

# विधायक घनश्यामदास अरोड़ा राजस्थान विधानसभा चुनावों में बने दो सीटों के प्रभारी



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**विधायक** घनश्यामदास अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा संगठन द्वारा उन्हें राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनावों के लिए दो विधानसभा सीटों का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। जिन विधानसभा सीटों का उन्हें चुनाव प्रभारी बनाया गया है उनमें पहला नाम है अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र व दूसरा नाम विधानसभा रायसिंहनगर का है ।

विधायक अरोड़ा ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उस पर पूरा खरा उतरेंगे व अनूपगढ़ व रायसिंहनगर क्षेत्रों में वह भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में कार्य करेंगे। उन्होंने राजस्थान पहुंचकर चुनाव कार्यालय में जाकर कार्यभार संभाल लिया है व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्य की शुरुआत कर दी है। इस मौके पर नितीश दुआ, रोहित हरजाई, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग साथ रहे।

## पराली जलाने वाला नबंरदार निलंबित

**जालंधर।** डिप्टी कमिश्नर कम जिला मैजिस्ट्रेट विशेष सारंगल द्वारा नंबरदार सरबजीत सिहं, गांव सीहोवाल तहसील नकोदर को अपने खेतों में पराली जलाने के आरोपों में नबंरदार पद से निलंबित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट और पंजाब सरकार ने धान की कटाई के बाद पराली जलाने पर पाबंदी लगाई हुई है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। नबंरदार सरबजीत सिंह, जिनकी पहली डियूटी सुप्रीम कोर्ट और पंजाब सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए अन्य किसानों को पराली न जलाने संबंधी जागरूक करना थी, किंतु सरबजीत सिंह ने इन निर्देशों को नजरअंदाज करते हुए स्वंय ही अपने खेतों में पराली को आग लगाई। सरबजीत सिंह का 5000 रुपये का चालान भी काटा गया है। नबंरदार सरबजीत सिंह (निलंबित) को अपना स्पष्टीकरण देने के लिए 28 नवंबर को निजी तौर पर पेश होना होगा।

# छठ महापर्व सनातन संस्कृति का एक अभिन्न अंग : मेयर मदान

### उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर लिया छठ माई का आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगर** निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान ने सोमवार को छठ पूजा के समापन के अवसर पर सभी शहरवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने निगम क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों कबीरपुर, बाबा कालोनी, लक्ष्मण कालोनी, मोहन नगर, आर के कालोनी, कलावती विहार में बने छठ घाटों पर पहुंच कर वहां पूजा अर्चना कर रही मातृशक्ति और सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैय्या से सबके कुशल मंगल की कामना की। मेयर निखिल मदान ने बताया कि भगवान सूर्य की उपासना और लोक आस्था से जुड़ा छठ पर्व देश की सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें माताओं द्वारा अपनी संतानों की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। व्रत में सभी माता बहनें 36 घंटे का व्रत रखती है और उगते एवं ढ़लते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करती है। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।



छठ महापर्व पर पूजा-अर्चना करते मेयर निखिल मदान।

## संक्षिप्त समाचार

### केएमवी का इंटर-कॉलेज रग्बी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**जालंधर।** भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी विशेष अहमियत दी जाती है जिसके अंतर्गत खिलाड़ी छात्राएं विभिन्न खेलों में अपनी शानदार प्रदर्शन के साथ लगातार संस्था को गौरवान्वित करती आ रही हैं। इसी श्रृंखला में केएमवी की रग्बी टीम ने इंटर-कॉलेज रग्बी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर के स्पोर्ट्स विभाग के द्वारा आयोजित करवाई गई इस चैंपियनशिप में केएमवी की रग्बी टीम के सदस्यों शगुन ठाकुर, मनप्रीत कौर, दिव्या, हर्षिता, संजना, अमनदीप, जसमीन, पूजा, सुमन, अमरदीप कौर, सिफा तथा आरुषि के द्वारा प्रदर्शित की गई खेल भावना, समर्पण तथा जोश को सभी के द्वारा बेहद सराहा गया। विद्यालय प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने इस विशेष उपलब्धि के लिए समूह टीम को मुबारकबाद देते हुए भविष्य में भी और अधिक मेहनत एवं लगन के साथ सफलता के नए आयाम स्थापित करने की प्रेरणा दी और साथ ही डॉ. देविंदर सिंह, अध्यक्ष, फिज़िकल एजुकेशन विभाग, सुश्री मनप्रीत कौर तथा कोच सुनील कुमार के द्वारा छात्राओं को प्रदान किए जाते उचित मार्गदर्शन की भी सराहना की।

### सर्व समाज कल्याण समिति ने मरीजों को भेंट की दवाइयां



**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने एलएनजेपी अस्पताल में टीबी के मरीजों के लिए दवाइयां भेंट की। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अस्पताल में आने वाले टीबी मरीजों के लिए दवाइयों की जरूरत है। इस पर उन्होंने समिति की ओर से मेडिकल आफिसर डा. दिनेश को दवाइयां भेंट की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया व मीडिया प्रभारी तरूण वधवा भी मौजूद रहे। डा. दिनेश ने समिति के पदाधिकारियों का आभार जताया। प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि समिति समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है। समिति द्वारा 400 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा समिति जरुरतमंद कन्या की शादी में सामान देना सहित अनेक सामाजिक कार्य करती है।

### एनआरआई को चौथी मंजिल से दिया धक्का

**जालंधर।** यूके से आए एनआरआई व्यक्ति की हत्या होने की सूचना मिली है। मिली खबर के अनुसार पठानकोट बाईपास के पास स्थित रिहायश इलाके में कुछ युवकों ने एनआरआई को बीडीए फ्लैट्स के चौथी मंजिल से धक्का मार दिया। मृतक एनआरआई की पहचान चरणजीत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार एनआरआई चरणजीत हर 2 साल बाद भारत आया करता था। बताया जा रहा है कि उसका तीसरे फ्लोर पर रहने वाली टीचर से बहस हो गई, जिसने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। इसके बाद कुछ अज्ञात युवकों ने एनआरआई को उसके ही फ्लैट की चौथी मंजिल से धक्का मार दिया। यही नहीं इसके बाद आरोपी खुद उसे अस्पताल लेकर जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को काबू कर लिया है।

## देशी गाय की खरीद पर दी जाएगी सब्सिडी : डीसी

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है, उनको देशी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरुआत की है। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम नि:शुल्क दिए जाएंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# खेलों में हिस्सा लेने से बढ़ता है आत्मविश्वास : सुभाष कलसाना

### चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**गांव** उदारसी में 20 नवंबर से 23 तक चलने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्यातिथि नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के सरंक्षक व समाजसेवी सुभाष कलसाना और विशिष्ट अतिथि दीपक आनंद ने रिबन काट कर शुभारंभ किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन उदारसी क्रिकेट कमेटी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख कोच देवेंद्र उदारसी, संजय शर्मा और सीताराम ने बताया कि चार दिवसीय इस क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रामीण और शहरी आंचल से आने वाली कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसका फाइनल मैच 23 नवंबर को होगा। वही विजेता टीम को 41 हजार, उप-विजेता को 21 हजार, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम 2100 रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि सुभाष कलसाना और विशिष्ट अतिथि दीपक आंनद ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। मुख्यातिथि सुभाष कलसाना ने कहा कि खेल मनुष्य को तनाव मुक्त रखते हैं तथा उसके शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक उम्र के व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार की खेल गतिविधि में भाग लेना चाहिए। खेल प्रतियोगिता का मकसद खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना है।

# लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने दिल्ली में शुरू किया बीमा जागरुकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में सामान्य बीमा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने दिल्ली में बीमा जागरुकता अभियान सुरक्षा का वादा, बीमा के साथ' प्रारंभ करने जा रही है। यह अभियान बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के दिशा निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। बीमा नियामक ने गैर जीवन बीमा क्षेत्र में यह अभियान चलाने का जिम्मा स्टेट इंश्योरेंस प्लान के तहत लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस को दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि जागरूकता फैलाने और इन सेवाओं से वंचित तबके तक प्रचार-प्रसार में लिबर्टी इंश्योरेंस की भूमिका कितनी अहम है।

इस अभियान पर टिप्पणी करते हुए लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस के पूर्णकालिक डॉयरेक्टर और सीईओ पराग वैद ने कहा, दिल्ली की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी होने के नाते हम दूसरी गैर जीवन बीमा कंपनियों के साथ मिलकर इस केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में निचले स्तर तक बीमा की संस्कृति को बढ़ावा देंगे। हमारे सतत प्रयास बीमा नियामक इरडाआई के मिशन 2047' को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मिशन के तहत बीमा नियामक बीमा की पहुंच को तेजी से ब ?ना चाहता है। हमारा लक्ष्य बिजनेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। हर नागरिक को ज्ञान और संसाधन से समृद्ध करना है ताकि वह स्वयं ही अपने लिए बीमा कवर ले। लिबर्टी का सुरक्षा का वादा, बीमा के साथ' प्रचार अभियान दो तरह से चलेगा। उद्देश्य है दिल्ली के सबसे निचले तबके तक बीमा को लेकर जागरुकता फैलाना। इसके तहत घर पहुंच अभियान प्रारंभ होगा।

अगले चरण में कंपनी ऑटो रिक्शा ब्रांडिंग की रणनीति अपनाएगी। इसके तहत ऑटो रिक्शा के पीछे बीमा शिक्षा से जु? संदेश लिखे जाएंगे। दूसरे चरण में कंपनी दिल्ली के क्षेत्रीय ट्रांसपोर्ट कार्यालय (आरटीओ) के साथ मिलकर जागरूकता अभियान प्रारंभ करेगी। इसके तहत ऑटोरिक्शा ड्राइवर के लिए हेल्थ कैंप, शैक्षणिक और मेडिकल संस्थानों में परस्पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# तीसरे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में वूल फैब की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तीसरे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर, वूल फैब, ऊनी उत्पादों की एक विशेष हथकरघा प्रदर्शनी 17 नवंबर 2023 को हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में शुरू हुई। प्रदर्शनी 30 नवंबर, 2023 तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी।



2 दशकों से अधिक की अवधि में, यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम के माध्यम से विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक ऐसी पहल है जिससे हथकरघा बुनकर, देश के विभिन्न शहरों में अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं को बिक्री कर सकते हैं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की एजेंसियां/शीर्ष निकाय, प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियां, निर्माता कंपनी, अन्य हथकरघा एजेंसियां एवं हस्तशिल्प कारीगर शामिल हैं। प्रदर्शनी में नाव राज्यों की 75 हथकरघा बुनकर एवं हस्तशिल्प कारीगर भाग ले रहे हैं।


भारत में रोजगार क्षमता की दृष्टि से कृषि क्षेत्र के उपरांत हथकरघा ही सबसे बड़ा क्षेत्र है जहां 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है। हथकरघा बुनाई के साथ हमारी परम्पराएं जुड़ी हुई है। कानी शॉल, पश्मीना शॉल, कुल्लू शॉल, जैकेट, मफलर, स्टोल, कोट, ऊनी सूट, काफ्तान, कंबल, बेडशीट और फेरन जैसे कुछ नाम दुनिया भर में ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। भारत सरकार ने हथकरघा उत्पादों के लिए हैंडलूम मार्क, रेशमी उत्पादों की वास्तविकता के लिए सिल्क मार्क तथा पर्यावरण पर शून्य दोष और शून्य प्रभाव वाले उच्च गुणवत्ता वाले हथकरघा उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए इंडिया हैंडलूम ब्रांड योजना शुरू की है।

# जीएनए विवि में 'विचार से आय तक' पर अतिथि व्याख्यान

पानियर समाचार सेवा। जालंधर

इंस्टीट्यूशन की इनोवेशन काउंसिल ऑफ जीएनए यूनिवर्सिटी और जीएनए यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर ने स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स, स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी और स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन के सहयोग से फ्रॉम आइडिया इनकम एन एंटरप्रेन्योरियल स्पिरिट पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। रिसोर्स पर्सन वाइज वर्ड एकेडेमिया की संस्थापक सुश्री गुरप्रीत कौर थीं।

इस वार्ता के आयोजन के पीछे मुख्य उद्देश्य संस्थान में युवा और उभरते उद्यमियों को अपने शिक्षाविदों के साथ-साथ अपने व्यावसायिक विचारों को आय स्रोतों में बदलने के लिए प्रेरित करना था। सुश्री गुरप्रीत कौर ने अतिरिक्त आय उत्पन्न करने के लिए व्यावसायिक विचारों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को फ्रीलांसिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशेषज्ञों ने व्यक्तित्व विकास और साक्षात्कार कौशल के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभवों साझा किए। डॉ. दिशा खन्ना, डीन, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स दीपक कुमार, डीन, स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी, डॉ. परमप्रीत सिंह, डीन स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन और अन्य संकाय सदस्यों ने संसाधन व्यक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया।



## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 30 नवंबर को

**यमुनानगर।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 30 नवंबर 2023 को प्रात: 11.30 बजे जिला सचिवालय के सभागार कमरा नंबर 203 में होनी निश्चित हुई है। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा करेगी।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
| --- | --- | --- | --- |
| **हरीश कुमार**, श्रीमती सुमित्रा देवी खाता स. LNBHI00517-180063242 | 11 सितंबर 2023 ₹505760/- बकाया दिनांक 04 सितम्बर 2023 | सम्पत्ति स्थित मस्टिल नं. 96, किला नं. 18, गांव धारूहेड़ा, रेवारी, हरियाणा **क्षेत्रफल 154 वर्ग गज** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 नवबर 2023 |

स्थान : जयपुर दिनांक 21-11-2023 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# पुलिस के जांच अधिकारी पहले संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, अब बता रहे मजबूरियां

## पुलिस अधीक्षकों ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को पत्र भी लिखा है

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज के एक साल से ज्यादा समय तक मामलों को लंबित रखने वाले 372 जांच अधिकारियों के निलंबन के आदेश की पालना में पेंच फस गया है। हालांकि इनमे से करीब 100 जांच अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है। पुलिस के बाकी 272 जांच अधिकारियों पर जिलों के पुलिस अधीक्षक कार्रवाई नहीं चाहते।

पुलिस अधीक्षकों ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को पत्र भी लिखा है। कपूर इस मामले की रिपोर्ट गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को भेज चुके हैं। रिपोर्ट में मामलो के लंबित रहने के कारणों को बताया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव के स्तर पर रिपोर्ट की समीक्षा की जा चुकी है। इसके बाद वह अपनी टिप्पणी के साथ गृहमंत्री को फाइल सौंपेंगे। पुलिस विभाग में यह रिपोर्ट काफी अहम मानी जा रही है। इसकी वजह यह है कि मामले से जुड़े 272जांच अधिकारियों को चिंता बनी हुई हैं। जिलों के पुलिस अधीक्षकों के अनुसार अब यदि और जांच अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाती है तो जिलों में जांच अधिकारियों की कमी हो जाएगी। गृहमंत्री विज ने एक साल से ज्यादा समय तक मामलों को लंबित रखने वाले 372 जांच अधिकारियों के निलंबन के आदेश दिए थे, जिसमें से करीब 100 को निलंबित किया जा चुका है।

कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने डीजीपी से आग्रह किया था कि उनके पास पहले से ही जांच अधिकारियों की कमी है ऐसे में उन्हें निलंबित करने की कार्रवाई की गई तो पुलिस जांच का काम रुक सकता है। कई मामले कानूनी पेंच के कारण अटके हुए हैं। ऐसे मामलों में सीधे तौर से जांच अधिकारी को दोषी ठहराना ठीक नहीं है। पुलिस अधीक्षकों के आग्रह के बाद ही गत दिनों पुलिस प्रमुख शत्रुजीत कपूर ने गृह मंत्री से आग्रह किया था कि वह जिलावार जांच अधिकारियों की रिपोर्ट तैयार कराएंगे, जिसमें तथ्यों को उनके समक्ष रखा जाएगा। गृहमंत्री के रडार पर 13 जिलों के 372 जांच अधिकारी आए। जिन्होंने एक वर्ष से 3229 मुकदमों में कोई कार्रवाई नहीं की थी। इनमें डीएसपी स्तर के 9 अधिकारी भी शामिल हैं। इन जांच अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश से पहले पुलिस महानिदेशक के जरिए इनसे स्पष्टीकरण भी मांगा गया था, लेकिन संबंधित 372 जांच अधिकारियों का जवाब संतोषजनक नहीं था। जिसके बाद ही गृहमंत्री की ओर से इन जांच अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए गए।

गृहमंत्री अनिल विज का इस पूरे मामले में कहना है कि 372 जांच अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश उन्होंने खुश होकर नहीं दिया था, बल्कि दुखी होकर इस कार्य को किया है। क्योंकि एक साल से वे लगातार सभी बैठकों में अधिकारियों को लम्बित मामलों के निपटान करने बारे बार-बार कह चुके हैं व आदेश भी दे चुके हैं। विज ने कहा कि उनके पास जैसे ही रिपोर्ट आएगी उसको पढ़कर उसके अनुसार ही कार्रवाई करेंगे। गृह मंत्री अनिल विज इस मामले में कह चुके हैं कि मेरी जनता के प्रति जवाबदेही है, मेरे पास गृह विभाग है और लोगों को न्याय मिले, यह मेरा दायित्व भी है।

# पिता की मौत का बदला लेने के लिए की थी हत्या, दो हत्यारोपी गिरफ्तार

## दिवाली के दिन कारौर गांव में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

### आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी जतिन व उसका साथी।

**गैंगवार** के चलते 20 से ज्यादा हत्याओं का दंश झेल रहे कारोर गांव में दिवाली के दिन हत्याकांड को अंजाम देने वाले 4 में से 2 आरोपीयों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

पुलिस के अनुसार कारोर गांव के जतिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने पिता कि हत्या का बदला लिया है। जिस मोहित नाम के युवक की हत्या कि गई थी क्योंकि उसने जतिन के पिता कि रेकी की थी। रोहतक के कारोर गांव में दिवाली के दिन हुई गैंगवार के चलते युवक की हत्या के बाद दो आरोपियों को पुलिस ने सदर बाजार दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लेगी ताकि बाकि आरोपियों का भी पता लगाया जा सके। मुख्य आरोपी जतिन ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए कारोर गांव के मोहित की दिवाली के दिन हत्या कर पुरानी रंजिश को फिर से हवा दे दी है। दरअसल कारौर गांव में एक थप्पड़ से शुरू हुई कारोर गांव में गैंगवार के चलते अब तक 20 से ज्यादा हत्यांए हो चुकी हैं। गांव मे छीप्पी ओर छाजू के बीच गैंगवार चली हुई, जिसमें दोनों पक्षों के 20 से ज्यादा लोगों की हत्या हो चुकी है।

वहीं दूसरी ओर डीएसपी राकेश मलिक का कहना है कि छिप्पी ओर छाजू गैंग के बीच काफी पुरानी दुश्मनी है। अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए जतिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिवाली के दिन मोहित की हत्या का थी। जिसके बाद हत्याकांड में शमिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राकेश मलिक ने बताया कि इस हत्याकांड में 4 युवक शमिल हैं, जिसमें से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद के सदस्यों की बैठक का आयोजन

### विकास कार्यों को करवाने के लिए कमेटी बनाकर सभी कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा : रमेश

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**जिला** परिषद के कार्यालय में जिला परिषद के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने की। इस बैठक में विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत जो भी विकास कार्य करवाने है वह कमेटी के समक्ष रखे गए।

सोमवार को जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने बताया कि जिला में विकास कार्यों को करवाने के लिए कमेटी बनाकर सभी कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबका साथ-सबका विकास के द्वारा विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों में स्कूलों में पीने के पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाई जाए तथा मिड डे मिल की उचित व्यवस्था की जाए।

उन्होंने जिला परिषद के सदस्यों से कहा कि कमेटी बना कर समय-समय पर इनकी चैकिंग की जाए। उन्होंने जिला परिषद के सदस्यों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं हुए है उसकी जानकारी दे ताकि वहां पर विकास कार्य करवाए जा सकें। उन्होंने जिला परिषद के सदस्यों को निर्देश दिए कि वह जिस क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं उसकी क्लीयरेंस जिला परिषद के सदस्य ही दें। उन्होंने खंड बिलासपुर में फोगिंग करवान के निर्देश दिए

जिला परिषद के सीईओ नवीन आहूजा ने कहा कि टूटी सड़कों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी गांवों में बाढ़ के दौरान पशुओं के लिए बनाए गए शेड टूट गए है उन्हें तुरंत बनवाया जाए। जिस भी क्षेत्र में पानी की पाइप लाईन नहीं है वहां पर हैंडपंप लगाए जाए। इस अवसर पर जिला परिषद के उप चेयरमैन अग्रिवीर सिंह, डिप्टी सीईओ जसविन्द्र सिंह, जिला परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

# आंध्र प्रदेश के सांसद कृष्ण देवरायलु ने किया निफ्टेम संस्थाान का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**आंध्रप्रदेश** के नरसरावपेट निर्वाचन क्षेत्र के सांसद एवं विग्नन विश्वविद्यालय, गुंटूर के वाइस चेयरमैन कृष्ण देवरायलु लावु ने विमटा लैब्स के चेयरमैन डॉ. एसपी वासिरेड्डी के साथ राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम), कुंडली का दौरा किया। उन्होंने निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबरॉय और संकाय सदस्यों के साथ हुई एक विशेष बैठक में निफ्टेम के साथ कामकाजी संबंध मजबूत बनाने की इच्छा व्यक्त की।

बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि विग्नन विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों को निफ्टम, कुंडली में इंटर्नशिप प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके साथ ही आंध्रप्रदेश के कुछ उभरते उद्यमियों और संभावित एफपीओ को भी निफ्टेम में भ्रमण के लिए भेजा जाएगा, ताकि वे संस्थान द्वारा आयोजित किए जा रहे विभिन्न उद्यमिता कार्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से



परिचित हो सकें। सांसद लावु और डॉ. एसपी वासिरेड्डी ने निफ्टेम परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की अत्याधुनिक खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशाला, खाद्य अनुसंधान और विश्लेषण केंद्र के अलावा लाइसेंसिंग, क्षमता निर्माण एवं अनुसंधान के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी पांच पायलट संयंत्रों, निफ्टेम ज्ञान केंद्र और सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन फूड फोर्टिफिकेशन का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान के फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम में गहरी रूचि दिखाते हुए विग्नन विवि में फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण एवं मांस प्रसंस्करण के लिए एक खाद्य ऊष्मायन केन्द्र एवं पायलट प्लांट स्थापित करने में निफ्टेम संस्थान से तकनीकी सहायता देने की मांग की।


### सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश परीक्षा के लिए 16 दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**सोनीपत।** करनाल जिला के कुंजपुरा स्थित सैनिक स्कूल में प्रवेश सत्र 2024-2025 में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश प्रीक्षा के लिए 16 दिसंबर तक वेबसाईट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कक्षा छह 100 सीटों (90 लडके व 10 लड़कियों) के लिए प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि एक अप्रैल 2012 तथा 31 मार्च 2014 के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9 की 21 सीटों के लिए छात्रों की जन्मतिथि एक अप्रैल 2009 तथा 31 मार्च 2011 के बीच होनी चाहिए। उपायुक्त मनोज कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 जनवरी 2024 को होगा और परीक्षाओं के लिए एमआर सीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली होगी। कुल सीटों का 15 प्रतिशत एसटी, 7.5 एससी तथा 27 प्रतिशत ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। बकाया सीटों का 67 प्रतिशत हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत अन्य राज्यों के लिए आरक्षित है। इनमें 25 प्रतिशत रक्षाकर्मियों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वर्गीय पत्रकार ढींगरा के परिवार को मिली आर्थिक सहायता



स्वर्गीय पत्रकार महेश ढींगरा

**सोनीपत।** स्वर्गीय पत्रकार महेश ढींगरा के परिवार को आर्थिक सहायता जिला प्रेस क्लब सोनीपत के प्रयास से ढाई लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। स्वर्गीय महेश की पत्नी मीनू ने क्लब के अध्यक्ष का सहायता राशि दिलवाने में सहयोग करने पर धन्यवाद किया है। क्लब की वार्षिक बैठक 23 दिसंबर 2023 को आयोजित की जाएगी। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश आहूजा ने बताया कि स्वर्गीय महेश ढींगरा पत्रकार पिछले काफी वर्षों से सोनीपत के अतिरिक्त हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय पत्रकार के रूप में कार्य करते रहे थे। अचानक से हृदय गति रूकने से उनका देहांत हो गया था। स्वर्गीय महेश के परिवार को अब क्लब के प्रयास से हरियाणा सरकार के माध्यम से ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।

### नागरिकों को डाक विभाग की योजनाओं से करवाया अवगत

**कुरुक्षेत्र।** सोमवार को डाक विभाग द्वारा शुरू की गई डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम योजना के तहत गांव कलसाना में एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता डाकघर अधीक्षक देसू राम ने की व देवराज सहगल, सहायक निदेशक, परिमंडल कार्यालय अंबाला भी उपस्थित रहे। कैंप में कलसाना गांव सहित मुगल माजरा, मामू माजरा, कठवा, झरौली इत्यादि गांव के नागरिकों ने आकर डाक विभाग द्वारा दी जाने वाले सेवाओं का लाभ उठाया। देसू राम ने बताया कि कैंप डाकघर में नए खाते खोलने, डाक बीमा करवाने, आधार अपडेट करवाने इत्यादि जैसी सेवाओं को ग्रामीण इलाकों में जाकर, देने पर आधारित है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच डॉ. सुषमा रानी, ब्लॉक समिति के सदस्य सुमित नरवाल, प्रवीण अरोड़ा सहायक अधीक्षक, वेदप्रकाश सहायक डाकपाल, कुलवंत सिंह ट्रेनर, लखविंदर सिंह, साहिल, संजीव संभालखी इत्यादि व बहुत से ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज करेंगे उप राष्ट्रपति

**कुरुक्षेत्र।** देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का आगाज करेंगे। इस महोत्सव में 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन कर और ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आचमन करेंगे। इसके अलावा 17 दिसंबर को ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में गीता सेमिनार का भी उद्घाटन करेंगे। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 की तैयारियां केडीबी की तरफ से की जा रही है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन ब्रह्मसरोवर पर 7 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर 2023 तक किया जाएगा। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में मुख्य पंडाल सजाया जाएगा। इस बार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक 8 दिन के होंगे और महोत्सव में शिल्प और सरस मेले का आयोजन 7 से 24 दिसंबर तक होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गीता जयंती 23 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस दिन दीपोत्सव, दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और 18 हजार विद्यार्थियों का वैश्विक गीता पाठ होगा। इस वर्ष मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशानुसार पहली बार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 8 दिन के होंगे। इस वर्ष असम राज्य महोत्सव में पार्टनर राज्य के रुप में अपनी भूमिका अदा करेगा। मानद सचिव ने कहा कि इस वर्ष भी हरियाणा पैवेलियन, जनसंपर्क विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी, हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार, 18 हजार बच्चों का वैश्विक गीता पाठ, गीता रन, शैक्षणिक गतिविधियों, महाआरती, दीपदान, गीता शोभा यात्रा, पुस्तक मेला, संत सम्मेलन, हरियाणा पैवेलियन, भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

# कर्मचारियों की मांगों के जल्द समाधान को लेकर की बैठक : विनोद शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



कार्यकारी अभियंता मोहम्मद आशिक के साथ बैठक करते यूनियन पदाधिकारी।

**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा पब्लिक हेल्थ सोनीपत का यूनियन शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यकारी अभियंता मौहम्मद आशिक के साथ माडल टाउन कार्यालय में कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक की।

ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि संस्था शिष्टमंडल द्वारा कार्यकारी अभियंता का संस्था शिष्टमंडल द्वारा कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों बारे में कार्यकारी अभियंता से अवगत कराया। कार्यकारी अभियंता द्वारा भी संगठन को कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही पूरा करने का वादा किया। कर्मचारियों की मुख्य मांग बकाया एलटीसी बिलों, मेडिकल बिलों, जीपीएफ बिलों के भुगतान में तेजी लाने, जूते डांगरी, रेन कोट, सेफ्टी किट जारी करने, साइडों पर पंखे कुर्सी देने बारे, जर्जर पड़े जलघरों की मरम्मत करने बारे, ड्यूटी आईकार्ड बनाने आदि मांगों के समाधान की मांग की। बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज, धूप सिंह लाकड़ा, देवेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, रणबीर सिंह, विनोद शर्मा मौजूद रहे।

# गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं को वास होता है : स्वामी ज्ञानानन्द

### गोपाष्टमी पर पूजा करने स मिलता है विशेष फल

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**श्री** राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट के प्रांगण में गोपाष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दिन हिन्दू धर्म में भगवान कृष्ण एवं गौ माता की पूजा की जाती है। हिन्दू धर्म में गाय का स्थान माता के तुल्य माना जाता है। शास्त्रों ने भी इस बात की पुष्टि की है।

गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं को वास होता है। इस दिन पूजा करने से सभी फल प्राप्त होते हैं। सोमवार को गौशाला के प्रागंण में महामंडेलश्वर गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन में गौमाता के बारे में विस्तार से बताया और गौमाता की पूजा का महत्व बताया। गायों को चारा खिलाकर एवं गुड़ खिलकर उनकी पूजा भी की। इस मौके पर श्री राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा एवं संचालक कैलाश चंद गुप्ता ने गौशाला की सभी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आईपीओ बुधवार, 22 नवंबर को होगा ओपन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / नोएडा



**फ्लेयर** राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कंपनी), बुधवार, 22 नवंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपनी आईपीओ खोलेगी।


कंपनी की योजना रु5 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के माध्यम से कुल मिलाकर रु 5,930.00 मिलियन [593 करोड़] तक धन जुटाने की है। इस ऑफर में 2,920.00 मिलियन [292 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और रु 3,010.00 मिलियन [रु301 करोड़] तक का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल और नये इश्यू के साथ मिलाकर ऑफर) शामिल है।

कंपनी ने, बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, 10 नवंबर, 2023 को कुल रु730.00 मिलियन [रु73 करोड़] के नकद प्रतिफल के लिए रु 304.00 प्रति इक्विटी शेयर (रु299.00 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,401,315 इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया है। फ्रेश इश्यू का आकार 730.00 मिलियन [73 करोड़] कम कर दिया गया है और तदनुसार, फ्रेश इश्यू का आकार 2,920.00 मिलियन [ रु 292 करोड़] तक है। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 21 नवंबर, 2023 होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए बुधवार, 22 नवंबर, 2023 को खुलेगा और शुक्रवार, 24 नवंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड रु288 से रु304 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 49 इक्विटी शेयर और उसके बाद 49 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है।

# हरियाणा के राजनीतिक धुरंधरों ने संभाली राजस्थान प्रचार की कमान

## राजस्थान में भी आमने-सामने हुए मनोहर व हुड्डा

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक।



**प्रदेश** की राजनीति को ठंडे बस्ते में डाल हरियाणा के धुरंधरों की गाड़ी फिलहाल राजस्थान की सडकों पर दौड़ती नजर आ रही है। चुनाव के अंतिम दिनों में अपनी अपनी पार्टियों का परचम लहराने की दिशा में काम पर जुटे इन महारथियों में कोई हाथ से हाथ मिलाने की जुगत में है तो कोई बालू रेत में कमल खिलाने की जुगत में है। देवीलाल परिवार के महारथी भी सत्ता की चाबी को कसकर पकड़ कर बैठे हुए हैं।

राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों पर 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब हरियाणा के सभी बड़े राजनेताओं का प्रवास राजस्थान में होने जा रहा है। भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई, तोसाम से कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, अजय सिंह चौटाला तो पिछले दो महीने से राजस्थान में ही ड़ेरा ड़ाले हुए है। वहीं अब हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, बिजली एवं जेल मंत्री चौ. रणजीत सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी राजस्थान में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

राजस्थान के विधान सभा चुनाव में इनेलो से अलग हो अपनी नई पार्टी बना अजय पुत्रों द्वारा जननायक जनता पार्टी के झंड़े तले राजस्थान के 20 विधानसभा सीटों पर चुनावी ताल ठोकी हुई है। हरियाणा के नेताओं का राजस्थान में प्रभाव होने के कारण कांग्रेस की ओर से राजस्थान चुनाव के लिए से कांग्रेस ने तोशाम की विधायक किरण चौधरी को राजस्थान में समन्वयक नियुक्त किया हुआ है और अभी दस दिन पूर्व ही सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह को विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। भाजपा ने पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई को भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान में चुनाव सह-प्रभारी लगाया हुआ है। छत्तीसगढ़ एवं मप्र में चुनाव प्रचार के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा और सुरेजवाला भी राजस्थान में चुनाव प्रचार में पहुंच रहे है। भाजपा में अपना कद बढ़ाने के लिए चौ. रणजीत सिंह सादुलपुर एवं श्रीगंगानगर में बेजीपी के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वहीं राजस्थान में अपने एक दर्जन समर्थकों को टिकट दिलवाकर उनके लिए विजयी अभियान में जुटे कुलदीप की गाड़ी राजस्थान की सडकों दौड़ती देखी जा रही है। इसी तरह से भाजपा व कांग्रेस की ओर से हरियाणा के कुछ मंत्रियों व पूर्व सांसदों व विधायकों की भी ड्यूटी राजस्थान चुनाव में लगाई गई है।

राजस्थान के चुनाव में हरियाणा के नेताओं की एंट्री से प्रचार में गर्मी आ गई है। प्रदेश भाजपा ने अपने सभी बड़े नेताओं को राजस्थान के चुनावी समर में उतार दिया है। राजस्थान के रण में उतरे हरियाणा के नेता सबके साथ और सबके विकास की बात कह कर राजस्थान में बिना पर्ची खर्ची वाली नौकरी देने वाली सरकार बनाने की बात कह रहे हैं। भर्ती घोटाला, पेपर लीक व किसानों की जमीन को मुद्दा बनाकर प्रदेश भाजपा के नेता राजस्थान कांग्रेस पर हमलावर होते जा रहे हैं।

# अदालत ने मृत कांस्टेबल के परिवार को एक करोड़ अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने सोमवार को शहर सरकार को उस पुलिस कांस्टेबल के परिवार को चार सप्ताह के भीतर एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि जारी करने का निर्देश दिया, जिसकी 2020 में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए कोविड-19 की चपेट में आने के बाद मृत्यु हो गई थी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा तीन नवंबर को पारित एक आदेश के तहत मृतक कांस्टेबल अमित कुमार की पत्नी और पिता को मुआवजा दिया जाना मंजूर किया गया था। अदालत ने आदेश दिया, आदेश के अनुसार राशि चार सप्ताह में जारी की जाएगी।

आदेश में मंत्रिमंडल के 13 मई 2020 के फैसले के अनुरूप सरकार ने कांस्टेबल की पत्नी और पिता के लिए क्रमश: 60 लाख और 40 लाख रुपये जारी करने को मंजूरी दी थी।




दिल्ली सरकार की तरफ से पेश हुए वकील अरुण पंवार ने कहा कि अधिकारी निर्देश का पालन करेंगे। उच्च न्यायालय कुमार की पत्नी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था कि उनके पति की पांच मई, 2020 को मृत्यु हो गई थी। उस वक्त वह गर्भवती थीं। दिल्ली पुलिस के एक युवा कांस्टेबल कुमार को कोविड-19 लॉकडाउन उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए दीप चंद बंधु अस्पताल में तैनात किया गया था। दिसंबर 2022 में, उच्च न्यायालय ने अधिकारियों से कांस्टेबल के परिवार को एक करोड़ रुपये के मुआवजे के भुगतान पर निर्णय लेने के लिए कहा था। अदालत ने कहा था कि शहर सरकार को अनुग्रह राशि के भुगतान के लिए की गई स्पष्ट घोषणा से पीछे नहीं हटना चाहिए।

### अदालत ने पीडब्ल्यूडी से यू-टर्न लेन खोलने पर फैसला करने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से मथुरा रोड पर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के पास एक फ्लाईओवर पर एक यू-टर्न लेन को खोलने पर विचार करने को कहा और इस संबंध में एक याचिका का निस्तारण कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने द लीगल अटॉर्नीज एंड बैरिस्टर्स नामक विधि प्रतिष्ठान की जनहित याचिका पर यू-टर्न लेन खोलने पर निर्देश देने से इनकार कर दिया और कहा कि अदालत इस तरह के मुद्दों पर निर्णय नहीं ले सकती। पीठ में न्यायमूर्ति मिनी पुष्करण भी शामिल रहीं। पीठ ने कहा, हम यह फैसला नहीं कर सकते कि किस फ्लाईओवर को खोलना है। यह हमारा काम नहीं है। उसने आदेश सुनाया, हम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को इस रिट याचिका को एक ज्ञापन के तौर पर लेने और कानून के अनुसार फैसला करने का निर्देश देते हुए इस याचिका का निस्तारण करते हैं। अदालत ने अधिकारियों से समयबद्ध तरीके से आदेश जारी करने को कहा। दिल्ली सरकार के वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने बिना किसी अनुसंधान के और इस अवधारणा पर याचिका दायर की है कि यूटर्न लेन खोलना ठीक रहेगा।

# निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार गिरी, दो मजदूरों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के मोइनाबाद इलाके में सोमवार को एक निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार गिरने से दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई, जब वहां निर्माण कार्य जारी था। परिसर की दीवार मजदूरों के एक समूह पर गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया, पश्चिम बंगाल और बिहार के रहने वाले दो मजदूरों की मौत हो गई। उसने बताया कि घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जांच जारी है।

# कुख्यात बदमाश मरदु अनीश पर जेल में हमला

एजेंसी। त्रिशूर

**केरल** के त्रिशूर में अत्यधिक कड़ी सुरक्षा वाली जेल में बंद कुख्यात बदमाश मरदु अनीश पर सोमवार को दो कैदियों ने हमला कर दिया। जेल सूत्रों ने यह जानकारी दी। वियूर केंद्रीय कारागार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो कैदियों- अशरफ और हुसैन ने एक तेज धार वाली वस्तु से अनीश पर हमला कर उसे घायल कर दिया। अधिकारी ने बताया, घटना में जेल के एक अधिकारी भी घायल हो गए। जेल में प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद दोनों को नजदीक के एक अस्पताल ले जाया गया। जेल सूत्रों ने बताया कि कैदियों ने अनीश पर हमला करने के लिए स्टील के एक टुकड़े को कथित तौर पर धारदार बनाया था। अनीश को केरल पुलिस ने सात नवंबर को कोच्चि के एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार किया था, जहां वह उपचाराधीन था। इसके बाद, उसे हाल में यहां अत्यधिक कड़ी सुरक्षा वाली जेल में बंद किया गया था। पुलिस ने बताया कि अनीश के खिलाफ केरल में ही 45 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पड़ोसी राज्य तमिलनाडु और कर्नाटक में भी कई आपराधिक मामलों में आरोपी है।



# लोगों को यह मत महसूस कराओ कि उनका खून सस्ता है : उमर

एजेंसी। श्रीनगर

**नेशनल** कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने 2020 अमशीपोरा फर्जी मुठभेड़ मामले में भूमिका के लिए दोषी ठहराए गए सेना के एक कैप्टन को जमानत दिए जाने की सोमवार को आलोचना की। अब्दुल्ला ने इस मामले पर एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, मैं केंद्र से अपील करता चाहता हूं कि वह यहां लोगों से न खेले। यहां लोगों को यह मत महसूस कराइए कि हमारा खून इतना सस्ता है कि हत्या के दोषी पाए गए व्यक्ति को इतनी आसानी से जमानत दे दी जाती है। दिल्ली सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने दक्षिण कश्मीर के अमशीपोरा गांव में जुलाई 2020 में हुई योजनाबद्ध मुठभेड़ में तीन लोगों की हत्या के दोषी पाए गए सेना के कैप्टन भूपेन्द्र सिंह की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी।



न्यायाधिकरण ने कैप्टन सिंह को सशर्त जमानत भी दे दी और उन्हें अगले साल जनवरी से नियमित अंतराल पर प्रधान रजिस्ट्रार के सामने पेश होने का निर्देश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कुलगाम में संवाददाताओं से कहा, मामूली आरोपों के तहत गिरफ्तार लोगों को वर्षों तक जमानत नहीं मिल पाती। दूसरी ओर, फर्जी मुठभेड़ मामले में किसी दीवानी अदालत द्वारा नहीं, अपितु सेना के कोर्ट-मार्शल द्वारा हत्या के दोषी ठहराए गए सेना के अधिकारी को जमानत मिल गई। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने में देरी को लेकर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय जब अनुच्छेद 370 संबंधी याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी, उसी समय वह चुनावों को लेकर भी निर्णय देगी।

उन्होंने कश्मीर में विद्युत आपूर्ति की स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए दावा किया कि लोगों को अप्रत्याशित बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। अब्दुल्ला ने कहा, हमसे चुनाव करने के नाम पर, बेरोजगारी समाप्त करने के नाम पर, विकास के नाम पर और बिजली के नाम पर धोखा हो रहा है। विद्युत आपूर्ति प्रणाली सुचारू नहीं होने का कारण क्या है? उन्होंने कहा, हमारे कार्यकाल में स्थिति इतनी खराब नहीं थी। आज, वे कहते हैं कि उनके पास पर्याप्त निधि हैं। तो फिर वे बिजली का प्रबंध क्यों नहीं करते? लोगों को 12 घंटे की बिजली कटौती क्यों झेलनी पड़ रही है?

## माधुरी को आईएफएफआई के 54वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा

**पणजी।** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए भारत के 54वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिल्म महोत्सव के 54वें संस्करण की शुरुआत सोमवार यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में एक समारोह के साथ हो रही है। कार्यक्रम के दौरान माधुरी अपने सुपरहिट गानों पर प्रस्तुति भी देंगी। अनुराग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा, सदाबहार अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने अपनी प्रतिभा से पिछले चार दशक से बड़े पर्दे पर अपनी दमदार प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

अनुराग ने कहा, हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि प्रतिभाशाली और करिश्माई अभिनेत्री माधुरी दीक्षित को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए आईएफएफआई के 54वें संस्करण में विशेष सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

# अदालत ने माकपा नेताओं को हिंसा प्रभावित गांव का दौरा करने की इजाजत दी

एजेंसी। कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय ने सोमवार को माकपा के एक नेता को उन लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए जयनगर के दलुआखाकी गांव का दौरा करने की अनुमति दी, जिनके घरों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता की हत्या के बाद तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई थी। अदालत ने निर्देश दिया कि दौरे के दौरान राजनीतिक नारेबाजी या सभाओं की इजाजत नहीं होगी। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने याचिका दायर करने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और वकील सायन बनर्जी को उन लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में दलुआखाकी गांव का दौरा करने की अनुमति दी, जिनके घरों में 13 नवंबर को टीएमसी नेता सैफुद्दीन लस्कर की हत्या के बाद लोगों के एक समूह द्वारा तोड़फोड़ और आगजनी की गई थी।

बनर्जी ने कहा कि उन्हें और



अन्य माकपा नेताओं को 14 नवंबर को पुलिस कर्मियों द्वारा दलुआखाकी गांव जाने से रोका गया था। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने आरोप लगाया है कि जयनगर में बामुनगाची के टीएमसी क्षेत्र अध्यक्ष लस्कर की हत्या के पीछे माकपा का हाथ था। अदालत ने बनर्जी को निर्देश दिया कि वह पुलिस को उस तारीख और समय के बारे में सूचित करें जिस दिन वह प्रभावित गांव का दौरा करना चाहते हैं, और सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिसकर्मी उनके दौरे के दौरान उनके साथ रहेंगे।

जयनगर के बामुनगाची क्षेत्र में तृणमूल क्षेत्र अध्यक्ष सैफुद्दीन लस्कर (47) की 13 नवंबर की सुबह उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लस्कर के समर्थकों ने दो कथित हमलावरों को पकड़ लिया था और उनमें से एक को पीट-पीट कर मार डाला। उन्होंने बताया कि एक अन्य को पुलिस ने बचा लिया और गिरफ्तार कर लिया। हत्या के सिलसिले में रविवार रात तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# डीजीपी ने सर्दियों से पहले जम्मू कश्मीर में सुरक्षा योजना पर चर्चा की

एजेंसी। जम्मू

**सेना** के उत्तरी कमांडर और जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने सर्दियों से पहले आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा योजना और प्रशासनिक इंतजाम की समीक्षा की। थलसेना ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन के 31 अक्टूबर को प्रभार संभालने के बाद से सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ उनकी यह पहली बैठक है। सेना के उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के एक्स अकाउंट पर किए गए एक पोस्ट के अनुसार, आगामी सर्दियों के बीच, दोनों बलों के बीच समन्वय बढ़ाने, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की योजनाओं और प्रशासनिक इंतजाम पर चर्चा करने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने



जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन के साथ बैठक की।

बातचीत की तस्वीरें साझा करते हुए इसमें कहा गया है कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भारी बर्फबारी से घुसपैठ के संभावित मार्गों के बंद होने से पहले, आतंकवादियों की घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए सीमा पर, विशेष रूप से नियंत्रण रेखा पर अत्यधिक सतर्कता बरत रही है।

## कांग्रेस के राज में कोई विकास नहीं हुआ: योगी

**जयपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शासन के दौरान पिछले पांच साल में कोई विकास नहीं हुआ। योगी ने जयपुर के आमेर निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जहां राजस्थान सरकार रामनवमी पर कर्फ्यू लागू करती है, वहीं उत्तर प्रदेश में चार करोड़ लोगों की शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा बिना किसी व्यवधान के जारी रहती है। उन्होंने अपराध, गौ तस्करी, साइबर अपराध, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान पिछले पांच वर्षों में राज्य में कोई विकास नहीं हुआ।योगी ने लालसोट में भी चुनावी रैली को संबोधित किया और कहा कि पिछले पांच वर्षों में राजस्थान को बहुत नुकसान हुआ है। एक बयान के अनुसार योगी ने कहा, आखिर पांच वर्ष में ऐसा क्या हो गया।

# शांतिनिकेतन को यूनेस्को की मान्यता पर पट्टिका तैयार करने के लिए समिति का गठन

एजेंसी। कोलकाता

**विश्वभारती** विश्वविद्यालय ने सोमवार को कहा कि शांतिनिकेतन को विरासत स्थल के रूप में मिली यूनेस्को की मान्यता के संबंध में पुरानी पट्टिका के स्थान पर नई बांग्ला पट्टिका को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रवक्ता महुआ बनर्जी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि समिति नई पट्टिका के साथ पहले से तैयार हिंदी और अंग्रेजी पाठों को भी देखेगी कि यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार है या नहीं। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक कुलपति संजय कुमार मल्लिक को सलाह दी गई है कि शांतिनिकेतन को विरासत स्थल के रूप में मान्यता देने वाले यूनेस्को के बयान के आधिकारिक




**कहा,कार्य को अंजाम देने में अनावश्यक देरी का कोई इरादा नहीं है**

पाठ को लगाना तत्काल प्राथमिकता है और मंत्रालय को आश्वासन दिया गया कि विश्वविद्यालय का, कार्य को अंजाम देने में अनावश्यक देरी का कोई इरादा नहीं है।

बनर्जी ने कहा कि मंत्रालय को सूचित किया गया कि मसौदा बयान की प्राप्ति के तुरंत बाद पट्टिका के पाठ के बांग्ला संस्करण को अंतिम रूप देने और तीनों भाषाओं में बयान की समानता के लिए हिंदी और अंग्रेजी में पाठों को देखने के लिए, एक समिति का गठन किया गया है तथा विश्वविद्यालय का अनावश्यक देरी का कोई इरादा नहीं है। शांतिनिकेतन, जहां विश्वभारती स्थित है, को 17 सितंबर को यूनेस्को द्वारा विरासत का दर्जा दिए जाने के मद्देनजर स्थापित की गई तीनों पट्टिकाओं में रवींद्रनाथ टैगोर के नाम का उल्लेख नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तत्कालीन कुलपति विद्युत चक्रवर्ती का नाम था, जिससे विवाद शुरू हो गया। प्रधानमंत्री केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं।

# दिल्ली नगर निगम कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन बढ़ाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन बढ़ाने का फैसला किया है। एमसीडी के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमसीडी के अकुशल श्रमिकों के लिए मासिक न्यूनतम वेतन 16,792 रुपए से बढ़कर 17,234 रुपये हो जाएगा। अर्द्ध-कुशल श्रमिकों के लिए वेतन 18,499 रुपए से बढ़कर 18,993 रुपए तथा कुशल श्रमिकों के लिए 20,375 रुपए से बढ़कर 20,903 रुपए हो जाएगा।



अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल से सभी एमसीडी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने एक अप्रैल से सभी एमसीडी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की घोषणा की थी। न्यूनतम वेतन बढ़ाने पर सरकार का प्रस्ताव एमसीडी के सदन की अगली बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। एमसीडी के अधिकारी ने कहा कि निगम कर्मचारियों के लिए संचित महंगाई भत्ता सदन से मंजूरी मिलने के बाद जारी किया जाएगा। एमसीडी सदन के बैठक के एजेंडे के अनुसार, लिपिक और पर्यवेक्षी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन में भी वृद्धि की जाएगी।

प्रस्ताव के मुताबिक, गैर-मैट्रिक पास कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन बढ़कर 18,993 रुपए, मैट्रिक पास लेकिन स्नातक नहीं होने पर 20,902 रुपए तथा स्नातक और इससे ऊपर के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन 22,744 रुपए हो जाएगा। इन कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता क्रमश: 494 रुपए, 546 रुपए और 598 रुपए प्रति माह होगा।

# जयनगर में तृणमूल नेता की हत्या के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की हत्या के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जयनगर के बामुनगाची क्षेत्र में तृणमूल क्षेत्र अध्यक्ष सैफुद्दीन लस्कर (47) की 13 नवंबर की सुबह उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लस्कर के समर्थकों ने दो कथित



हमलावरों को पकड़ लिया था और उनमें से एक को पीट-पीट कर मार डाला। उन्होंने बताया कि एक अन्य को पुलिस ने बचा लिया और गिरफ्तार कर लिया।

हत्या के सिलसिले में रविवार रात गिरफ्तार किए गए तीन लोग इलाके में तृणमूल कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। हालांकि, पीट-पीटकर मार डालने के सिलसिले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना के बाद, स्थानीय तृणमूल विधायक विश्वनाथ दास ने दावा किया था कि लस्कर की हत्या के पीछे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित गुंडों का हाथ था। घटना के बाद पड़ोसी दलुआखाली गांव में कई घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई और आग लगा दी गई।

दलुआखाली के कुछ प्रभावित लोगों ने दावा किया कि चूंकि वे माकपा समर्थक हैं। इसीलिए उनके घरों को निशाना बनाया गया और कई पर हमला किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनके घरों में आग लगाई गई और दमकल गाड़ियों को आग बुझाने से रोका गया।

## आईयूएमएल अध्यक्ष ने कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए प्रतिबद्धता जताई

**वायनाड।** आईयूएमएल के अध्यक्ष सईद सादिक अली शिहाब थंगल ने सोमवार को साफ किया कि उनकी पार्टी का केरल में कांग्रेस नीत गठबंधन को मजबूत करने की जिम्मेदारी से अलग होने का कोई सवाल नहीं उठता। थंगल ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के वायनाड जिला परिषद शिविर को संबोधित करते हुए कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को मजबूत करने की अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास यूडीएफ के साथ गठबंधन में बने रहने के अनेक कारण हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत एलडीएफ ने आईयूएमएल को अपने खेमे में लाने की कथित कोशिश की थी, जिसके बाद उसका यह बयान आया है। कुछ दिन पहले ही आईयूएमएल विधायक और मलप्पुरम जिला महासचिव पी अब्दुल हमीद को केरल राज्य सहकारी बैंक या केरल बैंक के वाम दल द्वारा नियंत्रित निदेशक मंडल में नामित किया गया था।

# चामराजनगर जिले में तेंदुए का शिकार करने को लेकर दो लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। चामराजनगर

**कर्नाटक** के चामराजनगर जिले में कथित रूप से तेंदुए का शिकार करने को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से इस जीव के अवशेष बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि दोनों संदिग्धों शांतराजू और अर्जुन के पास से दो देशी पिस्तौल जब्त की गई। दोनों दोड्डेनदुवाडी के रहने वाले हैं। उसने बताया कि कोल्लेगाल ग्रामीण थाने की एक टीम ने उन्हें शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर चिक्कालूर के समीप पुलिसकर्मियों की एक टीम ने इन दोनों को पकड़ा और तलाशी लेने पर उनके पास से दो देशी पिस्तौल मिली। अधिकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान इन दोनों ने चार-पांच दिन पहले एक तेंदुए का शिकार करने और इसमें नटराज नामक एक अन्य साथी की संलिप्तता की बात कबूल की।

उन्होंने कहा, उन्होंने (दोनों संदिग्धों ने) खुलासा किया कि उन



तीनों ने मिलकर कावेरीपुरी में कग्गालीपुरा के जंगलों में एक तेंदुए को मारा और जब वे उसकी खाल उतार रहे थे, तब उन्हें कुछ लोगों के उनके समीप आने की आवाज सुनाई दी। उन्हें डर हो गया कि उनकी पोल-पट्टी खुल जाएगी, ऐसे में वे तेंदुए का कंकाल वहीं छोड़कर भाग गए। अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस ने इन दोनों से मिली सूचना के आधार पर कग्गालीपुरा के जंगल से वह कंकाल बरामद किया। उन्होंने कहा कि हथियार कानून और वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, हमने दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो देशी पिस्तौल जब्त की हैं। तीसरे संदिग्ध की धरपकड़ की कोशिश की जा रही है।

# भारत की अर्थव्यवस्था 4000 अरब डॉलर से अधिक होने के दावे को कांग्रेस ने फर्जी बताया

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चार हजार अरब डॉलर के स्तर को पार करने के दावे पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथ लेते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह फर्जी खबर केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि कुछ केंद्रीय मंत्रियों और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने फर्जी दावा किया है। रमेश ने कहा, कल अपराह्न 2:45 बजे से शाम 6:45 बजे के बीच जब पूरा देश क्रिकेट मैच देख रहा था, तभी राजस्थान और तेलंगाना से




ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों समेत मोदी सरकार के अनेक पैरोकारों, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के सबसे पसंदीदा उद्यमी ने पोस्ट किया कि कल ही भारत की जीडीपी 4 हजार अरब डॉलर के स्तर को पार कर गई।

उन्होंने आरोप लगाया, यह पूरी तरह फर्जी खबर थी, जो अधिक उत्साह का वातावरण बनाने के लिए जारी की गई। यह चाटुकारिता तथा सुर्खियों दोनों के प्रबंधन का निराशाजनक प्रयास था। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को एक्स पर लिखा, ऐसा होता है गतिशील और दूरदृष्टा नेतृत्व। इस तरह हमारा नया भारत प्रगति कर रहा है। उन्होंने लिखा, हमारा देश चार हजार अरब डॉलर जीडीपी के स्तर को पार कर गया। भारतवासियों को बधाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सम्मान बढ़े। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर एक ग्राफिक साझा करते हुए इस बारे में टिप्पणी की। अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 4,000 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने की सराहना की लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने इस बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि खबर गलत है और भारत अभी इस स्तर पर पहुंचने से दूर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के आधार पर सभी देशों के लिए ताजा जीडीपी आंकड़ों का एक अस्थायी स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। इसे साझा करने वालों में सत्तारूढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित कई लोग शामिल हैं। सभी देशों के जीडीपी आंकड़ों की ताजा निगरानी बहुत मुश्किल है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े थोड़े अंतराल के साथ उपलब्ध होते हैं।

देश के प्रमुख उद्योगपति अडाणी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बधाई हो भारत। भारत के, 4,400 अरब डॉलर वाले जापान और 4,300 अरब डॉलर वाले जर्मनी को पीछे छोड़कर जीडीपी के लिहाज से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सिर्फ दो साल बाकी हैं। तिरंगे की उड़ान जारी है, जय हिंद। सोशल मीडिया मंचों पर फडणवीस सहित कई नेताओं ने इस उपलब्धि की सराहना की। इस संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी शामिल हैं।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023



# अतीक की संपत्ति तलाश करेगा नोएडा प्राधिकरण

## प्रयागराज कमिश्नरेट ने लिखा पत्र, सात दिन में चार विभाग के अधिकारी एकत्र करेंगे ब्योरा

● पुलिस को शक, संपत्ति को बेचने के फिराक में है परिवार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





**माफिया** अतीक अहमद ने कितनी प्रॉपर्टी बनाई थी, ये सवाल अब भी कायम है। बताते हैं कि पिछले सरकार की तमाम नाकेबंदी, बुलडोजर एक्शन और जब्ती के बावजूद अब भी अतीक की करोड़ों की नामी बेनामी संपत्तियां हैं।

पता चला है कि इसकी और इसके परिवार के नाम कई और संपत्तियां नोएडा में भी है। इस संपत्ति की तलाश के लिए कमिश्नरेट प्रयागराज की ओर से नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को एक पत्र भेजा गया है। इस पर अमल करते हुए एसीईओ संजय खत्री ने प्राधिकरण के सभी विभागों को निर्देशित किया कि सात दिनों के अंदर अतीक अहमद से जुड़ी सभी प्रॉपटी की डिटेल निकाली जाए। इस साल अप्रैल में भाई अशरफ संग अतीक के मारे जाने के बाद अतीक का परिवार इन बची हुई संपत्तियों को मैनेज करने के लिए परेशान है। पता चला है कि पिछले कुछ समय से परिवार नोएडा की प्रॉपर्टी बेचने की फिराक में है। अतीक के बेटों के दोस्त सौदा तय कर रहे हैं। कई रिश्तेदार भी इसमें लगे हैं। उधर, पुलिस अवैध रूप से अर्जित करोड़ों की जमीन की तलाश में है। इस क्रम में ये पत्र नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया। पत्र में स्पष्ट है कि अतीक समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर 14 आई एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में अतीक अहमद, अशरफ अतीक की पत्नी शाइस्ता, अशरफ की पत्नी जैनम और अतीक के पुत्र अली, उमर, असद, एहजम और आबान की संपत्ति का विवरण तलाशने के लिए कहा गया है। एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि नोएडा में लैंड, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री, कॉमर्शियल के अधिकारी डीजीएम, एजीएम को पत्र से अवगत करा दिया गया है।

निर्देशित किया गया है कि सात दिनों में अतीक और उसके परिवार से जुड़ी संपत्ति का विवरण तलाश कर बताया जाए। विवरण मिलते ही इसकी जानकारी कमिश्नरेट प्रयागराज को दी जाएगी। बता दे अतीक और उसके गैंग आईएस-227 से जुड़े गैंग मेंबर की अवैध तरीके से अर्जित नामी बेनामी संपत्ति जब्त करने का सिलसिला जारी है। पुलिस, ईडी ने अब तक अतीक, अशरफ और उसके परिवार की 12 हजार करोड़ की संपत्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की है। अतीक की ज्यादातर संपत्ति दूसरे के नामों पर रही हैं। अब परिवार के लोग चुपके से उस जमीन को बेच रुपए अर्जित करने में लगे हैं ताकि करोड़ों की इस जमीन को भी कुर्क न कर लिया जाए।

# चोरों के निशाने पर मोबाइल टावर, 18 स्थानों पर की सेंधमारी, मामला दर्ज

● एसजी एनकौन कंपनी के राज्य प्रमुख ने थाना सेक्टर-63 में शिकायत दर्ज कराई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** ग्रेटर नोएडा में लगे मोबाइल टावर चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट साबित हो रहे हैं। आए दिन कर मोबाइल टावरों से कीमती उपकरणों को चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी किए जाने के 18 मामले दर्ज कराए गए हैं। हिमगिरि अपार्टमेंट वैशाली गाजियाबाद निवासी सुशांत त्यागी ने थाना सेक्टर-63 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह एसजी एनकौन कंपनी के स्टेट हेड के रूप में कार्यरत है।

उनकी कंपनी के मोबाइल टॉवर विभिन्न स्थानों पर लगे हुए हैं। अज्ञात चोरों ने 4 जून की रात्रि को सेक्टर 63ए की ग्रीन बेल्ट में लगे टावर से आरआरयू, ओएफसी वॉयर, आरआरयू क्लैंप जंपर पावर कनेक्टर आदि चोरी कर लिए।

थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में सुशांत त्यागी ने बताया कि 2 सितंबर की रात्रि को चोरों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 1 में लगे टॉवर से कीमती उपकरण में अन्य सामान चोरी कर लिया। सेक्टर 1 से 2 जुलाई की रात्रि को चोरों ने मोबाइल टॉवर से आरआरयू, क्लैंप, जम्फर आदि चोरी कर लिए। थाना बिसरख क्षेत्र के हैबतपुर गांव में लगे टॉवर से चोरों ने पावर केबल, बीबीयूए 50 मीटर लेन केबल आदि चोरी कर लिया। 11 अक्टूबर की रात्रि को चोरों ने उद्योग केंद्र वन सेक्टर ईकोटेक में लगे टॉवर से पावर कनेक्टर, केबल, जम्फ र आदि चोरी कर लिए।

कंपनी के स्टेट हेड सुशांत त्यागी ने थाना सेक्टर 39 में दर्ज रिपोर्ट में बताएं कि चोरों ने सालारपुर खादर गांव में लगे मोबाइल टावर पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर यहां से भी कीमती उपकरणों को चोरी कर ले गए। थाना सेक्टर 49 में दर्ज कराई रिपोर्ट में सुशांत ने बताया कि चोरों ने अगाहपुर गांव में लगे मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी कर लिए।

इसी थाना क्षेत्र के बरौला गांव से चोरों ने 25 सितंबर की रात्रि को मोबाइल टॉवर से कीमती उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। इसी थाना क्षेत्र के कुलेसरा में मुरली प्रधान कॉलोनी में लगे टॉवर पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर यहां से भी कीमती उपकरण केवल आदि चोरी कर ले गए। 15 जून की रात्रि को चोरों ने याकूबपुर गांव में लगे मोबाइल टावर से कीमती सामान व उपकरण चोरी कर लिये। थाना सूरजपुर क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव में लगे टावर पर भी चोरों ने 26 जुलाई की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम गुलिस्तानपुर में चोरों ने 26 अक्टूबर की रात्रि को मोबाइल टावर को अपना निशाना बनाकर कीमती उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। सूरजपुर गांव में लगे टावर पर चोरों ने 31 अक्टूबर की रात्रि को चोरी की वारदात को अंजाम दिया। थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में लगे कंपनी के टॉवर से चोरों ने कीमती उपकरण व अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना फेस 3 क्षेत्र के मामूरा गांव में लगे मोबाइल टॉवर से चोर कीमती उपकरण में अन्य सामान चोरी कर ले गए।

17 सितंबर की रात्रि को चोरों ने मामूरा गांव में लगे टॉवर से उपकरण व अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर क्षेत्र में लगे मोबाइल टॉवर से चोरों ने दो बीबीयू कार्ड चोरी कर लिए। शिवम इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन नकुल यादव ने बताया कि चोरों ने सेक्टर 116 की ग्रीन बेल्ट में लगे टावर से 1 अक्टूबर तथा 16 अगस्त को सेक्टर 122 के ग्रीन बेल्ट में लगे टावर से कीमती उपकरण व अन्य सामान चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था पीडितों की शिकायत पर पुलिस ने सभी मामले दर्ज कर लिए हैं।

# जेवर एयरपोर्ट के पास बसेगा हाईटेक सेक्टर, मिलेगी आधुनिक सुविधा

● ग्रेनो के सेक्टर को 1292 एकड़ भूमि पर बसाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के पास अपना मकान बनाने का सपना देखने वाले लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जेवर एयरपोर्ट के पास हाईटेक सेक्टर बसाने की तैयारी शुरू कर दी है।

इस सेक्टर को 1292 एकड़ भूमि पर बसाया जाएगा। यहां रहने वालों को हर तरह की सुख सुविधा मिलेगी। आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा जेवर एयरपोर्ट के पास एक ऐसा सेक्टर डवलप करने जा रहा हैए जिसमें रहने वाले लोगों को हर तरह की सुविधाएं मिलेगी।

1292 एकड़ भूमि पर बसने वाले इस सेक्टर आवासीय व औद्योगिक गतिविधियों के साथ साथ स्कूल, कॉलेज, अस्पताल व मार्केट सहित सभी सुविधाएं मौजूद होंगी। इस सेक्टर का नाम सेक्टर-8 रखा जाएगा। जैसा कि सब जानते है कि यमुना प्राधिकरण द्वारा निकाली जा रही योजनाओं में निवेशक जमकर निवेश कर रहे हैं। यही नहीं जेवर एयरपोर्ट के पास बसने के लिए भूखंडों की मांग भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत सहित सभी तरह के भूखंडों की मांग तेजी से बढ़ी है। निवेशकों की इस दिलचस्पी को देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने जेवर एयरपोर्ट के पास सेक्टर-8 के नाम से एक नया सेक्टर विकसित करने की योजना तैयार की है। संभावना जताई जा रही है कि जल्दी ही योजना को लांच कर दिया जाएगा। बता दें कि हाल ही में यूपी की योगी सरकार ने यमुना प्राधिकरण को 1500 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

सरकार से बिना ब्याज के मिले इन रुपयों को विभिन्न योजनाओं को पूरा करने में खर्च किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण द्वारा तैयार मास्टर प्लान-2031 के तहत यमुना प्राधिकरण सेक्टर.10 में औद्योगिक भूखंडों के लिए 312 हेक्टेयर, सेक्टर-7 में वेयर हाउस, लॉजिस्टिक व औद्योगिक भूखंड के लिए 28,301 हेक्टेयर, सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क की अवशेष भूमि के लिए 193 9141 हेक्टेयर, औद्योगिक सेक्टर-29 व 32 के अवशेष क्षेत्रफ ल के लिए 258.89 हेक्टेयर व टप्पल बाजना अर्बन सेंटर के लिए 172.52 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत करेगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट के पास बहुउद्देशीय सेक्टर बसाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस सेक्टर में आवासीय, औद्योगिक व संस्थागत सहित सभी सुविधाएं होंगी। खेलकूद की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा।

# गाजियाबाद में डेंगू के पांच नए मरीज मिले, 42 की हुई जांच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**डेंगू** और बुखार का कहर जारी है। रविवार को 42 लोगों की जांच करने पर डेंगू के पांच नए मरीज मिलने के साथ ही पिछले छह साल का रिकॉर्ड टूट गया है।

अब तक कुल डेंगू के 1235 मरीज मिल चुके हैं, जबकि पिछले छह साल में 1231 मरीज मिलने की ही सरकारी रिपोर्ट है। डेंगू से 12 और बुखार से 20 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। प्रतिदिन सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में बुखार के 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इस बार डेंगू से होने वाली मौत में अधिकांश बच्चे शामिल है। रविवार को मिले नए मरीजों में 41 वर्षीय राहुल निवासी लोनी, सात वर्षीय युवान पाल निवासी राजनगर, 18 वर्षीय फैजान निवासी भाटिया मोड़, रजापुर निवासी 24 वर्षीय शबाना और विजयनगर निवासी 12 वर्षीय वैष्णवी शामिल हैं।

इनमें तीन को प्राइवेट और दो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला सर्विलांस अधिकारी डाक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव कर लोगों को जागरूक कर रही हैं, वहीं लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने पर चले लाठी डंडे

● दोनों पक्षों ने जेवर थाने दर्ज कराया केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के नीमका गांव में रास्ते में खड़े ट्रैक्टर को हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

दोनों पक्षों ने थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा के ग्राम थौरा निवासी प्रेमवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा संगीत अपने साथी जीतू के साथ कार से जेवर एयरपोर्ट से रामनेर बंबा की पटरी होते हुए रामनेर गांव जा रहा था। नीमका गांव के चकरोड के पास बीच रास्ते पर ट्रैक्टर खड़ा हुआ था।

ट्रैक्टर के पास ही नीमका गांव के सूखा, मोनू, गोलू उर्फबेदी व मूला खड़े हुए थे। संगीत ने उनसे ट्रैक्टर हटाने को कहा तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच वाद विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हुई। प्रेमवीर सिंह का आरोप है कि आरोपियों ने उसके बेटे संगीत तथा उसके साथी जीतू को मारा.पीटा और ट्रैक्टर से उनकी स्विफ्ट कार में टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। झगड़ा होता देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रेमवीर का आरोप है कि घटना के कुछ समय बाद आरोपी स्कॉर्पियो में सवार होकर उनके घर थौरा पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के रोहित अत्री ने संगीत, जीतू, नवदीप आदि के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं थाना बादलपुर क्षेत्र के ग्राम शादीपुर छिड़ोली में गाड़ी का हॉर्न बजाने के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा ट्रैफिक पुलिस द्वारा मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी के अध्यापकों, छात्र को यातायात नियमों/संकेतों के प्रति जागरूक किया गया।

### लेखपाल के खिलाफ आज किसानों का प्रदर्शन

**नोएडा।** प्राधिकरण भूलेख विभाग में तैनात लेखपाल मनोज सिंघल के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन मंच युवा मोर्चा सुबह 11:30 प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करेगी। आरोप है कि प्राधिकरण सीईओ डॉ लोकेश एम ने भ्रष्टाचार में लिफ्ट लेखपाल को अब तक पद से नहीं हटाया। नहीं हटाए जाने के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जाएगा। पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण के लेखपाल का वीडियो और ऑडियो दोनों वायरल हुआ था जिसमें प्राधिकरण के अंदर काम करने को लेकर पैसा लेने की पुष्टि हुई थी। नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉक्टर लोकेश एम जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी गठित कर रखी है जो जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करेगीए उसके आधार पर कार्रवाई होगी, लेकिन आरोप लगने के बाद पद से नहीं हटने को लेकर किसानों का विरोध है।

### फोन के स्थान पर युवक को भेज दिया पावर बैंक

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के मुरादनगर में सस्ता मोबाइल दिलाने के नाम पर एक युवक से 8 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। युवक को मोबाइल के स्थान पर पावर बैंक भेज दिया। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुराना निवासी रोहित कुमार परिवार सहित रहते है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले ऑनलाइन साइट देख रहा था। इसी बीच एक ऑनलाइन साइट पर 17 हजार रुपये के मोबाइल को 8 हजार रुपये में देने का आफर आया। इसके बाद रोहित ने मोबाइल को आर्डर कर दिया। जिसका ऑनलाइन पेमेंट भी कर दिया। उनके साथ शुक्रवार को मोबाइल का डिब्बा आया। रोहित ने बताया कि जब पैकिंग खोला तो देखकर हक्का बक्का रह गया। उसमें मोबाइल के स्थान पर पावर बैंक था। जिस वेबसाइट से मोबाइल बुक किया था। वह भी बंद दिखाई दे रही है। पीड़ित युवक ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला साइबर सेल भेज दिया है।

### जुआ खेलते चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना सेक्टर-142 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से हजारों रुपये की नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली की गढ़ी गांव में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मारकर जुआ खेल रहे चार लोगों को दबोच लिया। मौके से ताश की गाड़ी, दांव पर लगे पैसे बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम ललित, पुष्पेंद्र, करण सिंह व गुड्डू बताया। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

### आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम से अभद्रता

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के मुरादनगर के गांव नेकपुर में रात को आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता व धक्का मुक्की गई। इसी बीच आरोपी मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव नेकपुर निवासी भूरे पर कई आपराधिक मामले दर्ज है। कई आपराधिक मामलों में वह कोर्ट में तारीख पर पेश नहीं हो रहा है। न्यायालय द्वारा उसके गैर जमानती वांरट कर रखे है। रावली पुलिस चौकी प्रभारी विक्रांत सिंह कटारिया, दरोगा रामवीर खटाना के अलावा कांस्टेबल राजेश कुमार, गुलाब सिंह के अलावा महिला कांस्टेबल मीनाक्षी, रेनू के साथ गांव नेकपुर आरोपी के घर पहुंचे। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश के लिए घर की तलाशी लेना शुरु कर दिया।

# जेसीबी से दीवार गिराकर समान भर करके ले गया दुकानदार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में दुकान मालिक और किराएदार के किराए विवाद में एक अजब घटना देखने को मिली है। दुकान मालिक जेसीबी लेकर आया दुकान की दीवार तोड़ी और ट्रैक्टर ट्राली में समान भर के ले गया। घटना गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र किराना मंडी की है।

पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की बात कह रही है। गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र में 109 धर्मपुरा जीटी रोड किराना मंडी पर गौरव चन्ना की वर्कशॉप है। रविवार के दिन साप्ताहिक बंदी के चलते वर्कशॉप बंद थी। गौरव चन्ना के मुताबिक रविवार की शाम तकरीबन 8:00 बजे जब वो वर्कशॉप पर आए, तो उन्होंने देखा की दीवार तोड़कर उनकी वर्कशॉप से सामान चोरी कर लिया गया है।

आरोप है कि जेसीबी से दीवार तोड़कर चोरी की गई है। गौरव चन्ना के मुताबिक सामान की कीमत 30 से 35 लाख है। सामान ले जाते हुए का सीसीटीवी भी सामने आया है। तहरीर गौरव चन्ना ने घंटाघर कोतवाली में दी है। एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल का कहना है की किरायदार गौरव चन्ना और दुकान मालिक के बीच किराए को लेकर विवाद है।

# उधार के पैसे वापस मांगना पड़ा भारी

● घर में घुसकर पीटा गाड़ियों के शीशे तोड़े

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**होशियापुर** गांव में अपने पड़ोसी से उधार दिए गए पैसे वापस मांगना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। तगादे से गुस्साए युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पड़ोसी की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया।

पीड़ित ने थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा के ग्राम होशियारपुर निवासी मैनपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे तिलक ने गांव के ही जसविंदर व भूपेंद्र सिंह को पूर्व में 35000 रुपये उधार दिए थे। छोटी दिवाली की शाम को उनका बेटा तिलक जसविंदर और भूपेंद्र के घर अपने पैसे मांगने के लिए गया था। दोनों ने कुछ समय बाद पैसे देने को कहा जिस पर वह वापस अपने घर आ गया। मैनपाल का आरोप है कि रात के समय जसविंदर भूपेंद्र अपने साथी जितेंद्र व सतेंद्र उर्फसत्तू के साथ उनके घर पहुंचे और गाली गलौज करने।

इस बात का जब उन्होंने विरोध किया तो सभी ने लाठी डंडों के साथ उनके बेटे तिलक के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उनका भांजा अजय उर्फ कालू ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसकी भी लाठी डंडों से जमकर पिटाई की। दोनों को अधमरा करने के बाद आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ी रोड स्थित एक शिक्षण संस्थान के हॉस्टल परिसर में लगे पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। निवाड़ी स्थित दिव्य ज्योति शिक्षण संस्थान का राज चौराहे के निकट हॉस्टल है। हॉस्टल के दो गेट हैं।

एक मुख्य गेट है और दूसरा पार्किंग की तरफ निवाड़ी रोड पर खुलता है। दोनों गेट के बीच में पेड़ लगा है। सुबह एक व्यक्ति के शोर मचाते हुए पेड़ से गिरने की आवाज सुनकर गेटमैन ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे। तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया गया। एसीपी मोदीनगर का कहना है कि हॉस्टल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई। जिसमें व्यक्ति पेड़ से गिरता नजर आया है। अब तक की जांच में सामने आया है कि मृतक की उम्र 50 वर्ष थी और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

# हलाल सर्टिफिकेट उत्पाद को लेकर छापेमारी

● खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी ने जब्त किया माल, भेजे जाएंगे सैंपल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



स्टोर में सामान की जांच करते खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी।

गाजियाबाद में खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी स्टोर और दुकानों पर छापेमारी कर रहे हैं। जहां भी हलाल सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट मिल रहे हैं उनको सीज किया जा रहा है। साथ ही उनका सैंपल भेजा जा रहा है।

गाजियाबाद में तैनात असिस्टेंट कमिश्नर फूड विनीत कुमार ने बताया कि फिलहाल बड़े स्टोरों पर यह कार्रवाई की जा रही है। पूरे जिले में हलाल सर्टिफिकेट प्रोडक्ट्स को लेकर कार्रवाई चल रही है। दुकानदारों को भी जागरूक किया जा रहा है। जिससे वह इस तरह के प्रोडक्ट ना रखें। 6 जगहों पर खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्देश जारी करके हलाल सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट को बैन कर दिया था। शनिवार को निर्देश जारी किए जाने के बाद रविवार को छुट्टी होने के चलते सोमवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम बाजारों में जहां हलाल सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट मिल रहे है। उनको सीज किया जा रहा है। अधिकतर स्टोर्स पर सूप और नूडल्स के पैकेट मिले हैं। जिन पर हलाल के सर्टिफिकेट लगे हुए हैं। जो हलाल सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट मिल रहे हैं। उनको सीज किया जा रहा है। साथ ही उनका एक पैकेट जांच के लिए भेजा जा रहा है।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ छठ पूजा का समापन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**पूर्वांचल** मित्र मंडल छठ पूजा समिति द्वारा सेक्टर 31 के शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित छठ महोत्सव के समापन दिवस पर सोमवार को छठ वृतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर आरोग्य, सुख, समृद्धि की कामना की।

समिति के महासचिव व प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि छठ व्रती सुबह 4 बजे से ही घाट पर जमा होने लगे थे। प्रातः कालीन वेला में छठी मैया के भजन पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। भगवान भास्कर को प्रसाद अर्पित कर उनको दूध एवं जल से अर्घ्य दिया गया और इसी के साथ चार दिवसीय छठ महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर समिति के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि छठ महोत्सव सूर्य उपासना का अदभुत पर्व है। यह महा पर्व हमें प्रकृति के निकट रहने का संदेश देता है। इसमें तालाबों, नदियों के घाटों की सफाई की जाती जो कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। इंसान की प्रकृति के साथ छेड़छाड़ विनाशकारी साबित होती जा रही है ऐसे में प्रकृति के साथ समन्वय रख विषम परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बनाया जा सकता है यह त्यौहार हमें यही शिक्षा देता है। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक अर्जुन प्रजापति, अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, जय प्रकाश, राजेश कुमार, अविनाश सिंह, तरुण कुमार, सुधीर राय, मुन्नीलाल बघेल, सुशील पाल, रवि राघव सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी बोले- कांग्रेस को सबक सिखाना जरूरी

## केंद्र सरकार ने मोबाइल पर हर महीने 5 हजार रुपए का खर्च बचाया

एजेंसी। पाली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का राजस्थान में चुनावी दौरा जारी है। प्रधानमंत्री पाली के जाडन में सभा को संबोधित कर मोदी ने कहा कि राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाती हैं। यह महिलाओं का अपमान है।

मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपके मोबाइल का बिल भी कम कर दिया है। डेटा की 2014 से पहले की कीमत होती तो आज आप जितना डेटा खर्च कर रहे हैं तो आपको एक मोबाइल पर कम से कम 5 हजार रुपए अधिक खर्च करने पड़ते। एक परिवार में कम से कम 4 मोबाइल होते हैं, मोदी ने यह खर्चा बचाया है।



थोड़ी देर में वे हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे शाम को बीकानेर में रोड शो करेंगे।

**1. कांग्रेस ने राजस्थान को पीछे धकेल दिया**

राजस्थान में कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है। कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सब कुछ है। उसके पास तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है। दंगाइयों और आतंकियों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत वाली मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की यह पहली हरकत नहीं है। सनातन को लेकर उन्होंने क्या-क्या कहा, यह सबने देखा है। कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं। सनातन को खत्म करने का मतलब है, राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना।

**2. कांग्रेस दलितों को निशाना बना रही**

महिलाओं और दलितों को लेकर कांग्रेस और इनके गठबंधन के नेता कैसी-कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। बिहार के नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं, इसलिए उनकी बेज्जति करने में उन्हें आनंद आता है। उन्होंने पाप किया, लेकिन कांग्रेस ने इसे गलत बताने का विवेक नहीं दिखाया। राजस्थान में दलित परिवारों पर अत्याचार पर कांग्रेस ने यही किया है।

**3. महिलाओं के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया**

जब से महिला आरक्षण विधेयक पास हुआ है, तब से घमंडिया गठबंधन ने महिलाओं के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी नेता ने आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है। महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण नहीं कर सकती।

कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर वन बना दिया है। यहां सीएम कहते हैं कि राजस्थान की बहनों-बेटियों ने पुलिस थाने में फर्जी शिकायत दर्ज कराई है। कोई मां-बहन हमारे देश में ऐसा नहीं कर सकतीं। वो कभी झूठ बोलने का नहीं सोचती, इसमें कुछ तो सच होगा।

मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि महिलाएं फर्जी शिकायत लिखवा देती हैं। महिलाओं का अपमान करने वाले मंत्री को कांग्रेस ने टिकट दी। कांग्रेस के जादूगर की बात दिल्ली में बैठे बाजीगर भी मानने लगे हैं।

**4. महंगा पेट्रोल बेच कर कट की कंपनी चलाती है**

राजस्थान में कांग्रेस सरकार महंगा पेट्रोल बेचकर कट की कंपनी चलाती है। मैं गारंटी देता हूं कि 3 दिसंबर के बाद भाजपा सरकार बनेगी तो पेट्रोल-डीजल के रेट की समीक्षा की जाएगी। पड़ोसी राज्यों में भाजपा सरकारें सस्ती दरों पर पेट्रोल बेच रही हैं।

**5. पानी के लिए कांग्रेस से मुक्ति पानी होगी**

राजस्थान में पूरी कोशिश के बाद भी राजस्थान में अब तक 20 लाख घर बना पाए हैं। इनकी संख्या और ज्यादा हो सकती थी। गरीब विरोधी मानसिकता कांग्रेस की है। राजस्थान में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के काम में भी कांग्रेस ने लूटने का काम किया। आधी आबादी तक पानी नहीं पहुंचा। माता-बहनों से उनकी क्या दुश्मनी है, समझ नहीं आ रहा। न उन्होंने काम किया, न होने दिया। मैं से पाइप-नल के लिए पानी भेजता हूं, यहां कांग्रेसी कागज पर नल लगाते हैं और पैसे डकार जाते हैं। पानी के लिए, कांग्रेस से मुक्ति पानी होगी।

**6. कांग्रेस पैसे देकर फर्जी लहर चला रही है**

कांग्रेस विज्ञापनों में पैसे देकर फर्जी लहर चला रही है। लाल डायरी और लॉकर से निकले पैसों पर मुख्यमंत्री धमका रहे हैं।

# कांग्रेस पार्षद की मौत मामले में कांग्रेस विधायक पर एफआईआर

### वीडी बोले- नाती राजा ने चुनावी लाभ लेने मुस्लिम भाई की हत्या कराई

एजेंसी। छतरपुर

**छतरपुर** के राजनगर विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा की गाड़ी चला रहे पार्षद की हत्या मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष धीरज चतुर्वेदी के शिकायती आवेदन पर पुलिस ने सोमवार को नाती राजा समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भाजपाइयों का कहना है कि वोटिंग वाले दिन नाती राजा और उनके समर्थकों ने उन पर हमला भी किया था।

कांग्रेस पार्षद सलमान खान की वोटिंग के दिन 17 नवंबर को गाड़ियों से कुचलने से मौत हो गई थी। घटना वाले दिन कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया सहित 21 लोगों पर हत्या का केस दर्ज कराया।

सोमवार दोपहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर और एसपी अमित सांघी से मिले। उन्हें ज्ञापन भी दिया। उनका आरोप है कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए नाती राजा ने अपने ही ड्राइवर की बलि दी है।



एसपी अमित सांघी ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी समेत अन्य पर 307 समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यह केस 17 तारीख को सुबह 3 से 4 बजे के बीच विवाद हुआ था, उसे लेकर है। दोनों ही मामलों में निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है।

**चुनाव प्रभावित करने भाजपाइयों पर आरोप लगाया: वीडी**

वीडी शर्मा ने कहा कि 17 नवंबर की सुबह 3-4 बजे की घटना की जानकारी पुलिस को सुबह 6 बजे दी गई। पुलिसवालों से कहा कि पार्षद सलमान की हत्या हो गई है। राजनीतिक लाभ के लिए नाती राजा ने एक मुस्लिम भाई की हत्या कर दी। आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों ने हत्या की, जिससे चुनाव को प्रभावित किया जा सके।

हमने पुलिस प्रशासन से कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि मामले में दूध का दूध, पानी का पानी होना चाहिए। पार्षद सलमान की मौत कैसे हुई है। प्रशासन ने कार्रवाई क्यों नहीं की।

**दिग्विजय ने वातावरण खराब करने का काम किया:** दिग्विजय सिंह ने यहां आकर वातावरण को खराब करने का काम किया है। धमकियां देने का काम किया है। दिग्विजय सिंह और यहां के कांग्रेस विधायक ने आचार संहिता में कानून तोड़कर धरना कैसे दिया। प्रशासन ने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की, गिरफ्तारी क्यों नहीं की।

### डिप्टी सीएम के बयान पर बोले दीपक बैज

# आलाकमान का फैसला होगा अंतिम छग में बन रही कांग्रेस सरकार

एजेंसी। रायपुर

सिंहदेव के सीएम बनने के बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा- वो बयान हमारे वरिष्ठ नेता का व्यक्तिगत है। भाजपा को मुद्दा चाहिए। कांग्रेस में अगर अभी एक फटाका भी फूट जाएगा तो बीजेपी के लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है। वो बड़े लीडर उनका सोचना कहना छत्तीसगढ़ के लिए मायने रखता है।



मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान- हमारी सरकार बन रही है। उसके बाद विधायक दल की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। यह सब एक प्रक्रिया है। अंतिम फैसला आलाकमान का होगा, आलाकमान का मन जो भी निर्णय लेगा सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं और विधायकों के लिए वह अंतिम निर्णय होगा। 2 दिनों तक सभी प्रत्याशियों से वन टू वन हुई चर्चा हुई।

प्रत्याशियों के साथ समीक्षा को लेकर पीसीसी चीफ ने कहा 2 दिन तक लगातार समीक्षा हुई है। समीक्षा में सभी प्रत्याशियों से 121 चर्चा हुई है और इस समीक्षा में बहुत अच्छा रिजल्ट आएगा। हमारे प्रत्याशियों ने पार्टी ने बेहतर और बहुत अच्छा चुनाव लड़ा है। समीक्षा से यह इसमें निकालकर यह आया है कि 2023 में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जनादेश के साथ फिर से सरकार बनाने जा रही है।

**कई सीटों से भीतरघात की शिकायतें**

दीपक बैज ने कहा है कि समीक्षा के दौरान हमारे पास कुछ सीटों से शिकायतें आई है। कुछ प्रत्याशियों ने और जिला अध्यक्षों ने शिकायत की है। सभी शिकायतों को पार्टी ने गंभीरता से लिया है इन शिकायतों पर परीक्षण होगा जांच की जाएगी और जो गलत पाए जाएंगे तो निश्चित रूप से उन पर कार्रवाई होगी।

### राजस्थान इलेक्शन

# पायलट बोले- मुद्दों की बात पर बीजेपी हिंदुस्तान-पाकिस्तान करती है; होम वोटिंग चुनने वाले 91 लोगों की मौत

कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने आज चाकसू में कांग्रेस प्रत्याशी वेद प्रकाश सोलंकी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा- भाजपा वाले प्रचार कर रहे हैं डबल इंजन-डबल इंजन। हिमाचल प्रदेश में इनका एक इंजन सीज हो गया। कर्नाटक में इनका एक इंजन सीज हो गया। राजस्थान में साथ दो दिल्ली वाला इंजन भी सीज कर देंगे। भाजपा की नीयत क्या है, लोगों को बांट कर रखो।

उन्होंने कहा- भाजपा के नेताओं से पूछो, महंगाई और बेरोजगारी क्यों बढ़ गई तो हिंदुस्तान-पाकिस्तान। आप पूछो- खाद-बीज महंगा क्यों हो गया तो मंदिर और मस्जिद करते हैं। कोई भी मुद्दा हो घूम फिर कर मंदिर-मस्जिद और हिंदुस्तान-पाकिस्तान पर आ जाते हैं।

**जयपुर में होम वोटिंग चुनने वाले 91 वोटर्स की मौत**

प्रदेशभर में होम वोटिंग का



पहला चरण रविवार को पूरा हो गया। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया- जिले की 19 सीटों पर चिह्नित कुल वोटर्स में से 96 फीसदी ने वोट डाल दिए।

अब शेष रहे वोटर्स के पास टीम 20 और 21 नवंबर को एक बार फिर जाएगी। हालांकि इसमें से 91 वोटर्स ऐसे भी रहे, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प तो चुन लिया, लेकिन वोट देने से पहले उनकी डेथ हो गई।

निर्वाचन विभाग से जारी रिपोर्ट के मुताबिक मालवीय नगर में 12 वोटर्स की डेथ हो चुकी है। वहीं आमेर में 9, सांगानेर में 7, बगरू, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा और कोटपूतली में 6-6 वोटर्स की डेथ हो गई। वहीं चौमूं, जमवारामगढ़ और बस्सी में एक-एक वोटर की डेथ हुई है।

### प्रियंका बोलीं- राजस्थान में भाजपा हिट विकेट है

# मोदीजी पूरे राजस्थान में दूरबीन से मुख्यमंत्री के लिए उम्मीदवार ढूंढ रहे हैं

एजेंसी। केकड़ी (अजमेर)

**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज अजमेर के केकड़ी में जनसभा को संबोधित किया। स्थानीय देवी-देवताओं को नमन करते हुए प्रियंका ने कहा कि त्योहार में जैसे हम पूजा करते हुए घर की सफाई करते हैं। वैसे ही जब चुनाव का समय आता है तो भी सफाई जरूरी है।

चुनाव में बड़े-बड़े नेता आते हैं तो हम अनुमान लगाते हैं कि हमारा अनुभव क्या है, जो सरकार चल रही है उसने अच्छे काम किए हैं या नहीं। इन सब बातों का हम आकलन करते हैं। आप सभी हमारी और भाजपा के नेताओं की बात सुनें और देखें किसमें कितना वजन है।



हाल ही में मोदी जी ने कांग्रेस के लिए कहा- कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं, लेकिन इनकी पार्टी तो खुद ही हिट विकेट है राजस्थान में। इनकी पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई है। ये दूरबीन से पूरे राजस्थान में ढूंढ रहे हैं कि हमारा नेता कौन बन सकता है।

**1. भाजपा के नेता धर्म-जाति के नाम पर वोट मांगते हैं**

मध्य प्रदेश में 18 साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन अब जब भी मंच पर खड़े होते हैं तो भाजपा के नेता केवल धर्म-जाति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। 18 साल से सरकार रही आप काम पर वोट क्यों नहीं मांगते? मैंने जब गहलोत जी से पूछा कि राजस्थान में कितने रोजगार दिलवाए हैं? तो उन्होंने कहा कि दो लाख दिलवाएं हैं और एक लाख प्रोसेस में हैं। जबकि 18 साल से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार ने साढ़े तीन साल में केवल 21 रोजगार दिलवाए हैं। मैंने जब गहलोत जी से इंग्लिश मीडियम की पाठशाला के लिए पूछा तो हंसने लगे। उन्होंने कहा कि हर जिले में नहीं गांव-गांव में खुले हैं। ये सब काम कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में किया है। केकड़ी जिला बना, हॉस्पिटल बना। तो इसी के आधार पर हम वोट मांग रहे हैं।

**2. हमने किसानों का 15 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया**

हमने किसानों का कर्ज माफ किया है। भाजपा ने किसी प्रदेश में किसानों का क्या कर्ज माफ किया है? काले कानूनों के खिलाफ जब किसान देश में आंदोलन कर रहा था तब भाजपा के मंत्री का बेटा किसानों को जीप के नीचे कुचल रहा था। काले कानूनों को लेकर इन्होंने कभी कोई सुनवाई नहीं की। जब चुनाव आया तो काले कानून माफ किए। उत्तर प्रदेश के गन्ना के किसानों का जो 15 हजार करोड़ बकाया था उसे माफ नहीं किया। वहीं संसद भवन के लिए इन्होंने 20 हजार करोड़ खर्च कर दिए। किसानों के कर्ज माफ के लिए इनके पास पैसे नहीं थे।

**3. देश की संपत्ति उद्योगपतियों को दे दी है**

छत्तीसगढ़ में हमने गोबर खरीद सबसे पहले शुरू की। जिससे आवारा पशुओं की समस्या वहां कम हो गई। इसलिए राजस्थान में भी हमने ये योजना शुरू करने की घोषणा की। लंपी की बीमारी में हमने 40 हजार रुपए का मुआवजा दिया। मध्य प्रदेश में 18 साल से आवारा पशु की समस्या बहुत विकराल है। भाजपा की जो सोच और विचारधारा है इसके दो पहलू हैं। एक तो है आपसे खींचना और बड़े उद्योगपतियों को सींचना। आपसे कहते हैं हमारे पास पैसा नहीं है और बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर रहे हैं। देश का किसान एक दिन में 27 रुपए कमाता है और अडानी 16 हजार करोड़ रुपए कमा रहा है। देश की सारी संपत्ति इन्होंने उद्योगपतियों को दे दी है।

**4. सरकारी कर्मचारी रो रहा है, पुरानी पेंशन मांग रहा है**

सरकारी कर्मचारी रो रहा है, कह रहा है कि हमारी पुरानी पेंशन वापस दे दो। हम 20 साल तक मेहनत करते हैं, हर महीने हमारा पैसा काटते हैं। जैसे पहले पेंशन मिल रही थी वैसे ही दीजिए। ये लोग क्या कर रहे हैं पेंशन के पैसे इकट्ठे कर उसका निवेश कर देते हैं। कर्मचारी कह रहा है कि ये मेरी कमाई है अगर आपने ये निवेश कहीं गलत जगह कर दिया, गंवा दिया तो मेरा क्या होगा। जबकि कांग्रेस सरकार के हर प्रदेश में ओपीएस चल रही है। हम कह रहे हैं कि हमारे पास पैसे नहीं हैं, लेकिन हम इसके लिए पैसे ढूंढकर निकालेंगे।

**5. महिलाओं के लिए यहां की सरकार ने बहुत किया है**

ये नौबत आ गई है कि केंद्र सरकार इतनी महंगाई बढ़ा रही है कि प्रदेश की सरकार को राहत के कैंप लगाने पड़ रहे हैं। यहां 500 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है, केजी से पीजी तक महिलाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा, महिलाओं का रोडवेज में आधा किराया। जबकि मध्य प्रदेश में 18 साल से महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। अब दो महीने पहले महिलाओं से कहा कि आप खाते खोलो हम पैसा डालेंगे, लेकिन पहले इनको महिलाओं की चिंता नहीं थी। मंहगाई हो या समाज का बोझ हो, महिला ही सबसे ज्यादा उठाती है। जिस दिन दिहाड़ी नहीं आती, उस दिन महिला ही घर में भूखी सोती है।



**6. देशभक्ति के नाम पर नोटबंदी में सभी को कतार में खड़ा किया**

भाजपा सरकार की नीति है कि अडानी, अंबानी जैसे उद्योगपतियों को देश की सारी संपत्ति सौंप देते हैं। वहीं, छोटे कारोबारियों के लिए क्या किया? उनको पहले नोटबंदी की कतारों में खड़ा किया, फिर कोरोना में कोई राहत नहीं दी। केंद्र सरकार का काम होता है कि ऐसे छोटे कारोबारियों को राहत देना, लेकिन कोई मदद नहीं की। फिर आप पर जीएसटी थोप दी। एक तो आप कमा नहीं पा रहे, ऊपर से महंगाई बढ़ती चली जा रही है। आप देखेंगे कि केंद्र सरकार की जो नीतियां हैं उससे आपके लिए कुछ नहीं हो रहा है। वहीं, जहां-जहां इनकी सरकारें हैं, वहां स्वास्थ्य, शिक्षा और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं है।

**7. भाजपा को चुनेंगे तो सारी योजनाएं बंद हो जाएंगी**

आप एक दोराहे पर खड़े हैं। आप देख सकते हैं कि भाजपा की नीतियां कैसे लागू होंगी। कांग्रेस जो बिजली बिल फ्री कर रही है, पुरानी पेंशन योजना लागू की है वो सब बंद हो जाएंगी। मध्य प्रदेश में इन्होंने 22 हजार घोषणाएं की, लेकिन 22 भी इन्होंने पूरी नहीं की। स्वास्थ्य में आपके लिए यहां चिरंजीवी योजना आई। मैं ऐसे लोगों से मिली जिनकी हार्ट की सर्जरी इस योजना में हो गई। उसे एक पैसा नहीं भरना पड़ा। इस योजना में आप 25 लाख तक इलाज करा सकते हैं। ऐसी योजनाएं भाजपा के प्रदेशों में नहीं हैं।

**8. पेपर लीक को रोकने के लिए कानून बनाया है**

कोई न कोई पेपर लीक कर देता है या घोटाला हो जाता है, जिससे बच्चों को पीड़ा होती है और पैसों का नुकसान होता है। इसलिए हमने कानून बनाया है कि ऐसे आरोपियों को उम्र कैद की सजा मिलेगी। ऐसा कानून किसी राज्य में नहीं बनाया गया है। यहां पानी की सुविधा भी लाखों परिवारों को मिली। आप मध्य प्रदेश में जाइए। वहां बड़े-बड़े इश्तिहार दिख जाएंगे योजनाओं के, लेकिन काम धरातल पर नहीं दिखेंगे। एक तरफ भाजपा की नीतियां और एक तरफ कांग्रेस की नीतियां। वो आपसे आपकी संपत्ति लेकर उद्योगपतियों को दे रहे हैं। हम ये समझते हैं कि लोकतंत्र में सरकार की कोई संपत्ति नहीं है, सारी संपत्ति जनता की होती है।

**9. आपका पैसा आपकी जेब में आए**

जहां-जहां हमारी सरकारें हैं हमारा प्रयास रहता है कि आपकी जेब में पैसा आए। चाहे फ्री में शिक्षा दिलवाने की या फिर आपको रोजगार दिलवाने की। ये सब बातें अलग तरह की राजनीति है। आपके हाथों में शक्ति और गांवों को मजबूत करने की राजनीति है। इसलिए हम कह रहे हैं कि जब सरकार बनेगी ओपीएस कानून बनेगा। एक करोड़ परिवारों को 500 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। परिवार की महिला मुखिया को 10 हजार रुपए सालाना दिया जाएगा। गोबर खरीदा जाएगा। सरकारी कॉलेज में फर्स्ट ईयर के छात्रों को लैपटॉप दिया जाएगा। अंग्रेजी मीडियम की सभी छात्रों को गारंटी होगी। सरकार बनते ही ये सब लागू होंगे। आप गलतफहमी में न पड़िए। भाजपा की नीतियां जनता की कमर तोड़ रही हैं। राजस्थान सरकार ने भाजपा की नीतियों से आपको बचाकर रखा है। महंगाई का सामना करने के लिए आपको मजबूत बनाने का प्रयास किया है। ये काम बंद नहीं होगा।

**10. सिलेंडर का दाम मोदी सरकार तय करती है**

पेट्रोल, सिलेंडर का दाम गहलोत सरकार नहीं, मोदी जी की सरकार तय करती है। जीएसटी का पैसा केंद्र सरकार को जाता है। इनकी जिम्मेदारी थी कि सिलेंडर के दामों को रोकें, पेट्रोल-डीजल के दाम कम करें, लेकिन इन्होंने नहीं किया। यहां महंगाई राहत कैंप लगाए, जिससे कि हम आपको महंगाई से बचा सकें। यह समझना होगा कि आज जो परिस्थितियां हैं, वो आप बदलना चाहते हैं या आगे बढ़ना चाहते हैं। अगर आप भाजपा की सरकार लाएंगे तो आपका बहुत नुकसान होने वाला है। यदि आप 10 साल से देख रहे हैं तो समझेंगे कि अमीर और अमीर होता जा रहा है, देश का गरीब पिसता चला जा रहा है, किसान की कमाई नहीं हो रही है। तो जो परिस्थितियां हैं उसका सामना करने के लिए प्रदेश सरकार आपकी बहुत सहायता कर रही है।



# ड्रेसिंग रूम में अपने आंसुओं को नहीं छिपा पाए भारतीय खिलाड़ी

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में द्रविड़ बोले खिलाड़ियों को मायूस देखना बहुत मुश्किल था

एजेंसी। अहमदाबाद



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए विश्वकप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। 2013 के बाद से भारत एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाया है और इस हार के बाद यह इंतजार और भी लंबा हो गया है। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद स्टेडियम में मौजूद फैंस से लेकर मैदान में मौजूद भारतीय खिलाड़ी सभी मायूस हो गए। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज मैदान पर ही सिसक सिसक कर रोने लगे। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने संभाला।

केवल सिराज ही नहीं बल्कि टीम के अन्य खिलाड़ी भी मैदान पर अपने आंसुओं को छिपाते दिखे, लेकिन ड्रेसिंग रूम में ये सभी खुद को रोक नहीं पाए। ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को रोते टूटते देख टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने इस बात जिक्र प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, हां बिल्कुल, वह (रोहित) निराश है। ड्रेसिंग रूम में कई खिलाड़ी मायूस हैं। ड्रेसिंग रूम में सब इमोशनल थे। एक कोच के तौर पर मेरे लिए इसे देखना बहुत मुश्किल था। मैं जानता हूं कि इन लोगों ने कितनी मेहनत की थी। उनके योगदान और बलिदानों के बारे में मुझे मालूम है।

उन्होंने आगे कहा, हमने पिछले महीने कितनी मेहनत की, किस तरह का क्रिकेट खेला, यह सबने देखा। यह खेल है और खेल में ऐसा होता है। यह हो सकता है कि आज बेहतर टीम जीत गई, लेकिन कल सुबह सूरज निकलेगा और हम अपनी गलतियों से सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे, जैसा कि हर कोई करता है। अगर आप खुद को दांव पर नहीं लगाते हैं तो आप महान ऊंचाईयों का अनुभव नहीं कर पाएंगे। इससे आप नहीं सीख पाएंगे।



## पीएम मोदी ने हौसला बढ़ाया

**अहदाबाद** में खेले गए विश्वकप के फाइनल मुकाबले में हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में गए और क्रिकेटरों से मुलाकात भी की। इस दौरान पीएम मोदी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पीएम के ड्रेसिंग रूम में आने की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा- हमारा टूर्नामेंट बहुत अच्छा था, लेकिन फाइनल में हम हार गए। हम सभी दुखी हैं, लेकिन हमारे देश के लोगों का समर्थन हमें आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। उनका दौरा बहुत प्रेरणादायक था।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्बिया ने यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया

**मैड्रिड।** बेल्जियम के स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु ने पहले हाफ में चार गोल करके यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने अंतिम मैच में अपनी टीम को अजरबैजान पर 5-0 से जीत दिलाई। लुकाकु ने क्वालीफायर्स में कुल 14 गोल किए जो पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो से चार और फ्रांस के किलियन एमबापे से पांच गोल ज्यादा हैं। इस तरह से लुकाकु ने यूरोपीय क्वालीफाइंग चैंपियनशिप में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया। इस बीच सर्बिया ने बुल्गारिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

### मार्श ने ट्रॉफी पर पैर रख तस्वीर खिंचवाई



**अहदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श को प्रतिष्ठित विश्वकप ट्रॉफी का कथित तौर पर अपमान करते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर में इस वेस्ट ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को ट्रॉफी पर अपने पैर रखकर बैठे हुए देखा गया और क्रिकेट फैंस इसकी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। जीत के बाद वह ड्रेसिंग रूम में ट्रॉफी पर पैर रखकर बैठे हुए देखे गए। क्रिकेट फैंस ने इस व्यवहार को गलत बताया और कहा कि ट्रॉफी का कुछ तो सम्मान करें।

### सविता की निगाह बेस्ट गोलकीपर बनने पर

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी हैं। उन्हें फिर से एफआईएच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है। सविता को इससे पहले 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार हासिल करूंगी और मुझे फिर से नामित किया जाएगा। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गौरवशाली क्षण है।

### भारत फाइनल हारा लेकिन आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टीम में कंगारूओं को बुरी तरह पछाड़ा

# रोहित को आईसीसी टीम की कमान

### टीम इंडिया से छह खिलाड़ियों को मिली जगह, आस्ट्रेलिया के दो खिलाड़ी शामिल

एजेंसी। दुबई



**रोहित** शर्मा को विश्व कप की समाप्ति के बाद सोमवार टूर्नामेंट की आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान बनाया गया जिसमें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली सहित छह भारतीयों को एकादश में जगह मिली है। भारत भले ही फाइनल हार गया है लेकिन आईसीसी की प्लेइंग इलेवन में भारतीय टीम ने अपना दबदबा कायम किया है। चैंपियन आस्ट्रेलिया से सिर्फ दो खिलाड़ियों ने आईसीसी की टीम में जगह बनाई है। रोहित ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान आक्रामक और निडर बल्लेबाजी की जिसके लिए उनकी काफी सराहना हुई। भारतीय कप्तान 11 मैच में एक शतक और तीन अर्धशतक से 54.27 के औसत से 597 रन बनाकर कोहली के बाद टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। किसी एक विश्व कप में 700 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली ने तीन शतक और छह अर्धशतक से 765 रन बनाए। टूर्नामेंट के दौरान कोहली सेमीफाइनल में अपने 50वें शतक के साथ महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहे। आईसीसी की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में आधे से अधिक भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी दर्शाती है कि भारत ने भले ही खिताब नहीं जीता हो लेकिन मेजबान टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थी जिसने लगातार 10 मैच जीते।

विकेटकीपर बल्लेबाज और उप कप्तान लोकेश राहुल को भी टीम में जगह मिली। वह एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 75.33 के औसत से 542 रन बनाकर टूर्नामेंट में आठवें सबसे सफल बल्लेबाज रहे।

लीग चरण के शुरुआती चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद मोहम्मद शमी सिर्फ सात मैच में 10.70 के औसत से 24 विकेट चटकाकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, पुरुष क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ चार खिलाड़ियों ने विश्व कप में शमी के 55 विकेट से अधिक विकेट चटकाए हैं जो लसिथ मलिंगा (56), मिशेल स्टार्क (65), मुथैया मुरलीधरन (68) और ग्लेन मैकग्रा (71) हैं लेकिन शमी ने ए विकेट अपने से आगे मौजूद खिलाड़ियों से 10 कम मैचों में चटकाए हैं। विश्व कप में 11 मैच में 18.65 के औसत से 20 विकेट के साथ चौथे सबसे सफल गेंदबाज रहे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भी आईसीसी एकादश में जगह मिली है।

आईसीसी ने कहा, टूर्नामेंट में एक से अधिक मैच खेलने वाला कोई भी गेंदबाज बुमराह की 4.06 की इकोनॉमी रेट से बेहतर गेंदबाजी नहीं कर पाया- यह आंकड़ा इसलिए भी बेजोड़ है क्योंकि वह काफी बार उस समय गेंदबाजी करते हैं जब क्षेत्ररक्षण की सीमाएं लागू होती हैं। ऑलराउंडर के रूप में भारत के रविंद्र जडेजा और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल को टीम में जगह मिली है। आईसीसी ने कहा, भारत के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और लगातार किफायती गेंदबाजी की।

विश्व कप समाप्त होने के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को अलविदा कहने वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक को दो सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार शतक जड़े। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल को मिली है जो भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ दबदबा बनाने वाले एकमात्र गेंदबाज रहे। उन्होंने लीग चरण और फिर सेमीफाइनल दोनों मुकाबलों में भारत के खिलाफ शतक जड़ा। मिशेल दो शतक और इतने ही अर्धशतक से 10 मैच में 552 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। श्रीलंका का विश्व कप अभियान निराशाजनक रहा लेकिन उसके युवा गेंदबाज दिलशान मदुशंका नौ मैच में 21 विकेट के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। विश्व कप के 11 मैच में 23 विकेट के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जंपा को भी एकादश में जगह मिली है जबकि दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएट्जी 12वें खिलाड़ी होंगे।

#### आईसीसी की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, विराट कोहली, डेरिल मिशेल, लोकेश राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, एडम जंपा और दिलशान मदुशंका, गेराल्ड कोएट्जी (12वां खिलाड़ी:)।

## रोहित को दो साल कप्तान बनाए रखने की जरूरत

### शर्मा की जगह लेने के लिए अभी टीम में तैयार नहीं हैं कोई युवा

एजेंसी। अहमदाबाद



**विश्वकप** जीतने का सपना पूरा नहीं होने पर रविवार की रात को जब रोहित शर्मा मोटेरा स्टेडियम से बाहर निकलते हुए अपने पास से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति से हाथ मिला रहे थे तो निश्चित तौर पर वह काफी अकेलापन महसूस कर रहे होंगे।

भले ही ऐसा लग रहा होगा कि रोहित शर्मा के सारे सपने चकनाचूर हो गए लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम को अभी उनकी जरूरत है और उन्हें कम से कम दो साल तक लंबे प्रारूप का कप्तान बनाए रखा जाना चाहिए। राहुल द्रविड़ का कप्तानी कार्यकाल 2007 में जब समाप्त हुआ तो महेंद्र सिंह धोनी उनकी जगह लेने के लिए तैयार थे और जब धोनी ने कप्तानी छोड़ी तो विराट कोहली को पहले से ही तैयार कर दिया गया था। इसी तरह से रोहित भी कोहली से जिम्मेदारी लेने को तैयार थे। लेकिन वर्तमान टीम में कोई भी युवा अभी कप्तानी की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं लगता और ऐसे में चयनकर्ताओं के पास रोहित को कप्तान बनाए रखने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की बातों से अंदाजा लग जाता है कि रोहित टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

द्रविड़ ने मैच के बाद कहा, वह असाधारण कप्तान है। रोहित ने वास्तव में बहुत अच्छी तरह से इस टीम की अगुआई की है। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में अपना बहुत सारा समय और ऊर्जा साथी खिलाड़ियों को दी है। वह किसी भी चर्चा और बैठक के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। रोहित ने पिछले छह सप्ताह में अपने कप्तानी कौशल और बेफिक्र बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित किया।

रोहित अभी 36 साल के हैं और 2027 में दक्षिण अफ्रीका में जब अगला विश्वकप खेला जाएगा तो वे 40 साल होंगे। बीसीआई को हालांकि अभी उनकी जगह किसी अन्य को कप्तान बनाने की बजाय उन्हें कम से कम दो साल तक इस पद पर बनाए रखना चाहिए जो भारतीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण होगा। वनडे में रोहित यह तय कर सकते हैं कि उन्हें किस श्रृंखला में खेलना है और किसमें नहीं।

# भारत के सामने कतर की मुश्किल चुनौती

### घरेलू मैदान पर फीफा विश्वकप क्वालीफायर का अहम मुकाबला आज

एजेंसी। भुवनेश्वर

**भारतीय** फुटबॉल टीम 2026 फीफा विश्वकप क्वालीफायर के दूसरे दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां कतर के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसे ग्रुप ए में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। क्वालीफायर के पहले मैच में कुवैत को 1-0 से हराने के बाद भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। भारत घरेलू मैदान पर कतर को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद करेगा लेकिन मेहमान टीम प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम ने चार साल पहले एशियाई चैंपियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोका था और इस मुकाबले में यह टीम के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

भारत ने 2022 विश्वकप के दूसरे दौर के क्वालीफायर में 10 सितंबर, 2019 को दोहा कतर को गोलरहित ड्रा पर रोककर फुटबॉल जगत को आश्चर्यचकित कर दिया था। कतर उस समय जबरदस्त फॉर्म में था और उसने 2019 की शुरुआत में एशिया कप का खिताब जीता था।

#### पहले मैच में कुवैत को हराने के बाद भारतीय टीम के हौसले बुलंद

उस मुकाबले में करिश्माई भारतीय कप्तान सुनील छेत्री अस्वस्थ होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे लेकिन मंगलवार को कलिंगा स्टेडियम में वह अपना कौशल दिखाने के लिए उत्सुक होंगे। छेत्री की मौजूदगी के बाद भी इस बात की संभावना कम है कि भारतीय टीम कतर से ज्यादा आक्रमण करेगी। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने 2019 में कतर के खिलाफ उस मैच में टीम का नेतृत्व किया था और कलिंगा स्टेडियम में कतर को गोल करने से रोकने का दारोमदार एक बार फिर से उन पर होगा।

विश्व रैंकिंग में 61 वें स्थान पर काबिज कतर ने दोहा में 16 नवंबर को अपने शुरुआती मुकाबले में अफगानिस्तान को 8-1 के बड़े अंतर से रौंदा है। टीम की कोशिश भारत के खिलाफ इस लय को जारी रखने की होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ चार गोल दागने वाले कतर के स्टार स्ट्राइकर अल्मोइज अली को रोकना सबसे बड़ी चुनौती होगी। अनवर अली की गैरमौजूदगी में भारतीय रक्षा पंक्ति पहले ही थोड़ी कमजोर है। भारतीय कोच इगोर स्टिमक को इस अहम मुकाबले में अली के अलावा जैकसन सिंह की भी सेवाएं नहीं मिलेगी। अली मोहन बागान के एएफसी कप के मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

### विश्वकप जीतने के बाद बोले आस्ट्रेलिया कप्तान कमिंस

# कोहली को आउट करके दर्शकों को चुप करना सबसे संतोषजनक पल

एजेंसी। अहमदाबाद



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के लिए विश्व कप फाइनल में विराट कोहली को आउट करके नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को खामोश करना सबसे संतोषजनक पल रहा। कमिंस यह खिताब जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के पांचवें कप्तान बने। उन्होंने बाद में कहा कि उन्हें 50 ओवर के प्रारूप से फिर से प्यार हो गया है। कोहली जब 54 रन पर खेल रहे थे तब कमिंस ने उन्हें अतिरिक्त उछाल लेती गेंद पर आउट किया।

कमिंस से जब पूछा गया कि क्या स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को खामोश करना उनके लिए सबसे संतोषजनक पल रहा, उन्होंने कहा, हां मुझे ऐसा लगता है। हमने दर्शकों की खामोशी को स्वीकार करने के लिए एक सेकंड का समय लिया। ऐसा लग रहा था कि यह भी उन दिनों में से एक दिन है जिसमें वह शतक लगाएगा, जैसा कि वह आमतौर पर करता है और इसलिए यह संतोषजनक था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान का मानना है कि वनडे विश्व कप बने रहना चाहिए क्योंकि अपनी विरासत है और खिलाड़ियों के पास कहने के लिए अपनी कहानियां हैं।

कमिंस ने कहा, मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि मुझे इस विश्व कप में वनडे से फिर से प्यार हो गया है। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि हमने जीत दर्ज की है। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें हर मैच वास्तव में मायने रखता है। यह द्विपक्षीय श्रृंखला से थोड़ा भिन्न है। उन्होंने कहा, मेरे कहने का मतलब है कि विश्वकप का अपना समृद्ध इतिहास है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह आगे लंबे समय तक चलेगा। पिछले दो महीनों के दौरान कई शानदार मैच खेले गए और कई नई कहानी इससे जुड़ी, इसलिए मुझे लगता है कि क्रिकेट में इसके लिए जगह है।

कमिंस की मां का इस साल मार्च में निधन हो गया था जिसके कारण उन्हें भारत दौरा बीच में छोड़ना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने टीम में वापसी की और अपने देश को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया और प्रतिष्ठित एशेज जीती। अब वह विश्व चैंपियन टीम के कप्तान है जिसे उन्होंने खेल का चरम बताया। उन्होंने कहा, इस साल के अपने प्रदर्शन पर हमें वास्तव में गर्व है।

### चमत्कार होते हैं, उन पर विश्वास न करना मुश्किल



**ऑस्ट्रेलिया** को रिकॉर्ड छठा विश्व कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि शुरू में टीम में जगह नहीं मिलने के बाद भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी थी क्योंकि वह हमेशा चमत्कार पर विश्वास करते हैं।

इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप की शुरुआती 18 सदस्ईय टीम में जगह नहीं दी गई थी। एस्टन एगर के चोटिल होने के कारण उन्हें आखिरी समय में टीम में शामिल किया गया। फाइनल में नाबाद 58 रन बनाने वाले लाबुशेन ने कहा, मेरे लिए चमत्कारों पर विश्वास नहीं करना कठिन है और कोई ऐसी शक्ति है जो आपके लिए मार्ग प्रशस्त करती है। लाबुशेन में विश्वकप में 10 पारियों में 40.22 की औसत से 362 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। फाइनल में उन्होंने एक छोर संभाले रखा तथा ट्रेविस हेड के साथ 192 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिलाई।

# जोकोविच ने सातवीं बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### एक घंटा 43 मिनट तक चले मुकाबले में इटली के यानिक सिनर किया पराजित

एजेंसी। तूरिन (इटली)

**नोवाक** जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की। इस तरह से साल की शुरुआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया। उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था।

जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज़ से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा। इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा। एटीपी फाइनल्स में इससे पहले सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जोकोविच और रोजर फेडरर के नाम दर्ज था।

